


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 64 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) ज्येष्ठ शु.5 2082 शनिवार, 31 मई-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## देश में कोरोना के 1910 एक्टिव केस, 15 मौतें

नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसेज की संख्या शुक्रवार को 1910 पहुंच गई। गुजराज के अहमदाबाद में एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। इसके अलावा 8 महीने की एक बच्ची गुरुवार से ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। वहीं, देश में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 15 हो गई है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। राज्य सरकार कोरोना वायरस के लिए इन्फ्लूएंजा और सांस से जुड़ी बीमारियों पर सर्वे करा रही है।

# वादा पूरा करके बिहार आया हूं : पीएम

### पहलगाम के आतंकियों को कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी, सेना ने उनके ठिकाने खंडहर बना दिए



पटना/सासाराम, 30 मई (एजेंसियां)। पीएम मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सासाराम के दुर्गाडीह में जनसभा की। करीब 33 मिनट के भाषण में उन्होंने आतंक को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के 1 दिन बाद मैं बिहार आया था। मैंने बिहार की धरती से जो वचन दिया था वो पूरा किया।

मैंने कहा था माताओं का सुहाग उजाड़ने वालों को कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। ऐसी ही सजा उन्हें दी गई। हमारी सेना ने आतंकियों के ठिकानों को खंडहर में बदल दिया। भारत की बेटियों के सिंदूर की शक्ति को पाकिस्तान और दुनिया ने भी देखा। दुश्मन जान ले कि 'आपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है। आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई न रुकी है और न थमी है। आतंक का फन फिर उठेगा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। चाहे सीमा पार हो या फिर सीमा के अंदर हो।

**बिहार की धरती किए वादे पर :**

पहलगाम में आतंकी हमले में हमारे कितने निर्दोष नागरिक मारे गए। इस आतंकी हमले के एक दिन बाद मैं बिहार आया था और मैंने बिहार की धरती से देश से वादा किया था, वचन दिया था। आतंकियों को कड़ी सजा मिलेगी। वह वचन पूरा किया। उनके ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया है।

**ऑपरेशन सिंदूर पर :**

'ऑपरेशन सिंदूर' में दुनिया ने हमारी बीएसएफ का अभूतपूर्व और अदम्य साहस देखा। मां भारती की रक्षा हमारे बीएसएफ के जवानों के लिए सर्वोपरि है। मातृभूमि का कर्तव्य निभाते हुए 7 मई को बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर इम्तियाज शहीद हो गए। बिहार के शहीद बेटे को मैं श्रद्धांजलि देता हूं।

**माओवादी हिंसा पर :**

2014 से पहले देश के 125 जिले नक्सल प्रभावित थे, अब सिर्फ 18 जिले नक्सल प्रभावित बचे हैं। अब सरकार सड़क-रोजगार दे रही है। वो दिन दूर नहीं जब माओवादी हिंसा का पूरी तरह से खात्मा हो जाएगा। पहले सरकारी योजना नागरिकों तक पहुंचती ही नहीं थी।

नक्सल प्रभावित गांव में न अस्पताल होता था, न मोबाइल टावर। नीतीश जी ने इन परिस्थितियों में काम किया। हमने माओवादियों के खिलाफ काम किया। हम युवाओं को मुख्य धारा में लाने का भी काम किया। आज बिहार में वर्ल्ड क्लास ट्रेनें चल रही हैं। हम रेलवे का आधुनिकीकरण भी कर रहे हैं। ये काम पहले भी हो सकते थे, लेकिन जिन पर ये जिम्मेदारी थी। उन्होंने नौकरी के नाम पर गरीबों की जमीन लूटने का काम किया।

सामाजिक न्याय के उनके यही तरीके थे। गरीबों को लूटना और खुद राजशाही की मौज करना। जंगलराज वालों के तौर-तरीके से आप लोगों को आगे भी सावधान रहने की जरूरत है। जिन लोगों ने बिहार को सबसे ज्यादा ठगा, जिनके दौर में वंचित लोगों को बिहार छोड़कर जाना पड़ा, आज वही लोग सामाजिक न्याय का झूठ बोल रहे हैं। दशकों तक आदिवासी, गरीबों के पास शौचालय नहीं था। करोड़ों लोगों के सिर पर छत तक नहीं थी। क्या कांग्रेस-आरजेडी का यही सामाजिक न्याय था। जबकि इससे ज्यादा अन्याय नहीं हो सकता है।

## कानपुर में मोदी बोले-दुश्मन कहीं भी हो, खत्म कर देंगे

### > पाकिस्तानी सेना गिड़गिड़ा रही थी, बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा

कानपुर, 30 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर में जनसभा की। 45 मिनट के भाषण में उन्होंने आतंक को लेकर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। कहा, बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा।

अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। आतंकियों के ठिकानों को सैकड़ों मील अंदर जाकर तबाह किए। इससे पहले, मोदी ने कानपुर एयरपोर्ट पर शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। मोदी ने शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या, मां सीमा और पिता संजय द्विवेदी से मुलाकात की। शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी ने बताया कि पीएम परिवार से मिलकर भावुक हो गए। ऐशन्या और शुभम के पिता की आंखों से आंसू निकल आए तो पीएम ने ढांढस बंधाया। शुभम की मौत पहलगाम आतंकी हमले में हुई थी। पत्नी ऐशन्या के सामने उन्हें गोली मारी गई थी। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

**दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा**

ऑपरेशन सिंदूर पर : पहलगाम के कायराना हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी बर्बरता का शिकार हुए। बेटी ऐशन्या की वो पीड़ा, वो कष्ट और भीतर का आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। स्वतंत्रता संग्राम की इस धरती से मैं सेना के इस शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। मैं फिर कहना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वो किसी धोखे में न रहे।

## सीएम नीतीश मोदी का नाम भूले : 30 सेकेंड में 10 बार हाथ जोड़े

### सबसे खड़े होकर प्रणाम करवाया

पटना/सासाराम, 30 मई (एजेंसियां)। पीएम मोदी का शुक्रवार को बिहार दौरे का दूसरा दिन था। पीएम ने सासाराम में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। भाषण के दौरान नीतीश ने पीएम मोदी की जगह अटल बिहार वाजपेयी का नाम ले दिया। फिर गलती मानी।

मंच पर पीएम के बगल में बैठकर नीतीश ने 30 सेकेंड में 10 बार मोदी के हाथ भी जोड़े। इसके बाद उन्होंने सभा में मौजूद लोगों को खड़े होकर मोदी को प्रणाम करने को कहा।



## सीबीआई ने ईडी के उप-निदेशक को किया गिरफ्तार

भुवनेश्वर, 30 मई (एजेंसियां)। सीबीआई ने ओडिशा में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक उप निदेशक को गिरफ्तार किया है। अधिकारी पर भुवनेश्वर के एक व्यवसायी से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है। अफसरों ने बताया कि ईडी के उपनिदेशक चिंतन रघुवंशी ने ढेंकनाल में पत्थर खनन का कारोबार करने वाले व्यवसायी रतिकांत राउत से उनके खिलाफ दर्ज ईडी के एक मामले में राहत दिलाने के लिए कथित तौर पर पांच करोड़ रुपये की मांग की थी।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई को सूचना मिली थी कि रघुवंशी व्यापारी राउत से रिश्वत की पहली किस्त लेने जा रहा है। इसके बाद एजेंसी ने जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई की ओर से दर्ज की गई एफआईआर के मुताबिक राउत ने एजेंसी से शिकायत की थी कि इस साल मार्च में उसे भुवनेश्वर स्थित ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। रघुवंशी ने उसे अपने चैंबर में बुलाया और मामले में राहत पाने के लिए भगती नामक व्यक्ति से मिलने को कहा। तब से भगती उनके संपर्क में थे और फेसटाइम पर उन पर दबाव बना रहे थे कि वे रघुवंशी को मामला निपटाने के लिए पैसे दें। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि 27 मई को भगती ने कथित तौर पर राउत से मुलाकात की और कहा कि रघुवंशी ने उनके अस्पताल को जब्त न करने, उन्हें गिरफ्तार न करने और उनके मामले को निपटाने के लिए 5 करोड़ रुपये की मांग की थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर अजय शुक्ला पर की अवमानना की कार्रवाई

### * आपत्तिजनक वीडियो हटाने का दिया आदेश



नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ के यूट्यूबर और पत्रकार अजय शुक्ला के खिलाफ अदालत की अवमानना का स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की है। मामले में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने इस वीडियो को तुरंत हटाने का आदेश दिया है और चैनल को ऐसा कोई और वीडियो फिर से न डालने की सख्त हिदायत दी है। बता दें कि अजय शुक्ला ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो डाला था जिसमें सुप्रीम कोर्ट के कुछ वरिष्ठ न्यायाधीशों के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियां की गई थीं। सुनवाई के दौरान मामले में कोर्ट ने कहा कि संविधान बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी देता है, लेकिन यह आजादी सीमित होती है और इसका इस्तेमाल न्यायपालिका की मानहानि करने के लिए नहीं किया जा सकता। इस तरह की टिप्पणियां अदालत की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं और न्यायपालिका की साख को नुकसान पहुंचाती हैं। कोर्ट ने शुक्ला के यूट्यूब चैनल को भी मामले में पक्षकार बनाया है।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश-नीट पीजी एग्जाम एक शिफ्ट में हो

### समय चाहिए तो आवेदन कर सकते हैं, 15 जून को होनी है परीक्षा




नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। नीट पीजी परीक्षा एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह आदेश दिया। छात्रों ने 2 शिफ्ट में परीक्षा के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि 2 शिफ्ट में एग्जाम से क्वेश्चन पेपर के डिफिकल्टी लेवल में फर्क होता है, जो फेयर इवैल्युएशन नहीं है। परीक्षा में हासिल किए गए नंबर्स में भी फर्क आ जाता है। नीटी पीजी एग्जाम 15 जून को होना है जिसके लिए एडमिट कार्ड 2 जून को जारी होंगे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मामले की जल्द सुनवाई की है।

**सुप्रीम कोर्ट-नॉर्मलाइजेशन एक्सेप्शनल केसेज के लिए :**

बेंच ने कहा- ये तर्क माना नहीं जा सकता कि एग्जाम कराने के लिए एनबीई (नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन) को पर्याप्त सेंटर नहीं मिले। 2 शिफ्ट में एग्जाम कराना फेयर नहीं है।

दो पेपर्स का डिफिकल्टी लेवल कभी एक जैसा नहीं हो सकता। नॉर्मलाइजेशन का इस्तेमाल एक्सेप्शनल केसेज में होना चाहिए, न कि रूटीन परीक्षाओं में। इस साल का एग्जाम 15 जून को होना है। अभी भी एग्जामिनेशन बॉडी तय करने और सेंटर्स चुनने के लिए 2 सप्ताह से ज्यादा का समय बाकी है। इसके बावजूद अगर और समय की जरूरत होती है तो आवेदन कर सकते हैं।

## 'किसी ने पाकिस्तान को आतंकवादी देश नहीं कहा, यह विफल विदेश नीति का नतीजा'

नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद कांग्रेस पार्टी विदेश नीति को लेकर लगातार मोदी सरकार पर हमलावर है। हाल ही में केंद्र सरकार से कई सवाल पूछने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक बार फिर मोदी सरकार की विदेश नीति पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा कि इसका परिणाम ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद देखने को मिला।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश ने पाकिस्तान को आतंकवादी देश नहीं कहा। यह आपकी विफल विदेश नीति का नतीजा है। फिर आपने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और किसी देश ने आपके पक्ष में बयान नहीं दिया। अब ऑपरेशन सिंदूर के बाद कुवैत ने पाकिस्तान पर लगे वीजा प्रतिबंध हटा दिए हैं।

केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए खेड़ा ने कहा कि ईरान, यूएई और खाड़ी देश पाकिस्तान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। इतना ही नहीं, सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कल रूस ने पाकिस्तान के साथ अपने बहुत पुराने स्टील मिल को फिर से शुरू करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत पाकिस्तान को रूस से 2.6 बिलियन डॉलर मिलेंगे। यह भी आपकी विफल विदेश नीति का नतीजा है। इस दौरान पवन खेड़ा ने भाजपा नेता संबित पात्रा के बयानों को खारिज करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का बचाव किया। साथ ही कहा कि विपक्ष को सरकार पर सवाल उठाने का अधिकार है। तेलंगाना सीएम का बचाव करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि रेवंत रेड्डी ने जो सवाल पूछे हैं, वही सवाल उनके भाजपा नेता पूछ रहे हैं। उनके वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने भी वही सवाल पूछे हैं। खेड़ा ने कहा कि यह करदाताओं का पैसा है जिसका इस्तेमाल प्रधानमंत्री दुनिया भर में यात्रा करने के लिए करते हैं।

## भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है : राजनाथ सिंह



पणजी, 30 मई (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। यहां उन्होंने नौसैनिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने नौसैनिकों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि आज आईएनएस विक्रांत पर अपने नौसैन्य योद्धाओं के बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव आईएनएस विक्रांत पर खड़ा हूं, तो मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता।

वैसे भी 'विक्रांत' का अर्थ ही होता है- अदम्य साहस, और अपराजेय शक्ति। आज आप सभी जांबाजों के बीच खड़े होकर मैं इस नाम के अर्थ को साकार होता देख रहा हूं। आपकी आंखों में जो दृढ़ता है, उसमें भारत की असली शक्ति झलकती है।

राजनाथ ने कहा, आज मैं यहां केवल रक्षा मंत्री के नाते नहीं आया हूं, बल्कि मैं यहां एक कृतज्ञ भारतीय के रूप में आया हूं। मैं आपके समर्पण को नमन करने, आपके शौर्य को सराहने और आपके परिश्रम को सलाम करने आया हूं। मैं आप सभी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देता हूं।

पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद, जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, तो हमारे सशस्त्र बलों ने जिस गति, गहराई और स्पष्टता के साथ कार्रवाई की, वह अद्भुत था। उसने न केवल आतंकवादियों को, बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया, कि भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है। उन्होंने कहा कि महज कुछ ही समय में हमने पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया।

## ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के शिवलिंग को लेकर छिड़ा नया विवाद

### श्रीश्री रविशंकर बोले-मेरे पास हैं शिवलिंग के अंश, शंकराचार्यों, संतों, महंतों ने किया विरोध


सोमनाथ, 30 मई (एजेंसियां)। प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के शिवलिंग को लेकर नया विवाद छिड़ गया है। शंकराचार्यों, संतों, महंतों और शिव उपासकों ने श्रीश्री रविशंकर की सोमनाथ मंदिर में शिवलिंग को पुनः स्थापित करने की घोषणा का विरोध किया है।

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना है कि श्रीश्री रविशंकर ने अब तक इस बारे में बात क्यों नहीं की? द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा- ज्योतिर्लिंग स्वयंभू है और इसे दोबारा प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता नहीं है। वहीं, हरिगिरि महाराज ने कहा- ज्वाला को कभी खंडित नहीं किया जा सकता, इसलिए इसे पुनः स्थापित करने का प्रश्न ही नहीं उठता। शिव उपासक निजानंद स्वामी ने कहा कि 1000 साल पुराने सोमनाथ शिवलिंग के टुकड़े किसी के पास होना संभव नहीं है। सोमनाथ ट्रस्ट के ट्रस्टी पीके लाहिड़ी ने कहा कि इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि ये टुकड़े मूल शिवलिंग के हैं या नहीं।

कुछ दिन पहले आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर ने यह दावा कर सबका ध्यान खींचा था कि उनके पास सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के 4 हिस्से हैं। इस शिवलिंग को 1,000 साल पहले महमूद गजनवी ने तोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि शिवलिंग के ये टुकड़े हाल ही में संपन्न हुए महाकुंभ से पहले ही प्राप्त हुए हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि चार में से दो हिस्सों को सोमनाथ मंदिर में पुनः स्थापित किया जाएगा। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा- नरेंद्र मोदी सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। अमित शाह और लालकृष्ण आडवाणी भी ट्रस्ट से जुड़े हैं। रविशंकर उन सभी से मिलते रहते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 हुई

## तीन जजों ने ली शपथ, अब कोई भी पद रिक्त नहीं



नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को जस्टिस एनवी अंजारिया, जस्टिस विजय बिश्नोई और जस्टिस एएस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर शपथ दिलाई। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित एक समारोह में जजों को शपथ दिलाई। जजों के शपथ ग्रहण के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई समेत जजों की संख्या 34 हो गई।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अंजारिया, गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बिश्नोई और बॉम्बे हाईकोर्ट के जज जस्टिस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने की सिफारिश की थी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 10 तारीख को उनकी नियुक्ति की घोषणा कर दी थी। पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस अभय एस. ओका और हृषिकेश रॉय के सेवानिवृत्त होने के बाद शीर्ष अदालत में जजों के तीन मौजूदा रिक्त पदों के लिए उनके नामों की सिफारिश की गई थी।

**जस्टिस एनवी अंजारिया :**

न्यायमूर्ति अंजारिया ने 25 फरवरी, 2024 को कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। इससे पहले उन्हें 21 नवंबर, 2011 को गुजरात हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। 6 सितंबर, 2013 को स्थायी न्यायाधीश के रूप में उनके नाम पर मुहर लगी थी। 23 मार्च, 1965 को अहमदाबाद में जन्मे न्यायमूर्ति अंजारिया ने 1989 में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ, अहमदाबाद से कानून में मास्टर डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अगस्त 1988 से गुजरात हाईकोर्ट में वकालत शुरू की। उन्होंने संवैधानिक मुद्दों और सभी श्रेणियों के दीवानी मामलों, श्रम और सेवा से जुड़े मामलों का संचालन किया।

**जस्टिस विजय बिश्नोई :**

न्यायमूर्ति बिश्नोई ने 5 फरवरी, 2024 को गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। उन्हें 8 जनवरी, 2013 को राजस्थान हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया। 7 जनवरी, 2015 को उन्होंने हाईकोर्ट के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। 26 मार्च, 1964 को जोधपुर में जन्मे न्यायमूर्ति बिश्नोई 8 जुलाई, 1989 को अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत हुए। उन्होंने राजस्थान हाईकोर्ट और जोधपुर में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में वकालत की।

**जस्टिस एएस चंदुरकर :**

7 अप्रैल, 1965 को जन्मे न्यायमूर्ति चंदुरकर कानून की डिग्री प्राप्त करने के बाद 21 जुलाई, 1988 को बार में शामिल हुए। न्यायमूर्ति चंदुरकर 1992 में नागपुर चले गए और विभिन्न न्यायालयों में वकालत की। उन्हें 21 जून, 2013 को बॉम्बे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया।

## 'कृषि में तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाएं'

### > केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का किसानों को संदेश



नागपुर, 30 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कृषि तकनीकों के विकास पर जोर दिया।

इसके लिए उन्होंने किसानों से आपस में सहयोग कर कृषि तकनीकों का विकास करने और उत्पादन बढ़ाने की अपील की। नितिन गडकरी ने कहा कि नई तकनीकों को अपनाकर खेती की लागत घटाई जा सकती है और गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है।

बता दें कि गडकरी नागपुर में आयोजित बायोचार उत्पादन प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यशाला में किसानों को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम एग्रोविजन फाउंडेशन की तरफ से आयोजित किया गया था, गडकरी जिसके मुख्य संरक्षक हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गांवों और क्षेत्रों में जो किसान उन्नत तरीके से खेती कर रहे हैं, उन्हें आगे बढ़कर अन्य किसानों का मार्गदर्शन करना चाहिए और खेती के नए तरीके सिखाने चाहिए जिससे उत्पादन बढ़ाया जा सके। साथ ही उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाने से जमीन की गुणवत्ता बेहतर होती है, वैसे ही नई तकनीकें अपनाकर किसान कम लागत में ज्यादा गुणवत्ता वाला उत्पादन कर सकते हैं। नितिन गडकरी ने आगे कहा कि किसानों की मदद के लिए कृषि उपकरण बैंक बनाए जाने चाहिए ताकि छोटे और मध्यम किसानों को मशीनों की सुविधा सुलभ हो सके।

## मुंबई में छात्रा से कैब के अंदर हुई छेड़छाड़ 29 साल का आरोपी ड्राइवर गिरफ्तार

मुंबई, 30 मई (एजेंसियां)। वाकोला इलाके में एक 22 साल की छात्रा के साथ कैब में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने 29 साल के कैब ड्राइवर अनीश आशिक अली शेख को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह घटना उस समय घटी जब छात्रा प्रभात कॉलोनी से गोलीबार नाका की ओर कैब में सफर कर रही थी। यात्रा के दौरान आरोपी ने उसे अनुचित तरीके से छुआ, जिससे वह डर गई। मानसिक रूप से परेशान छात्रा ने घटना के कुछ दिनों बाद अपने परिवार को इस बारे में बताया। इसके बाद परिजन पीड़िता को लेकर वकोला पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की।

# अंकिता हत्याकांड में 32 महीने बाद तीनों आरोपी दोषी करार

## कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा




कोटद्वार, 30 मई (एजेंसियां)। बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे कोर्ट) ने आज फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। इन पर 302, 201, 354, धाराओं में दोष सिद्ध हुआ है। वहीं, कोर्ट ने तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50-50 हजार रुपये का अर्थ दंड और अंकिता के परिजनों को चार लाख रुपये देने का फैसला भी कोर्ट ने सुनाया। उधर, न्यायालय का फैसला आने से ऐन पहले भीड़ ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई बैरिकेडिंग को तोड़कर न्यायालय की ओर बढ़ने की भीड़ की कोशिश की। पुलिस पूरी ताकत से लोगों को अंदर जाने से रोकने का प्रयास कर रही है। अदालत के फैसले पर पूरे उत्तराखंड और देश के लोगों की निगाहें टिकी थीं। कोटद्वार में इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए है। गढ़वाल मंडल के विभिन्न जनपदों से पुलिस फोर्स कोटद्वार बुलाई गई है। अदालत परिसर के बाहर की सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाई गई है। बीती 19 मई को अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक अवनीश नेगी की ओर से बचाव पक्ष की बहस का जवाब देकर सुनवाई का सिलसिला समाप्त किया गया था। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस व दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 30 मई की तिथि निर्धारित की थी। कोटद्वार स्थित एडीजे कोर्ट में 30 जनवरी, 2023 को मामले की पहली सुनवाई शुरू हुई थी।

एसआईटी जांच के बाद अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में 500 पेज का आरोपपत्र दाखिल किया गया। तीनों हत्यारोपियों वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता पर आरोप तय होने के बाद 28 मार्च, 2023 से अभियोजन पक्ष की गवाही शुरू हुई। करीब दो साल और आठ महीने तक चली सुनवाई में अभियोजन पक्ष की ओर से विवेचक समेत 47 गवाह अदालत में परीक्षित कराए गए। हालांकि एसआईटी ने इस मामले में 97 गवाह बनाए थे, जिनमें से 47 अहम गवाहों को ही अदालत में पेश कराया गया।

**अदालत परिसर के चारों ओर व्यापक सुरक्षा प्रबंध**

कोतवाल रमेश तनवार ने बताया कि अदालत परिसर में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करने के लिए पौड़ी जिले के साथ ही देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, उत्तरकाशी जनपदों से बड़ी संख्या में पुलिस बल, अधिकारी और डेढ़ कंपनी पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। अदालत परिसर में किसी भी बाहरी व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं है। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा प्रबंधों को लेकर कई दौर की बैठक और मॉक ड्रिल की जाती रही। लत परिसर छावनी में तब्दील हो जाएगा। वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी खुद सुरक्षा व्यवस्था पर निगाह बनाए रखेंगे।

**कोर्ट परिसर के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू, चार मजिस्ट्रेट तैनात**

अदालत के फैसले को देखते हुए एसडीएम कोटद्वार सोहन सिंह सैनी ने अदालत परिसर के 200 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू कर दी है। जिला प्रशासन ने कोटद्वार में चार और पौड़ी में एक मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी है। कोई भी व्यक्ति समूह में अदालत के 200 मीटर के दायरे में प्रवेश नहीं कर सकेगा। इसके साथ ही नारेबाजी, धरना प्रदर्शन भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## संजय राउत ने पीएम मोदी पर बोला हमला

## कहा-ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण कर रहे हैं प्रधानमंत्री




मुंबई, 30 मई (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। राउत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण कर रहे हैं। वे हर राज्य में जाकर ऑपरेशन सिंदूर की राजनीति कर रहे हैं। जबकि यह ऑपरेशन हमारे जवानों ने किया। लेकिन इसका श्रेय लेने की होड़ है। प्रधानमंत्री इसमें सबसे आगे रहते हैं। कोई भी जाकर किसी को सिंदूर की पवित्र व्यवस्था नहीं दे सकता। अगर आप भाजपा कार्यकर्ताओं को महिलाओं के पास भेजते हैं तो आप सिंदूर का अपमान कर रहे हैं। संजय राउत ने आरोप लगाया कि पहलगाम के छह आतंकी अभी भी फरार हैं। उनको नहीं पकड़ा जा रहा है। हो सकता है कि एक दिन आपको भाजपा कार्यालय से एक प्रेस नोट मिल जाए कि वे छह लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने एलान किया कि विपक्ष एक बार फिर आगे आ रहा है और हम राहुल गांधी के नेतृत्व में एक विशेष सत्र के लिए सभी के हस्ताक्षर वाला एक पत्र दे रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि 22 अप्रैल की रात से ही कांग्रेस पहलगाम आतंकी हमले और उसके परिणामों पर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग कर रही है। ऐसा अभी तक नहीं हुआ है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि इसके बाद 10 मई को लोकसभा में विपक्ष के नेता और राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने और एक प्रस्ताव के माध्यम से राष्ट्र के सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने उस सुझाव को भी स्वीकार नहीं किया।

## बकरीद पर बैन जानवरों की कुर्बानी न करें मुसलमान से मौलाना अरशद मदनी ने की अपील

नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। ईद-उल-अजहा के मौके पर भारत के मुसलमानों के नाम अपने एक संदेश में जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा है कि इस्लाम में कुर्बानी का कोई विकल्प नहीं है, यह एक धार्मिक कर्तव्य है जिसकी अदायगी हर सक्षम मुसलमान पर वाजिब है। इसलिए जिस व्यक्ति पर कुर्बानी वाजिब है, उसे हर हाल में यह फर्ज अदा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात के मद्देनजर यह जरूरी है कि मुसलमान एहतियात का रवैया अपनाएं। प्रचार-प्रसार और खासतौर पर सोशल मीडिया पर कुर्बानी के जानवरों की तस्वीरें साझा करने से बचें। मौलाना मदनी ने यह भी सलाह दी कि मुसलमान कुर्बानी करते समय सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पूरी तरह पालन करें। प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी से बचें और चूंकि धर्म में इसके बदले काले जानवर की कुर्बानी भी जायज है, इसलिए किसी भी फसाद से बचने के लिए उसी पर इक्तिफाक (संतोष) करना बेहतर होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी जगह शरारती तत्व काले जानवर की कुर्बानी से भी रोकते हैं, तो समझदार और प्रभावशाली लोगों के माध्यम से स्थानीय प्रशासन को विश्वास में लेकर कुर्बानी की जाए।

अगर फिर भी खुदा न ख्वास्ता इस धार्मिक फर्ज की अदायगी का कोई रास्ता न निकले तो पास के किसी ऐसे इलाके में कुर्बानी कर दी जाए जहां कोई परेशानी न हो। हालांकि, जहां पर कुर्बानी होती आई है और इस समय परेशानी है, वहां कम से कम बकरे की कुर्बानी जरूर की जाए और उसकी सूचना प्रशासनिक दफ्तर में दर्ज करा दी जाए ताकि भविष्य में कोई समस्या न हो।

# 370 पर सलमान खुर्शीद ने की मोदी सरकार की तारीफ

# बोले-कश्मीर में खत्म हुई बड़ी समस्या



नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। आतंकवाद पर भारत की नीति को साफ करने और पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए सरकार ने दुनियाभर के 33 देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल को भेजा है। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद भी शामिल हैं। वे इस समय इंडोनेशिया में हैं। यहां उन्होंने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को लेकर बड़ा बयान दिया है और मोदी सरकार के फैसले की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि कश्मीर से बड़ी समस्या का अंत हो गया है। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के हटाए जानें की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस कदम से क्षेत्र में समृद्धि और लोकतांत्रिक प्रगति हुई है। 2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने से जम्मू-कश्मीर को भारत के बाकी हिस्सों से अलग करने की धारणा समाप्त हो गई है। उन्होंने केंद्रशासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में 65 फीसदी मतदाताओं की भागीदारी का भी जिक्र किया। इस क्षेत्र में उभरी समृद्धि की ओर इशारा करते हुए इन घटनाक्रमों को पलटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ पुरजोर तरीके से आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर में एक निर्वाचित सरकार है। लोगों के लिए जो कुछ भी हुआ है, कश्मीर में जो समृद्धि आई है, उसे पूर्ववत करना उचित नहीं होगा।

**कश्मीर पर क्या बोले खुर्शीद ?**

सलमान खुर्शीद ने कहा कि कश्मीर में लंबे समय से एक बड़ी समस्या थी। इसका एक बड़ा हिस्सा संविधान के अनुच्छेद 370 में सरकार की सोच में दिखाई देता था, जिससे किसी तरह यह आभास होता था कि यह देश के बाकी हिस्सों से अलग है, लेकिन अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया और इसे अंततः समाप्त कर दिया गया।

**5 देशों के दौरे पर है प्रतिनिधिमंडल**

पूर्व विदेश मंत्री जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ हैं। प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा कर रहा है, ताकि विदेशी नीति निर्माताओं से बातचीत की जा सके और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर सहित भारत की क्षेत्रीय सुरक्षा पहलों के बारे में जानकारी दी जा सके।

## गार्ड की हत्या कर आठ लाख लूटे, बंदूक छीनकर भागे-छह दोषियों को आजीवन कारावास

ग्वालियर, 30 मई (एजेंसियां)। ग्वालियर जिले में वर्ष 2019 में अलग-अलग संस्थानों से कैश लेकर जा रही एक निजी कंपनी की वैन को लूटने और गार्ड की हत्या करने के मामले में विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाया है। न्यायालय ने मामले में 6 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल, फरियादी रितेश पचौरी ने कंपू पुलिस को बताया था कि वह गार्ड रमेश सिंह तोमर और वाहन चालक रंजीत के साथ वैन में सवार होकर निकला था। उसकी कंपनी अलग-अलग संस्थानों से कैश लेकर उन्हें निर्धारित स्थानों पर पहुंचाती है। घटना वाले दिन 6 जुलाई 2019 को वे सबसे पहले बीजी ब्रिज कंपनी पहुंचे, जहां से 74,474 रुपए लिए। इसके बाद प्रेम मोटर्स पहुंचे और 6.19 लाख रुपए लिए। फिर ऑफिस पहुंचे, जहां से 1,35,995 रुपए प्राप्त किए। जैसे ही वे सूमो गाड़ी में बैठे, तभी काले रंग की बाइक से तीन लोग आए और गाड़ी के आगे बाइक लगाकर एक ने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

# कांग्रेस के 6 साल में 6 सर्जिकल स्ट्राइक सुप्रिया श्रीनेत बोलीं-हमने प्रचार नहीं किया



नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। बिहार चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, सियासी सरगर्मी भी तेज होने लगी है। विपक्षी पार्टियां अनेक मुद्दे को उठाकर एक दूसरे पर तीखे प्रहार कर रही हैं । इसी बीच कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रधानमंत्री मोदी की बिहार यात्रा को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस काम करती है, प्रचार नहीं। उन्होंने बताया कि 2008 से 2014 के बीच यूपीए सरकार के कार्यकाल में भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर 6 सर्जिकल स्ट्राइक की थी। लेकिन कांग्रेस ने कभी इसको लेकर वोट नही मांगे, जैसा बीजेपी कर रही है। दरअसल, शशि थरूर ने पनामा में एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि 2016 से पहले भारत ने कभी भी एलओसी पार करके सर्जिकल स्ट्राइक नहीं की। थरूर के इस बयान से कांग्रेस नेताओं के बीच खलबली मच गई। इस बयान पर पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने थरूर की बात को गलत बताते हुए कहा कि यूपीए सरकार के दौरान भारतीय सेना ने कई सर्जिकल स्ट्राइक की गई थी। सुप्रिया श्रीनेत ने थरूर की बात का जवाब देते हुए कहा कि शशि थरूर पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यूपीए सरकार के समय भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 6 स्ट्राइक की थी। सुप्रिया ने भाजपा पर निशाने साधते हुए कहा, 'कांग्रेस ने काम किया- प्रचार नहीं किया, घर में घुस कर मारा-उसके नाम पर वोट नहीं मांगे। यही फर्क है कांग्रेस और बीजेपी में। कांग्रेस वोट के लिए काम नहीं करती जबकि बीजेपी जो भी करती है सब वोट के लिए करती है।' बीजेपी ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि 26/11 मुंबई हमले के समय भारत में यूपीए की सरकार थी, तब तो पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। बीजेपी ने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार ने मुंबई हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ कोई भी एक्शन लेने ले मना कर दिया था, जबकि हमारी सेना तैयार थी। बीजेपी ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस पर निशाने साधते हुए लिखा कि डरपोक कांग्रेस को झूठ बोलना बंद करना चाहिए।

## बदरीनाथ-केदारनाथ धाम पहुंचे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद



चमोली/रुद्रप्रयाग, 30 मई (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपने परिवार के साथ बदरीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचे। बदरीनाथ मंदिर में पहुंचने पर प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया एवं भगवान बदरीविशाल का अंगवस्त्र प्रसाद भेंट स्वरूप प्रदान किया। मुख्यमंत्री सोरेन ने परिवार सहित वेदपाठ के साथ विशेष पूजा-अर्चना में भाग लिया। इस अवसर पर धर्माधिकारीराधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, एवं मंदिर के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के उपरांत उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की और देवभूमि में आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव साझा किया। इसके बाद वह केदारनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने दर्शन कर बाबा का आशीर्वाद लिया।

## ओडिशा के पहले बीजेपी विधायक प्रसन्ना पटनायक का निधन, सीएम ने जताया शोक



भुवनेश्वर, 30 मई (एजेंसियां)। ओडिशा के पहले बीजेपी विधायक प्रसन्ना पटनायक का शुक्रवार को यहां एक प्राइवेट हॉस्पिटल में निधन हो गया। 76 साल के विधायक प्रसन्ना के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। सीएम मोहन चरण माझी, बीजेपी ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल, कई मंत्रियों और विधायकों ने राज्य से पार्टी के पहले विधायक के निधन पर शोक जाहिर किया है। सीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि ओडिशा की राजनीति के एक मेहनती नेता और राज्य से बीजेपी के पहले विधायक प्रसन्ना पटनायक के निधन पर मुझे गहरा दुख है। शिक्षा, समाज सेवा और राजनीति के क्षेत्र में उनके योगदान और हमारी पार्टी के संगठन को मजबूत करने में उनके अपार योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। सीएम ने कहा कि उनका निधन राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दिवंगत आत्मा के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। भगवान जगन्नाथ उनकी अमर आत्मा को शांति प्रदान करें। पटनायक 1977, 1985 और 1990 में तीन बार ढेंकनाल जिले के कामाक्ष्यनगर क्षेत्र से ओडिशा विधानसभा के लिए चुने गए थे। वे पहली बार 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर चुने गए थे। उन्होंने कहा कि पटनायक ने बीजेपी में शामिल होकर इतिहास रच दिया और 1985 में ओडिशा में विधानसभा सीट जीतने वाले भगवा पार्टी के पहले शख्स बन गए। बाद में उन्होंने बीजेपी छोड़ दिया। 1990 में बीजू पटनायक के नेतृत्व वाले जनता दल में शामिल हो गए

## आबकारी विभाग ने जब्त की 80 हजार लीटर ईएनए, आठ गिरफ्तार

चंडीगढ़, 30 मई (एजेंसियां)। पंजाब के आबकारी विभाग ने 80 हजार लीटर की नाजायज चोरी की जा रही एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) जब्त की गई है। दो ट्रक में भर कर इसे दूसरे राज्य में ले जाया जा रहा था। पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कर मंत्री, एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि ट्रक गुजरात नंबर के थे। फिलहाल वह जांच कर रहे हैं कि इस ईएनए को कहां लेकर ले जाया रहा था। साथ ही डिस्टिलरीज की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि गुरदासपुर दीनानगर में डिस्टिलरीज प्लांट से यह ट्रक भरे गए थे। दो गाड़ियां भी जब्त करने के साथ आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें चार व्यक्ति बठिंडा, दो व्यक्ति उत्तर प्रदेश और दो व्यक्ति नेपाल के हैं। कुल आठ से दस घंटे चले आप्रेशन में ये गिरफ्तारी की गई है।

# कन्नड़ भाषा विवाद पर बोले कमल हासन 'अगर मैं गलत नहीं हूं तो माफी नहीं मांगूंगा'



तिरुवनंतपुरम, 30 मई (एजेंसियां)। अभिनेता से नेता बने कमल हासन ने कन्नड़ भाषा को लेकर की गई टिप्पणी पर शुक्रवार को कहा कि अगर वह गलत नहीं हैं तो माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने खुलासा किया कि उनकी टिप्पणी को लेकर उन्हें पहले भी धमकियों का सामना करना पड़ा है। कमल हासन ने कहा, यह लोकतंत्र है। मैं कानून और न्याय में विश्वास करता हूं। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और केरल के लिए मेरा प्यार सच्चा है। कोई भी इस पर संदेह नहीं करेगा, सिवाय उन लोगों के जिनका कोई एजेंडा है। मुझे पहले भी धमकियां दी गई हैं और अगर मैं गलत हूं, तो मैं माफी मांगूंगा। तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बात करते हुए हासन ने कहा कि उनके बयानों पर विवाद पैदा करने वाले लोग मुद्दे को उलझा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने जो कहा, वह प्यार से कहा और बहुत से इतिहासकारों ने मुझे इतिहास की भाषा सिखाई है और मेरा कोई ऐसा मतलब नहीं था।

**'तमिलनाडु बहुत ही अलग राज्य है'**

उन्होंने तमिलनाडु को एक रेयर स्टेट बताया, जो हमेशा से अलग-अलग बैकग्राउंड के लोगों का स्वागत करता रहा है। कमल हासन ने कहा, और मैं आपको बता दूं कि तमिलनाडु एक ऐसी जगह है जो हमेशा से खुला रहा है। मैं यह नहीं कहता कि ऐसा कोई दूसरा राज्य नहीं है लेकिन यह एक बहुत ही रेयर स्टेट है, जहां मेनन (एमजी रामचंद्रन) हमारे मुख्यमंत्री रहे हैं।।। रेड्डी (ओमांदुर रामासामी रेड्डीयर) हमारे मुख्यमंत्री रहे हैं, तमिल (एम करुणानिधि) हमारे मुख्यमंत्री रहे हैं और फिर मांड्या से कन्नड़ अयंगर हमारे मुख्यमंत्री रहे हैं।

कमल हासन और उनकी फिल्म ठग लाइफ ने कर्नाटक में विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने चेन्नई में एक कार्यक्रम में कथित तौर पर कहा कि कन्नड़ का जन्म तमिल से हुआ है। इसके बाद कर्नाटक के बेलगावी में आईनॉक्स सिनेमा हॉल के बाहर कर्नाटक रक्षणा वेदिके ग्रुप ने विरोध प्रदर्शन किया और गुस्सा जाहिर करते हुए कमल हासन से माफी की मांग की गई।

कांग्रेस ने कहा कि हासन कन्नड़ की महानता को नहीं जानते हैं, वहीं बीजेपी ने उनसे माफी की मांग की और उन पर कन्नड़ भाषा का अनादर करने का आरोप लगाया।

## कर्नाटक में बारिश का कहर! लैंडस्लाइड के बाद तीन लोग मलबे में फंसे; बच्ची की हुई मौत

दक्षिण कन्नड़, 30 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में भारी बारिश जारी है। वहीं भारी बारिश के चलते लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले के उल्लाल इलाके में अचानक लैंडस्लाइड का मामला भी सामने आया है। इस लैंडस्लाइड में एक बच्ची की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि घटना की वजह से परिवार के तीन लोग मलबे में फंस गए थे। हालांकि मामले की जांच की जा रही है। बच्ची की मौत हो गई है। इसके अलावा बारिश की वजह से पूरे इलाके में हर तरफ पानी भर गया है। यहां 50 से अधिक घर पानी में डूब गए हैं। दरअसल, दक्षिण कन्नड़ जिले के देरलकट्टे इलाके में अचानक लैंडस्लाइड हो गया। यहां पहाड़ी के किनारे बना एक मकान लैंड स्लाइड की चपेट में आ गया। भूस्खलन की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत भी हो गई है। मृतक बच्ची की पहचान नौशाद की बेटी नईमा के रूप में हुई है। यह हादसा तब हुआ जब कनकारे में नौशाद के घर के पीछे एक पहाड़ी और दीवार ढह गई। इस दौरान घर के कमरे की खिड़की बच्ची पर गिर गई। पहाड़ी का हिस्सा ढहने की वजह से तीन लोगों के मलबे फंसने की सूचना है, जिसकी जांच में अधिकारी जुटे हुए हैं। इसके अलावा उल्लाल तालुक में भी बारिश ने कहर मचाया हुआ है। यहां भारी बारिश की वजह से कई घरों में पानी भर गया है। जलभराव के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं कुम्पाला, कल्लपु, धर्मनगर, उच्चिला, तलपडी, विद्यानग जैसे स्थानों पर भी कई घरों में पानी भर गया है। जलभराव की वजह से कई परिवारों को रात में ही दूसरे स्थानों पर भेजा गया है। कल्लपु में 50 से ज्यादा घर पानी में डूब गए हैं। वहीं तलपडी में एक घर पानी घुसने की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उलाल तालुका के तहसीलदार पुट्टाराजू, राजस्व निरीक्षक प्रमोद, सोमेश्वर नगर पालिका के मुख्य अधिकारी सुरेश कार्णिक और अन्य लोगों ने रात में घटनास्थल का दौरा किया और निरीक्षण किया।

# गुवाहाटी हाईकोर्ट का असम सरकार को आदेश

## कहा- 'घोषित विदेशियों' की मौजूदा स्थिति की जानकारी दें




गुवाहाटी, 30 मई (एजेंसियां)। गुवाहाटी (गौहाटी) हाई कोर्ट ने असम सरकार को नोटिस जारी करते हुए आदेश दिया है कि वह उन दो भाइयों अबू बक्कर सिद्दीक और अकबर अली की वर्तमान स्थिति की जानकारी दे, जिन्हें एक न्यायाधिकरण ने 'घोषित विदेशी' करार दिया था और जो 25 मई को कामरूप जिले के नगरबेरा थाने में हिरासत में लिए गए थे। यह आदेश जस्टिस कल्याण राय सुराणा और जस्टिस मालश्री नंदी की बेंच ने गुरुवार को दिया। अगली सुनवाई की तारीख 4 जून तय की गई है। दोनों भाइयों के भतीजे तोराप अली की ओर से याचिका दायर की गई है। इसमें दावा किया गया है कि परिवार को डर है कि दोनों को गैरकानूनी तरीके से बांग्लादेश भेजा जा सकता है। याचिकाकर्ता का कहना है कि 25 मई के बाद से पुलिस ने उनके ठिकाने की कोई जानकारी नहीं दी। राज्य सरकार के वकील जे। पायेंग ने कोर्ट में बताया कि सिद्दीक और अली को असम सीमा पुलिस ने हिरासत में लिया है। 2017 में दोनों भाइयों को विदेशी घोषित कर गोलपाड़ा के हिरासत केंद्र (डिटेंशन सेंटर) में भेजा गया था, क्योंकि वे यह साबित नहीं कर पाए थे कि वे या उनके पूर्वज 24 मार्च 1971 से पहले भारत में आए थे, जो असम समझौते के अनुसार निर्धारित अंतिम तारीख है। 2020 में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद उन्हें जमानत पर रिहा किया गया, जिसमें कहा गया था कि दो साल से अधिक समय से हिरासत में रह रहे लोगों को जमानत दी जा सकती है।

याचिका में कहा गया है कि दोनों को उपलब्ध सभी कानूनी उपायों का लाभ लेने का मौका नहीं दिया गया और यदि उन्हें बिना किसी नतीजे के बांग्लादेश भेजा गया, तो यह संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। विदेशी न्यायाधिकरण असम में नागरिकता से जुड़े मामलों की जांच के लिए बने अर्ध-न्यायिक निकाय हैं। इनका उद्देश्य यह तय करना होता है कि कोई व्यक्ति विदेशी है या नहीं। पूरे असम में ऐसे 100 न्यायाधिकरण काम कर रहे हैं, जो खासतौर से राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से जुड़े मामलों पर फोकस करते हैं।

सुविचार: अपनी आदतों पर अच्छे से ध्यान दे क्योंकि पता नहीं कब वो ख़राब हो जाये ।

# तीन करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ ड्रग तस्कर गिरफ्तार

## एसओटी शमशाबाद और शादनगर पुलिस ने पकड़ा



हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। एसओटी शमशाबाद टीम और शादनगर पुलिस ने संयुक्त रूप से शादनगर पुलिस स्टेशन की सीमा के एनएच-44 पर रायकल टोल गेट के पास स्थित संजू भाई मारवाड़ी ढाबा के पास 1 ड्रग तस्कर को पकड़ा। उसके पास से (हेरोइन, अफीम, पोस्ता भूसा और गांजा) (632 ग्राम अफीम), 1 किलो गांजा, 1.5 किलो हेरोइन, 2.8 किलो पोस्ता भूसा, 89,700 नकद, डिजिटल वजन मशीन, 3 स्मार्ट फोन बरामद किया गया है। बरामद सामान का मूल्य करीब 3,05,27,700 रुपये बताया जा रहा है। पुलिस आयुक्त, साइबराबाद अविनाश मोहंती ने कहा कि ड्रग तस्कर विकास सोहू, मौलासर, डीडवाना, नागौर, राजस्थान का रहने वाला है। वह 2019 में रायकल टोल गेट एनएच-44 के पास शादनगर के पास संजू भाई मारवाड़ी ढाबा नामक ढाबे पर काम करने आया था।

चौकीदार के तौर पर काम कर रहा था, धीरे-धीरे खाना बनाना सीख रहा था और कुकिंग मास्टर के तौर पर काम कर रहा था। हालांकि, उनके ढाबा मालिक संजू भाई को गांजा पीने की आदत है, और अगर कोई गांजा मांगता है, तो वह उन्हें ऊंचे दामों पर बेच देता है, लेकिन वह सलीम निवासी धूलपेट से गांजा खरीदता था और इसे ढाबे पर आने वाले अन्य राज्य के ड्राइवरों, लॉरी ड्राइवरों, पैदल यात्रियों आदि को बेचता था, वह भी उन्हें यह गांजा बेचने में मदद करता था। वर्ष 2022 में, विकास सोहू और संजू भाई दोनों को जेडचेरला पुलिस ने जडचेरला बस स्टैंड के पास गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया था। अपनी रिहाई के बाद, उन्होंने गांजा बेचना फिर से शुरू कर दिया।

तीन साल पहले, राजू (निवासी जलपल्ली, महेश्वरम) ने ढाबे को गांजा की आपूर्ति की, जिसे उन्होंने 300 रुपये प्रति 25 ग्राम की दर से खरीदा और 500 रुपये में बेचा। एक अन्य व्यक्ति, गणपत (निवासी मध्य प्रदेश राज्य), ने हेरोइन, अफीम और पोस्ता भूसा की आपूर्ति की। उन्होंने 10 ग्राम अफीम 1300 रुपये में खरीद कर 2000 रुपये में बेचा, 250 ग्राम पोस्ता भूसा 500 रुपये में खरीद कर 1500 रुपये में बेचा और 1 ग्राम हेरोइन 12,000 रुपये में खरीद कर 15,000 रुपये में बेचा, जिससे उन्हें अच्छा खासा मुनाफा हुआ।

28 अपैल 2025 को संजू भाई की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई, जिसके बाद विकास ने इन पदार्थों को बेचना जारी रखा अफीम, गणपत से 3.5 किलो पोस्त का भूसा और राजू से 1.5 किलो गांजा खरीदा। उसने एक हिस्सा बेचकर 89,700 कमाए और बाकी की मात्रा 1.5 किलो हेरोइन, 632 ग्राम अफीम, 2.80 किलो पोस्ता भूसा अपने पास रखा था। विश्वसनीय सूचना पर एसओटी शमशाबाद टीम और शादनगर पुलिस ने आरोपी को नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# परिचित से विवाद के बाद सुरराम हिल्स पर व्यक्ति ने की हत्या

हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को सुरराम में पहाड़ियों पर एक सुनसान जगह पर 27 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पीड़ित की पहचान सैयद दानिश के रूप में हुई है, जो जगदगिरिगुट्टा में रहने वाला एक दिहाड़ी मजदूर था। ऐसा संदेह है कि मोहम्मद बिलाल नामक एक व्यक्ति ने उसकी हत्या कर दी है, जो उसका परिचित था। यह घटना उस समय हुई जब वे दोनों नशे की हालत में आपस में बहस कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार, बिलाल ने दानिश को किसी मामले को सुलझाने के लिए बुलाया था। आशंका है कि इसी बात पर दोनों के बीच बहस हो गई और नशे में धुत बिलाल ने दानिश पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर सुराराम पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस अधिकारी विवाहेतर संबंध को लेकर पूर्व की प्रतिद्वंद्विता सहित सभी संभावित कोणों से जांच कर रहे हैं। पीड़िता के शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया गया।

# तेलंगाना ने धान की रिकॉर्ड खरीद की उपलब्धि हासिल की : उत्तम



हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई और नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को घोषणा की कि राज्य ने कांग्रेस सरकार के तहत रिकॉर्ड धान खरीद हासिल की है, जो तेलंगाना के 11 साल के इतिहास में और यहां तक कि अविभाजित आंध्र प्रदेश की अवधि के दौरान खरीद का उच्चतम स्तर है।

धान खरीद, कृषि, इंदिराम्मा घरों और भू-भारती पर सूर्यपेट जिला कलेक्टर के कार्यालय में संयुक्त तत्कालीन नलगोंडा जिले की समीक्षा बैठक में बोलते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले खरीफ सीजन के दौरान, किसानों ने 46.7 लाख एकड़ में खेती की और रिकॉर्ड 103.5 लाख मीट्रिक टन धान का उत्पादन किया। उन्होंने कहा, चालू यासांगी सीजन में खेती करीब 60 लाख एकड़ तक हो चुकी है, जिससे 130 लाख मीट्रिक टन उपज होने की उम्मीद है। अतीत में किसी भी सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर खरीद नहीं की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर किसान से एक-एक दाना खरीदा जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की ओर मुड़ते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि सरकार तेलंगाना में हर पात्र परिवार को राशन कार्ड प्रदान करके खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए दृढ़ संकल्पित है, चाहे वह गरीबी रेखा से नीचे हो या ऊपर।

उन्होंने लगभग एक दशक तक राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को रोकने के लिए पिछली सरकार की आलोचना की, जिससे कई पात्र परिवारों को सब्सिडी वाले खाद्यान्न तक पहुंच नहीं मिल पाई। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, हम इस अन्याय को दूर करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी परिवार पीछे न छूट जाए। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस सरकार के तहत अब हर लाभार्थी को छह किलोग्राम चावल मुफ्त मिलता है। उन्होंने बताया, हम खुले बाजार से 40 रुपये प्रति किलोग्राम चावल खरीदते हैं और इसे लाभार्थियों को मुफ्त में वितरित करते हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार ने 2.81 करोड़ लोगों को गुणवत्तापूर्ण चावल उपलब्ध कराने के लिए पहले ही 10,665 करोड़ रुपये खर्च कर दिए हैं, जो करीब तीन करोड़ लाभार्थी हैं।

उन्होंने कहा, तेलंगाना में कोई भी भूखा न रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए यह एक ऐतिहासिक उपाय है। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि पिछली बीआरएस सरकार ने घटिया 'डोड्डू बिय्यम' (मोटा चावल) वितरित किया था, जिससे लोगों को गुणवत्ता से समझौता करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, सत्ता में आने के बाद, हमने बढ़िया चावल वितरित किया, जिससे राज्य भर के परिवारों को राहत मिली। मंत्री ने पिछली सरकार के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली में महत्वपूर्ण लीकेज की निंदा की, जहां 10-30 प्रतिशत चावल डायवर्ट किया जा रहा था, जिससे कई योग्य परिवार वंचित हो रहे थे। उन्होंने कहा, हमने इन लीकेज को बंद कर दिया है और सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक राशन लाभार्थी तक छह किलोग्राम चावल पहुंचे।

## सूर्यापेट-खम्मम राजमार्ग पर टायर फटने से निजी बस में आग

सूर्यापेट, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार सुबह मोथे गांव के पास सूर्यपेट-खम्मम राष्ट्रीय राजमार्ग पर आग लगने से एक निजी ट्रैवल्स बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। यह घटना तब हुई जब खम्मम जा रही बस का टायर फट गया, जिससे चिंगारी निकली और आग लग गई। आग ने तेजी से वाहन को अपनी चपेट में ले लिया और वह जलकर राख हो गई। घटना के समय बस में कोई यात्री नहीं था और ड्राइवर, जो अकेला था, बस से कूदकर भागने में सफल रहा, जिससे किसी भी तरह की जान जाने से बच गई। सतर्क ड्राइवर ने खतरे को पहले ही भांप लिया और तुरंत कार्रवाई की। स्थानीय फायर स्टेशन से दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में मदद की।

# आदिवासियों के लिए विशेष रूप से 22 हजार से अधिक पक्के घरों का निर्माण : सीतक्का

## केंद्रीय योजनाओं पीएम जनमन पर दक्षिण पूर्व क्षेत्र से संबंधित राज्यों की बैठक आयोजित



हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय योजनाओं पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान पर दक्षिण पूर्व क्षेत्र से संबंधित राज्यों की एक बैठक आज हैदराबाद के एक होटल में आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना के जनजातीय कल्याण विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। तेलंगाना पंचायती राज विभाग मंत्री डॉ. दानसारी अनसूया सीतक्का ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एसटी एसडीएफ योजना को मजबूती से लागू कर रही है और राज्य के आदिवासियों के लिए विशेष रूप से 22 हजार से अधिक पक्के घरों का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य सरकार प्रतिष्ठित "इंदिरा सौर गिरि जल विकासम" योजना के तहत भूमि के मालिकाना हक प्राप्त करने वाले आदिवासी किसानों को सौर ऊर्जा और पंप सेट प्रदान करके सिंचाई सुविधाएं प्रदान कर रही है। आदिवासी जंगल में रहते हैं, इसलिए उन्होंने केंद्र से अपील की कि उनके विकास के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों में बाधा डाले बिना वन विभाग के कानूनों में सुधार किया जाए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए तेलंगाना राज्य के मुख्य सचिव रामकृष्ण राव ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजनाओं में तेलंगाना राज्य देश के लिए एक उदाहरण के रूप में खड़ा है और हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा लागू की गई हर योजना के परिणाम जंगलों में रहने वाले हर आदिवासी तक पहुंचेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनीष ठाकुर ने भाग लेने वाले राज्यों में योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की और योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने तेलंगाना में लागू की जा रही योजनाओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समन्वयन तेलंगाना जनजातीय कल्याण विभाग के सचिव डॉ.ए. शरत ने किया, जबकि ट्राइफाइड के एमडी हृदेश कुमार, छत्तीसगढ़ जनजातीय कल्याण विभाग के प्रधान सचिव श्री सोन मोनी बोरो, ओडिशा जनजातीय कल्याण विभाग के निदेशक पोमा थुडू, तेलंगाना आईटीडीए के परियोजना अधिकारी, तेलंगाना के 17 विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, जनजातीय कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक वी. सर्वेश्वर रेड्डी, मुख्य अभियंता श्री शंकर, जीसीसी जीएम वी. सीताराम, टीसीआर टीआई निदेशक डॉ. वी. समुजवाला और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# केशव राव ने मोदी से पाकिस्तान के साथ युद्ध के बारे में तथ्य उजागर करने की मांग की



हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के केशव राव ने मांग की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहलगाम की घटना के बाद पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान देश के नुकसान की सीमा और गिराए गए विमानों की संख्या के बारे में लोगों को तथ्य बताएं। शुक्रवार को अपने घर पर मीडिया ब्रीफिंग में, तेलंगाना सरकार के सलाहकार के केशव राव ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री पाकिस्तान के साथ युद्ध के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहे हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान ने छह महत्वपूर्ण युद्ध लड़े हैं। पहलगाम की घटना के बाद, ऐसा लगा कि हमारा देश कार्रवाई कर रहा है, लेकिन अंततः कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं हुआ। बिना किसी संबंध के कोई व्यक्ति यह दावा कैसे कर सकता है कि कोई युद्ध नहीं है और युद्ध विराम लागू है? सैन्य अभियानों में राजनीतिक हस्तक्षेप क्यों है? केशव राव ने टिप्पणी की कि पाकिस्तान पर भारत की जीत के बारे में रिपोर्ट पूरी तरह से झूठी थी, उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी देश ने भारत के साथ संघर्ष में पाकिस्तान की हार को स्वीकार नहीं किया है। क्या किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन ने कहा है कि भारत विजयी हुआ है? हमारे अपने अलावा किसी भी मीडिया आउटलेट ने इस कहानी को कवर नहीं किया है। अगर युद्धविराम नहीं होता, तो हम पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल कर लेते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान को कोई ठोस सबक देने में सफल नहीं हुए हैं और उन्होंने अमेरिका के सामने घुटने टेक दिए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के साथ युद्ध के संबंध में भाजपा नेताओं की विश्वसनीयता को चुनौती देने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की भी सराहना की और उनसे मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देने का आग्रह किया। केशव राव ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी बीआरएस एमएलसी कविता द्वारा की गई टिप्पणियों पर उचित ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस का सदस्य बना रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक पार्टी के प्रति वफादार रहूंगा। अतीत में मुझे पार्टी बदलनी पड़ी थी क्योंकि कांग्रेस तेलंगाना राज्य की स्थापना के लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम नहीं थी।

# सीएस ने कोहेड़ा मार्केट पर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की



हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के आदेशानुसार राज्य सरकार के मुख्य सचिव के रामकृष्ण राव ने संबंधित अधिकारियों को कोहेड़ा में एकीकृत बाजार बनाने के लिए उचित योजना तैयार करने का निर्देश दिया है ताकि इसे देश में नंबर एक बनाया जा सके। शुक्रवार को डॉ. बीआर अंबेडकर ने राज्य सचिवालय में कोहेड़ा मार्केट पर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री और राज्य कृषि और विपणन मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने विशेष ध्यान दिया है और देश में एक रोल मॉडल बाजार बनाने का फैसला किया है। उनके आदेशानुसार, राज्य विपणन विभाग के तत्वावधान में लगभग 250 एकड़ का एक बड़ा बाजार बनाया जाना चाहिए और बाजार को आधुनिक सुविधाओं, कोल्ड स्टोरेज, शेड, चौड़ी सड़कों और अन्य सुविधाओं के साथ बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बाजार को इस तरह से बनाया जाना चाहिए कि राज्य में उगाए गए फल, सब्जियां और अन्य उत्पाद लोगों को उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री चाहते थे कि तेलंगाना राज्य में जहां आम, शकरकंद और फलों के बागान व्यापक हैं, वहां किसानों और उपभोक्ताओं को विपणन सुविधाएं प्रदान की जाएं और उन्होंने अधिकारियों को उस स्तर पर उचित योजनाएं और प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सीएस को बताया कि कोहेड़ा मार्केट की स्थापना की परियोजना लागत लगभग 2890 करोड़ रुपये होगी। अधिकारियों ने कहा कि बुनियादी ढांचे, भूमि अधिग्रहण, सड़क निर्माण, आधुनिक शेड के निर्माण, सौर छतों की स्थापना और कोल्ड स्टोरेज के निर्माण के लिए धन की आवश्यकता होगी। सीएस ने कहा कि भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए इस बाजार का निर्माण किया जाना चाहिए। इस बैठक में आयुक्त, कृषि विपणन के निदेशक सुरेंद्र मोहन, विपणन विभाग की अतिरिक्त निदेशक लक्ष्मी बाई, विपणन विभाग के अधिकारी और अन्य ने भाग लिया।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2025 : स्वास्थ्य जागरूकता सम्मेलन

हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। युवाओं और समाज को तंबाकू की लत के खतरों से बचाने के लिए एक स्पष्ट आह्वान करते हुए, राष्ट्रीय बीसी दल के अध्यक्ष और प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता दुंद्रा कुमारस्वामी ने प्रत्येक व्यक्ति से इस नेक काम में सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया।विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2025 के अवसर पर, हैदराबाद के एक प्रमुख होटल में ब्लिस बर्ग फ्यूचर ऑफ होप और तेलंगाना सिटीजन काउंसिल द्वारा एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के स्वास्थ्य जागरूकता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुंद्रा कुमारस्वामी, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विनय सारिकोंडा और कई प्रतिष्ठित चिकित्सा विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए, दुंद्रा कुमारस्वामी ने तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य खतरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, तम्बाकू का सेवन न केवल व्यक्ति को नष्ट करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी तबाह कर देता है। न केवल वे लोग जो सीधे तम्बाकू का सेवन करते हैं, बल्कि उनके आस-पास के लोग भी सेकेंड हैंड धुएं के हानिकारक प्रभावों से पीड़ित होते हैं, जिससे श्वसन संबंधी समस्याएं, अस्थमा, निमोनिया, फेफड़ों का कैंसर और हृदय रोग होते हैं। ये बीमारियां हमारे युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलती हैं। हमें एकजुट होकर इस लत के खिलाफ एक अथक लड़ाई लड़नी चाहिए। मन बदलता है, रास्ता आसान हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का आयोजन इसी प्रेरणा को ध्यान में रखकर किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, तंबाकू के कारण दुनिया भर में हर साल लगभग 80 लाख लोगों की जान जाती है, जिनमें से 12 लाख लोग सेकेंड हैंड धुएं के कारण मर जाते हैं। भारत में, 27.5 करोड़ लोग तंबाकू का सेवन करते हैं, जो विश्व स्तर पर सबसे अधिक संख्या में से एक है। ये चौंकाने वाले आंकड़े जागरूकता की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हैं, जिसे संबोधित करने का उद्देश्य इस संगोष्ठी का था। इस आयोजन का एक प्रमुख उद्देश्य युवाओं को लुभाने के लिए तंबाकू उद्योग द्वारा अपनाई जाने वाली भ्रामक रणनीतियों को उजागर करना था। सम्मेलन का उद्देश्य गुटखा, पान मसाला और सिगरेट जैसे तंबाकू उत्पादों के खतरों के प्रति समाज को जागरूक करना था। इसने सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए तंबाकू विरोधी आंदोलन में सामूहिक भागीदारी का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. विनय सरीकिंदा, हेमंत, रमादेवी और अन्य उल्लेखनीय हस्तियों सहित प्रतिष्ठित व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण कारण के लिए अपनी आवाज उठाई।

## कार के खड़े ट्रक से टकराने से दो लोगों की मौत, दो घायल

आलमपुर, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह जोगुलम्बा गदवाल जिले के कोडंडापुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक परिवार उस समय त्रासदी में फंस गया जब उनकी कार एक खड़े ट्रक से टकरा गई। ट्रक में कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी और वह कुरनूल और हैदराबाद को जोड़ने वाले राजमार्ग पर खड़ा था। दुर्भाग्यपूर्ण किआ कार भी कर्नूल से हैदराबाद जा रही थी और उसने खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। कार में चार यात्री सवार थे- वेंकट बाबजी, उनकी पत्नी श्रावणी, बेटियां साईं चरित्र और लक्ष्मी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि श्रावणी और साईं चरित्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार हैदराबाद का रहने वाला है। मामले की जांच जारी है। इस बीच, पड़ोसी नारायणपेट जिले में एक और घटना में, शुक्रवार की सुबह गोलापल्ली क्रॉस रोड के पास रेत ले जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोपहिया वाहन जी अंजप्पा को कुचल दिया। पीड़ित मखतल मंडल के मंथन गौड़ गांव का रहने वाला था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेत से लदा ट्रक अवैध रूप से चलाया जा रहा था और लापरवाही से चलाया जा रहा था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

# हिमायतनगर स्थित टीटीडी मंदिर में वार्षिक ब्रह्मोत्सव 3 से 7 जून तक

हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। हिमायतनगर स्थित तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का 20वां वार्षिक ब्रह्मोत्सव 3 से 7 जून तक आयोजित किया जाएगा। वार्षिक उत्सव 2 जून को अंकुरार्पणम के साथ शुरू होगा। टीटीडी के सहायक कार्यकारी अधिकारी रमेश ने शुक्रवार को मंदिर में आयोजित बैठक में ब्रह्मोत्सव से संबंधित पुस्तिका का अनावरण किया।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रह्मोत्सव 3 जून को सुबह 6.30 बजे से 8.45 बजे के बीच शुभ मिधुना लग्न के तहत ध्वजारोहणम के साथ शुरू होगा। रमेश ने कहा, ध्वजारोहण के बाद शेष वाहन पर भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी। उसी दिन रात 8 बजे श्री हनुमंत वाहन पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। 4 जून को सुबह सूर्यप्रभा वाहन पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। एईओ ने यह भी कहा कि 5 जून को सुबह 10 बजे गज वाहन पर भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी और शाम को 8 बजे गरुड़ वाहन पर शोभायात्रा निकाली जाएगी।

6 जून को सुबह रथ पर शोभायात्रा निकाली जाएगी और शाम को घोड़े पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि मंदिर में भक्तों को हर सुबह, दोपहर और शाम को अन्नप्रसाद वितरित किया जाएगा।

CLASSIFIEDS

LOST DOCUMENT

I, Smt. G Esther Feebe W/o. Sri G Saroj, would like to inform that I Lost Original Registered Sale deed doc No.1965/08, Sub registrar SRO- Serilingampally, R.R Dist. I took Xerox copy of Documents at Vijay nagar Cly near to Masabtank Area on 10-05-2025. if anyone found please Contact - 8121230399

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## 'सुपर फ्लॉप' सांसद पप्पू यादव ने पीएम के रोड शो पर साधा निशाना; बिहार की जनता के अपमान का भी लगाया आरोप

पटना, 30 मई (एजेंसियां)। पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन ऊर्फ पप्पू यादव ने पटना में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो को सुपर फ्लॉप बताया है। साथ ही उन्होंने पीएम पर बिहार की 14 करोड़ जनता का अपमान करने का आरोप भी लगाया है। पप्पू यादव ने कहा कि रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री एक बार भी अपनी गाड़ी से बाहर नहीं निकले। उन्होंने दावा किया कि रोड शो के दौरान हजार से भी कम लोग तिरंगा लेकर खड़े थे, लेकिन प्रधानमंत्री गाड़ी के अंदर ही बैठे रहे। पप्पू यादव ने इस रोड शो को सरकारी धन और जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग बताते हुए कहा कि रोड शो में जनता सड़कों पर नहीं आई,

## बिक्रमगंज की सभा में विपक्ष पर सीएम नीतीश ने फिर किया हमला

# कहा-महिलाओं के लिए नहीं हुआ काम



पटना, 30 मई (एजेंसियां)। बिक्रमगंज में शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी दो सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन, तीन रेल परियोजनाओं का लोकापर्ण और बिजली समेत चार योजनाओं का शिलान्यास करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं की कुल लागत 48 हजार 500 करोड़ से भी अधिक है। मंच से उन्होंने एक बार फिर पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकार में महिलाओं के लिए काम नहीं हुआ। जेडीयू और बीजेपी की सरकार में सभी वर्गों के लिए काम किए गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के विकास में सरकार निरंतर लगी हुई है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया। राज्य में बड़े पैमाने पर पुल-पुलियों का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में बिहार की महिलाओं को 35 फीसद आरक्षण देने की कवायद की गई। हर घर बिजली, हर घर शौचालय, हर घर नल जल के काम की डेडलाइन जून 2025 तक तय की गई है।

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की पीएम मोदी की प्रशंसा**

उन्होंने कहा कि कमियों का पता लगाने के लिए बिहार का दौरा किया गया। 50 हजार करोड़ की लागत से 430 नई योजनाओं की सरकार ने स्वीकृति दी। बिहार के लिए बजट घोषणाओं का जिक्र कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने जातीय आधारित जनगणना कराने के फैसले पर केंद्र सरकार का अभिनंदन किया। बता दें कि पीएम मोदी के बिहार दौरे का दूसरा दिन है। चुनावी साल में पीएम मोदी के दौरे को अहम माना जा रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद पीएम मोदी का पहला बिहार दौरा है। बिक्रमगंज की सभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी के साथ मंच साझा किया। इस दौरान उन्होंने एनडीए सरकार के कामकाज की जमकर तारीफ की।

## 'बीजेपी संस्कारी पार्टी है, मर्यादा मत तोड़ो दीदी', सीएम ममता बनर्जी को शाहनवाज हुसैन की चेतावनी



पटना, 30 मई (एजेंसियां)। बीजेपी प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने पीएम मोदी के लिए इस्तेमाल की गई अमर्यादित भाषा की निंदा की। शाहनवाज हुसैन शुक्रवार को सीवान में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में जनता 'ऑपरेशन सिंदूर' के अपमान का बदला ममता बनर्जी से जरूर लेगी। बीजेपी प्रवक्ता ने चेताते हुए कहा, दीदी मर्यादा मत तोड़ो, बीजेपी संस्कारी पार्टी है, मर्यादा तोड़ने का काम नहीं करती। मुख्यमंत्री के जरिए प्रधानमंत्री पर निजी हमला इस तरह कभी नहीं किया गया। उन्होंने आगे कहा कि सीएम ममता बनर्जी पूरी तरीके से घबरा गई हैं। महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली चुनाव जीतने के बाद अब बिहार और बंगाल की बारी है। ऑपरेशन सिंदूर के अपमान का बदला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बंगाल की जनता चुनाव में लेगी। शाहनवाज हुसैन ने कहा, पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पीएम मोदी और सेना को बधाई। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भारत के खिलाफ बहुत बड़ी साजिश थी। पहलगाम में हमले पहले भी हुए हैं लेकिन इस बार की घटना को सोची समझी रणनीति के तहत अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि आतंकी चाहते तो ओपन फायर कर बहुत लोगों को मार सकते थे। सुरक्षाकर्मी मौके पर मौजूद नहीं थे। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि आईएसआई और पाकिस्तानी जनरल के कहने पर आतंकियों ने घटना को अंजाम दिया। धर्म पूछ कर निहत्थे लोगों की हत्या की गई। एक सैलानी को कलमा पढ़ाकर छोड़ दिया गया। आतंकियों का मकसद सिर्फ मारना नहीं था बल्कि हिंदू और मुसलमान में नफरत को बढ़ावा देना था। पहलगाम हमले के बाद देशवासियों ने संदेश दिया कि 'ना दूरी है ना खाई है, हिंदू-मुसलमान आपस में भाई है'। बीजेपी प्रवक्ता ने कहा कि भारत पाकिस्तान से निपटने के लिए तैयार है।

## विवाह के एक साल के अंदर भी दाखिल हो सकता है तलाक का मुकदमा : हाई कोर्ट



लखनऊ, 30 मई (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि असाधारण मुश्किलों अथवा असाधारण उत्पीड़न का सामना कर रहे पति अथवा पत्नी विवाह के एक साल के भीतर भी तलाक का मुकदमा दाखिल कर सकते हैं। दरअसल, हिंदू विवाह अधिनियम के तहत दंपती विवाह के एक वर्ष के पश्चात ही तलाक की मांग कर सकते हैं। इसी आधार पर परिवार न्यायालय ने एक दंपती के आपसी समझौते के आधार पर दाखिल की गई तलाक की अर्जी को खारिज कर दिया था, जिसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने अंबेडकरनगर निवासी पति की अपील पर पारित किया। दंपती का विवाह तीन सितंबर, 2024 को हुआ था। संबंध में अधिक खटास आ जाने के कारण दोनों ने आपसी सहमति से विवाह विच्छेद का मुकदमा अंबेडकरनगर के परिवार न्यायालय में दाखिल किया। हालांकि विवाह के एक वर्ष के भीतर मुकदमा दाखिल होने के आधार पर परिवार न्यायालय ने मुकदमे को खारिज कर दिया। अपीलार्थी की ओर से अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी आपसी समझौते के आधार पर विवाह विच्छेद का प्रविधान करती है। हालांकि धारा 14 यह स्पष्ट करती है कि आपसी समझौते से विवाह विच्छेद का मुकदमा विवाह के एक वर्ष के पश्चात ही लाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि लेकिन, धारा 14 का ही परंतुक इस बात को स्पष्ट करता है कि याची पति अथवा पत्नी जब अपने वैवाहिक जीवन में असाधारण कठिनाई का सामना कर रहे हों अथवा असाधारण उत्पीड़न से गुजर रहे हों, ऐसी परिस्थिति में एक वर्ष की प्रतीक्षा अवधि को समाप्त किया जा सकता है। न्यायालय ने भी पाया कि पहले भी दूसरे उच्च न्यायालयों ने एक वर्ष की प्रतीक्षा अवधि को समाप्त किए जाने के आदेश दिए हैं।

## बस की स्टेयरिंग फेल 5 यात्रियों की मौत

जौनपुर, 30 मई (एजेंसियां)। जौनपुर में स्टेयरिंग फेल होने से तेज रफ्तार बस ओवरब्रिज पर पलट गई। हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और 2 पुरुष हैं। जबकि 30 लोग घायल हैं। 15 लोगों की हालत गंभीर है। बस बदलापुर से जौनपुर जा रही थी। बस करीब 80 की स्पीड में चल रही थी। तभी अचानक स्टेयरिंग फेल हो गया, बस बेकाबू होकर दो बार पलटी खाते हुए बीच सड़क पर पलट गई।

सवारियां खिड़कियां तोड़कर सड़क पर छिटक गईं। कुछ लोग बस के अंदर फंस गए।चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भागकर पहुंचे। बस के नीचे दबे और अंदर फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन मंगवाकर बस को सीधा करवाया। 35 घायलों को नौपेड़वा सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने 5 यात्रियों को मृत घोषित कर दिया।

# अखिलेश यादव का बीजेपी पर बड़ा हमला

## कहा-बीजेपी सरकार नौजवान विरोधी, झूठे वादों से छल रही



लखनऊ, 30 मई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार पूरी तरह से नौजवान विरोधी है और अब तक सिर्फ झूठे वादे और छल से युवाओं को भ्रमित करती आई है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावों के दौरान युवाओं से हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन 11 साल केंद्र और 8 साल उत्तर प्रदेश में सरकार चलाने के बावजूद वह वादा अधूरा ही रहा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा अब सामने आ चुका है। उन्होंने कहा, "आज प्रदेश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। सात साल से डीएलएड (बीटीसी) अभ्यर्थियों की भर्ती नहीं निकली। शिक्षकों की भारी कमी के बावजूद सरकार ने प्राथमिक शिक्षा को प्राथमिकता नहीं दी। प्रयागराज में अभ्यर्थियों को धरना देने पर मजबूर होना पड़ा है।"

**बीजेपी राजनीतिक लाभ के लिए भावनाओं से खेल रही है**

उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में भाजपा सरकार ने 1.93 लाख शिक्षकों की भर्ती का दावा सोशल मीडिया पर किया, लेकिन कुछ ही समय में वह पोस्ट हटा ली गई। इससे साफ है कि भाजपा केवल राजनीतिक लाभ के लिए भावनाओं से खेलती है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा ने इन्वेस्टर्स समिट जैसे आयोजनों के जरिए युवाओं को लाखों रोजगार के सपने दिखाए थे। "बड़े-बड़े उद्योगपति आए, तस्वीरें खिंचाई गईं, घोषणाएं हुईं, लेकिन कोई फैक्ट्री या कंपनी जमीन पर नहीं दिखती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियों से युवा, किसान, व्यापारी और मजदूर सभी वर्गों में मायूसी छाई हुई है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि अब जनता भाजपा के जुमलों से ऊब चुकी है और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। "हमारी सरकार बनते ही किसानों, युवाओं, मजदूरों और व्यापारियों की सच्ची उम्मीदें पूरी की जाएंगी," ज्ञात हो कि समाजवादी पार्टी ने अपने शासनकाल में लैपटॉप वितरण, रोजगार मेलों और शिक्षकों की नियमित भर्ती जैसी योजनाएं शुरू की थीं, जिन्हें जनता में आज भी सराहा जाता है। अब पार्टी 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई है और लगातार भाजपा को उसके कामकाज के लिए घेर रही है।

# सूटकेस खोलते ही पुलिस अफसरों के उड़े होश

## फोरेंसिक टीम भी पहुंची; इलाके में फैल गई दहशत



हापुड़, 30 मई (एजेंसियां)। यूपी के हापुड़ में एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया। अज्ञात हत्यारोपितों ने 28 वर्षीय महिला की हत्या कर उसके शव को सूटकेस में बंद कर दिया। जिसके बाद सूटकेस को रजवाहे में बहा दिया। वहीं, शुक्रवार सुबह थाना पिलखुवा क्षेत्र के गांव से सिखेड़ा के पास रजवाहे से महिला का शव बरामद होने पर सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक की टीम ने शव कब्जे में लेकर छानबीन की। महिला के सिर व शरीर पर चोट के कई निशान हैं। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिलखुवा क्षेत्र के गांव सिखेड़ा के कुछ ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह रजवाहे में एक सूटकेस पानी में तैरता देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना के बाद एएसपी विनीत भटनागर, सीओ पिलखुवा अनिता चौहान व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने सूटकेस को राजवाहे से बाहर निकाला। सूटकेस खोलने पर उसमें 28 वर्षीय महिला का शव मिला। पुलिस के अनुसार, महिला के शरीर के विभिन्न अंगों पर चोट के गंभीर निशान थे। शव मिलने की सूचना आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। अंदेशा है कि धारदार हथियार से वार कर महिला की हत्या की गई है। जिसके बाद शव को सूटकेस में बंद कर रजवाहे में बहा दिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि महिला की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में उसकी फोटो भेज दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना स्थल की छानबीन कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। महिला की शिनाख्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग में एक और आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

लखनऊ, 30 मई (एजेंसियां)। खाना खिलाने के विवाद में प्रॉपर्टी डीलर मुर्सलीन पर गोलियां बरसाने के मामले में गाजीपुर पुलिस ने एक और आरोपी तकरोही निवासी सलमान को शुक्रवार तड़के मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास के तमंचा, कारतूस और घटना में इस्तेमाल कार बरामद हुई है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि शुक्रवार तड़के गाजीपुर पुलिस ए ब्लॉक आम्रपाली में वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी उन्हें एक संदिग्ध कार आती दिखी। पुलिस के रुकने का इशारा करने पर चालक सलमान ने कार की रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस के पीछा करने पर कार खंभे से टकराकर रुक गई। आरोपी पुलिस पर फायरिंग करने लगा, जवाबी कार्रवाई में सलमान के पैर में गोली लग गई। डीसीपी ने बताया कि मुर्सलीन पर फायरिंग में सलमान भी शामिल था।

# अनुप्रिया पटेल की पार्टी ने आरपी गौतम को बनाया प्रदेश अध्यक्ष, यूपी की सियासत में होगा असर





लखनऊ, 30 मई (एजेंसियां)। अपना दल (एस) ने उत्तर प्रदेश में अपनी संगठनात्मक रणनीति को मजबूत करने के लिए जाटव बिरादरी से आने वाले आरपी गौतम को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, गौतम को यह जिम्मेदारी आगामी निकाय चुनावों और 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सौंपी गई है। केंद्रीय मंत्री और अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने गौतम की नियुक्ति पर भरोसा जताते हुए कहा, आरपी गौतम के अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण से पार्टी को उत्तर प्रदेश में और अधिक मजबूती मिलेगी।

**आरपी गौतम को मिली नई जिम्मेदारी**

बता दें कि आरपी गौतम इससे पहले पार्टी के सहकारिता मंच के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सक्रिय थे और अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा चुके हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि गौतम की नियुक्ति से खासकर पिछड़े और दलित वर्गों के बीच संगठन को और विस्तार देने में मदद मिलेगी। यह कदम पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों में मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार करना पार्टी की प्राथमिकता है। हाल ही में अपना दल (एस) को उस समय बड़ा झटका लगा था, जब पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। पाल ने केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और उनके पति आशीष पटेल पर पार्टी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि जो नेता अपनी पार्टी को संगठित नहीं कर सकता, उसमें बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। पाल के साथ-साथ प्रदेश सचिव कमलेश विश्वकर्मा, अल्पसंख्यक मंच के प्रदेश सचिव मोहम्मद फहीम और जिला महासचिव बीएल पासी ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले भी कई जिला अध्यक्ष पार्टी छोड़ चुके हैं, जिससे संगठन को नुकसान पहुंचा था। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आरपी गौतम की नियुक्ति के साथ अपना दल (एस) अब संगठन को फिर से मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के बीच नई ऊर्जा लाने की कोशिश में है। गौतम के नेतृत्व में पार्टी का फोकस निकाय चुनावों और 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर होगा। साथ ही, दलित और पिछड़े वर्गों में अपनी पैठ बढ़ाने की रणनीति पर भी काम किया जाएगा। अपना दल (एस) के इस कदम को राजनीतिक गलियारों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में गठबंधन की रणनीति और सामाजिक समीकरणों का आगामी चुनावों में बड़ा प्रभाव पड़ सकता है।

# तेजस्वी यादव के तर्ज पर तेज प्रताप ने किया पोस्ट

## क्या लालू परिवार में सब कुछ हो गया ठीक





पटना, 30 मई (एजेंसियां)। आरजेडी विधायक और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने एनडीए सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एनडीए सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कामकाज का आंकड़ा पेश करने की चुनौती दी। पूर्व मंत्री ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर विकास के मामले में एनडीए को फिसड्डी बताया। उन्होंने कहा कि 35 साल पुरानी सरकार के 15 साल का हिसाब मांगने वाले पहले 20 साल का हिसाब दें। तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 20 वर्षों की एनडीए सरकार के पास अपने काम काज का हिसाब देने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए 35 साल पहले बनी सरकार के 15 साल का रोना रोने वाले पहले अपने 20 साल का हिसाब दें। बता दें कि पीएम मोदी के बिहार दौरे का शुक्रवार को दूसरा दिन है। ऐसे में तेज प्रताप यादव ने पोस्ट कर एनडीए सरकार के कामकाज पर सवाल उठाया है। तेज प्रताप यादव से पहले उनके भाई तेजस्वी यादव ने भी एनडीए सरकार पर हमला करते हुए कामकाज का हिसाब मांगा था। शुक्रवार (30 मई, 2025) को तेजस्वी यादव ने एक्स पर लिखा, 20 वर्षों की एनडीए सरकार के पास अपने काम काज का हिसाब देने के लिए कुछ नहीं है इसलिए 35 साल पहले बनी सरकार के 15 साल का रोना रोने वाले पहले अपने 20 साल का हिसाब दें। तेजस्वी यादव के तर्ज पर तेज प्रताप के पोस्ट से सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या लालू परिवार में सब कुछ सामान्य हो गया है? बता दें कि अनुष्का यादव की वजह से चर्चा में आए तेज प्रताप को आरजेडी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। लालू प्रसाद ने बड़े बेटे को परिवार से भी बेदखल करने का हाल ही में ऐलान किया था। अब दो भाइयों के एक ही पोस्ट से सवाल पैदा हो रहा कि क्या लालू परिवार में 'ऑल इज वेल है'। हालांकि इसके पहले भी तेजस्वी यादव के कई पोस्ट को उसी कंटेंट के साथ तेज प्रताप शेयर कर चुके हैं।

## प्रयागराज में अतीक अहमद के करीबियों पर शिकंजा, 33 बीघा अवैध प्लॉटिंग बुलडोजर से ध्वस्त

प्रयागराज, 30 मई (एजेंसियां)। माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद लगातार उसके साम्राज्य और उसके करीबियों पर नकेल कसी जा रही है। इसी क्रम में प्रयागराज विकास प्राधिकरण का अवैध प्लॉटिंग और निर्माण के खिलाफ एक्शन जारी है। अतीक के करीबियों की अवैध प्लॉटिंग पर पीडीए का बुलडोजर गरजा है। इसके तहत दो अलग-अलग जगहों पर कई बीघा जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। पीडीए के इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने माफिया अतीक के करीबी कामरान, जानू, अमन सकूजा, आमिर हमजा, मोहम्मद अहमद, अफ्राहिम और अन्य की ओर से मीरापुर में 25 बीघा जमीन पर की गई प्लॉटिंग को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही जेपी दुबे अन्य द्वारा ग्रीन वैली के पीछे लगभग 8 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग को भी बुलडोजर से जमींदोज कर दिया गया। पीडीए की इस कार्रवाई में दो अलग-अलग जगहों पर करीब 33 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लॉटिंग और अतिक्रमण को हटाया गया है। इसके साथ ही एच लाल, लालजी मिश्रा और आसिफ ठेकेदार द्वारा कालिंदीपुरम आवास योजना में अवैध कब्जा कर कराई गई बाउंड्री वाल को भी बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है। ये पूरी कार्रवाई जोनल अधिकारी जोन 2 के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम के द्वारा की गई है। बताया जा रहा है कि ये सारी अवैध प्लाटिंग सभी प्रॉपर्टी डीलरों ने प्राधिकरण लेआउट स्वीकृत कराए बगैर की थी। इसके बाद ये कार्रवाई की गई है। पीडीए अब इन सभी प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। जल्द ही पीडीए की ओर से इन सभी के खिलाफ संबंधित थाना एयरपोर्ट में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की गई है।

## दुबई ट्रिप, आईफोन, लॉटरी का लालच ड्रीम डील के जरिए 907 करोड़ की ठगी, अरेस्ट तीनों का है पाकिस्तान कनेक्शन

रायबरेली, 30 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की रायबरेली पुलिस ने बड़े साइबर फ्रॉड गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गुरुवार को देश भर में 100 से अधिक लोगों से 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में तीन साइबर जालसाज़ों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में चेन्नई के जावेद जलाल एवं मथियाझगन और बिहार के दिलशाद आलम शामिल हैं। इन तीनों ने साइबर अपराधों से होने वाली आय के सेटलमेंट के लिए चेन्नई में वनविल बिजनेस सॉल्यूशंस के नाम से एक फर्जी शेल कंपनी भी बनाई थी। अब इन तीनों का पाकिस्तान कनेक्शन भी सामने आया है। तीनों पाकिस्तान के रहीम गिरोह से संबद्ध बताए जा रहे हैं। रायबरेली के एडिशनल एसपी संजीव सिन्हा ने बताया कि गिरोह ने पीड़ितों को दुबई में लग्जरी हॉलिडे पैकेज और आईफोन के साथ-साथ लॉटरी जीतने और अलग-अलग देशों में आकर्षक हनीमून पैकेज जैसी दूसरी योजनाओं का झांसा दिया। उन्होंने रजिस्ट्रेशन फीस और दूसरे शुल्कों के बहाने पैसे ऐंठ लिए। एएसपी ने बताया कि आरोपी देश भर में साइबर धोखाधड़ी करने वाले एक बड़े गिरोह का हिस्सा थे। जांचकर्ताओं को एक्सिस बैंक के दो खातों में कुल 907 करोड़ रुपये के लेन-देन के बारे में सतर्क किया गया। इसके बाद रायबरेली पुलिस ने यह गिरफ्तारी की। गिरोह के काम करने के तरीके के बारे में विस्तार से बताते हुए एएसपी संजीव सिन्हा ने कहा कि आरोपी लोगों को कमीशन का वादा करके फंसाते थे। उनसे सिम कार्ड हासिल करते थे और उनके नाम पर जाली दस्तावेज बनाते थे। इनका इस्तेमाल कई बैंक खाते खोलने के लिए करते थे। एएसपी ने कहा कि इन खातों का इस्तेमाल पूरे भारत से फ्रॉड के पैसे को जमा कराने के लिए किया जाता था। इसमें मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु में स्थित एजेंटों से साइबर फ्रॉड के पैसे प्राप्त करने के लिए ये लोग करते थे।

**ऐसे करते थे पैसे का इस्तेमाल**

एएसपी ने कहा कि पैसे को या तो निकालकर गिरोह की ओर से नियंत्रित खातों में जमा कर दिया जाता था। या फिर बिल भुगतान और मोबाइल रिचार्ज के लिए इस्तेमाल किया जाता था। इससे धोखेबाज कमीशन कमाते थे। जावेद ने खुलासा किया कि 2018 में वह और मथियाझगन मदुरई में नेक्स्टजेन सर्विसेज के लिए काम करते थे। वहां उनकी मुलाकात मेहताब आलम नामक व्यक्ति से हुई, जिसने बाद में उन्हें वनविल बिजनेस सॉल्यूशंस स्थापित करने में मदद की।

## सीएम यादव ने 'अहिल्या वाहिनी' बाइक रैली और 'माँ तुझे प्रणाम' यात्रा को दिखाई हरी झंडी

भोपाल, 30 मई (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने शुक्रवार को भोपाल स्थित शौर्य स्मारक से एक नई पहल की शुरुआत की। उन्होंने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और दीप प्रज्ज्वलन के साथ जनकल्याण पर्व को एक नई ऊर्जा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व समर्पण, सुशासन और समाजसेवा का अनुपम उदाहरण है। उनका जीवन हमें प्रेरणा देता है कि हम समाज के हर वर्ग विशेषकर महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने अहिल्या वाहिनी महिला बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नारी शक्ति और सुरक्षा का प्रतीक है, जिसमें 40 महिला बाइकर पुलिस विभाग से और शेष सिविलियन महिला बाइकर शामिल रहीं। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें हेलमेट भी भेंट किए और सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 'माँ तुझे प्रणाम' योजना के अंतर्गत ग्वालियर-चंबल संभाग की 90 युवतियों और 2 खेल अकादमियों की छात्राओं को राजधानी भोपाल के आसपास के विशेष दर्शनीय और प्रेरणास्पद स्थलों के भ्रमण के लिए रवाना किया।

## दिल्ली में पहला शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनकर तैयार, आज उद्घाटन करेंगी सीएम रेखा गुप्ता



नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट परिसर से पहला 'शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर' काम करना शुरू करेगा। पहले इसी स्थान पर मोहल्ला क्लीनिक संचालित होता था, लेकिन अब इसे बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ नए स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। इस सुविधा का औपचारिक उद्घाटन 31 मई को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा किया जाएगा। यह उद्घाटन दिल्ली सरकार के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में होगा, जो जेएलएन स्टेडियम में संपन्न होगा। इसी अवसर पर लगभग 33 नई स्वास्थ्य सुविधाओं की शुरुआत भी की जाएगी।'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' में कई तरह की सुविधाएं हैं, जो इसे खास बनाती हैं। यहां इनहाउस टेस्ट की सुविधा है, जिससे कुल 14 प्रकार के टेस्ट अब क्लिनिक में ही किए जा सकेंगे। यहां आउटसोर्स टेस्ट की व्यवस्था है, जिससे 79 प्रकार के अतिरिक्त टेस्ट की सुविधा मिलेगी।

**आरोग्य मंदिर में इन लोगों की होगी तैनाती**

वहीं, अब राष्ट्रीय स्तर के टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही हर सोमवार और शुक्रवार योग कक्षाएं आयोजित होंगी। परिवार नियोजन से जुड़ी सेवाएं भी उपलब्ध होंगी और गर्भधारण से पहले और बाद की सभी आवश्यक चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। बताया गया है कि यह केंद्र रोजाना सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक खुला रहेगा। यहां पर एक मेडिकल ऑफिसर, एक नर्स, मल्टीपर्पज वर्कर और एक सफाईकर्मी की तैनाती की गई है।

**मोहल्ला क्लीनिक में नहीं थीं ये सुविधाएं**

पहले मोहल्ला क्लीनिक में केवल डॉक्टर से परामर्श की सुविधा थी और अधिकतर जांचें बाहर करानी पड़ती थीं। इसके साथ ही वैक्सीनेशन जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। अब शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में यह सारी सेवाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। दिल्ली सरकार का यह नया कदम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाएगा, बल्कि आम नागरिकों की पहुंच को भी स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान बनाएगा।

## अरविंद केजरीवाल का तंज

### 'पीएम मोदी की रगों में सिंदूर दौड़ता है या नहीं, लेकिन संजीव अरोड़ा की रगों में लुधियाना दौड़ता है



लुधियाना, 30 मई (एजेंसियां)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल इन दिनों पंजाब के लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर होने वाले उप-चुनाव की तैयारी में जुटे हैं। आज उन्होंने आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा के नामांकन रोड शो में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसा। अरविंद केजरीवाल ने कहा, "पिछली बार भी यहां से आपने जिताया था। उप-चुनाव में संजीव अरोड़ा उम्मीदवार हैं। उनके बारे में बताने की जरूरत नहीं है। जैसे मोदी जी कहते हैं हमारे रगों में सिंदूर दौड़ता है। पता नहीं उनकी रगों में सिंदूर दौड़ता है, कि नहीं दौड़ता है, लेकिन संजीव अरोड़ा की रगों में लुधियाना दौड़ता है।" उन्होंने कहा, "ये संजीव अरोड़ा हमें और भगवंत मान को बहुत परेशान करते हैं, कहते हैं कि ये सड़क बना दो, वो सड़क बना दो, लुधियाना का ये काम करा दो वो काम करा दो। 24 घंटे आपलोगों की तरक्की के बारे में सोचते हैं। इससे अच्छा उम्मीदवार और विधायक नहीं हो सकता है।" अरविंद केजरीवाल ने कहा, "यहां आम आदमी पार्टी की सरकार है, काम तो हम ही करवाएंगे। दूसरे वाला तो सिर्फ गालियां देगा। वो रोज आप को गालियां देता है, भगवंत मान को गालियां देता है। अगले दो साल भी गालियां देगा। जिसकी सरकार उसी का एमएलए बनाना।

गुस्सा और अहंकार चाहिए तो उसे वोट देना, काम चाहिए, सेवादार चाहिए तो संजीव अरोड़ा को वोट देना" बता दें कि पीएम मोदी ने पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा था कि मेरी रगों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने भारत भूषण आशु को उम्मीदवार बनाया है। यहां से बीजेपी ने अब तक उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है। इस सीट पर उपचुनाव 19 जून को होगा और मतगणना 23 जून को होगी।

## बेल में हुई गड़बड़ी! दूसरे कैदी को किया गया रिहा

फरीदाबाद, 30 मई (एजेंसियां)। हरियाणा में फरीदाबाद की नीमका जेल में दो कैदियों का नाम और उनके पिता के नाम एक जैसे होने की वजह से नौ साल के बच्चे से कई बार कुकर्म करने के आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया. दोनों का नाम एक होने की वजह से रिहाई मार-पीट के आरोपी की होनी थी, लेकिन रेप के आरोपी की कर दी गई. नितेश पांडेय को 9 साल के बच्चे से कई बार कुकर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. ये घटना 2021 की है. पहले नितेश की उम्र 27 साल थी. वहीं, दूसरे नितेश को बीते रविवार को घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में अरेस्ट किया गया था. अदालत ने दूसरे नितेश को जमानत दी थी, लेकिन मंगलवार को रिहाई उस नितेश पांडेय की हुई जो बच्चे से कुकर्म करने का आरोपी है. दोनों ही नितेश का एक ही जेल में बंद होना भी हो सकता है।

## पाकिस्तान भेज दी भारतीय वॉरशिप और सबमरीन की खुफिया डिटेल्स

### आईएसआई ने शख्स को जाल में फंसाया



ठाणे, 30 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तानी सेना और आतंकियों को घुटनों पर ला दिया है। वहीं, अब भारत के भीतर बैठे पाकिस्तानी मददगारों पर एक्शन शुरू हो गया है। इसी क्रम में मुंबई एटीएस ने ठाणे एटीएस के साथ मिलकर रविन्द्र वर्मा नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है जो कि वॉट्सऐप के माध्यम से गोपनीय जानकारी पाकिस्तान को भेज रहा था। जानकारी के मुताबिक, रविन्द्र वर्मा ने पाकिस्तान को जो जानकारियां सौंपी उनमें वॉरशिप की डिफेक्ट रिपोर्ट और उनकी मरम्मत व अपग्रेडेशन की स्थिति जैसी संवेदनशील जानकारियाँ शामिल थीं। इनमें नेवल डॉकयार्ड में मरम्मत और अपग्रेडेशन के लिए लाए गए वॉरशिप और सबमरीन भी शामिल थीं।

**कैसे जाल में फंसा शख्स?**

रविंद्र वर्मा को कथित तौर पर दो पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों (पीआईओ) ने हनीट्रैप किया, जिन्होंने फर्जी पहचान के साथ फेसबुक पर महिलाओं के रूप में प्रोफाइल बनाई थी> वर्मा के नेवल डॉकयार्ड से जुड़े होने की जानकारी मिलने के बाद इन एजेंटों ने उससे संपर्क किया और नौसेना के वॉरशिप में उनका इंटरेस्ट दिखाना शुरू किया। जांच में खुलासा हुआ कि दोनों पीआईओ एजेंटों ने वर्मा को निशाना बनाने से पहले उसके बैकग्राउंड की गहराई से जांच की थी। वर्मा ने सार्वजनिक रूप से जानकारी साझा की थी कि वह एक ऐसी कंपनी में कार्यरत है जो नेवल शिपयार्ड में काम करती है। इसके बाद एजेंटों ने उससे ऑनलाइन संपर्क बनाए, भारतीय नौसेना, वॉरशिप और सबमरीन में दिलचस्पी जताई। बातचीत के दौरान एजेंटों ने वॉरशिप, कोस्ट गार्ड जहाज़ों और डॉकयार्ड में खड़े जहाज़ों के बारे में विस्तार से जानकारी मांगी। नेवल डॉकयार्ड में मोबाइल फोन ले जाने पर सख्त पाबंदी के बावजूद वर्मा ने वहां मरम्मत के लिए आई नेवी और कोस्ट गार्ड जहाजों की स्थिति, उनकी तकनीकी खामियों और अन्य संवेदनशील जानकारियां साझा कीं। एजेंटों ने सामान्य बातचीत के बहाने जहाजों, वॉरशिप और उनकी मरम्मत से जुड़ी गोपनीय जानकारी हासिल की। रविंद्र वर्मा को एक दूसरे पीआईओ एजेंट ने भी फेसबुक के जरिए संपर्क किया और फिर दोनों को बातचीत वॉट्सऐप पर शिफ्ट हो गई।

वर्मा को यकीन था कि वह दोनों महिलाओं से प्रेम संबंध में है और जल्द ही उनसे मुलाकात करेगा, जबकि असल में वे दोनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंट थीं। सूत्रों की जानकारी के मुताबिक, नवंबर 2024 में फेसबुक के ज़रिए एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट के संपर्क में आया था। इसके बाद नवंबर 2024 से मई 2025 के बीच उसने वॉट्सऐप के माध्यम से वॉरशिप की डिटेल लिस्ट जो कि गोपनीय और संवेदनशील क्षेत्रीय जानकारी है, उससे जुड़ी जानकारी भेजी थी। नौसेना के वॉरशिप और डॉकयार्ड संचालन से जुड़ा क्लासिफाइड डेटा साझा करने के आरोपी रविन्द्र वर्मा को मुंबई एटीएस ने ठाणे एटीएस के साथ मिलकर पकड़ा है। आरोपी की ठाणे सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच कराई गयी है। उसके बाद ठाणे सेन्ट्रल जेल में भेज दिया गया है।

अब आरोपी को कस्टडी में लेकर उससे आगे की पूछताछ की जा सकती है ताकि उससे जुड़े पाकिस्तानी एजेंटों के बारे में और जानकारी सामने आ सके। इसके साथ ये भी पता करने की कोशिश होगी कि उसने और कौन सी जानकारियां पाकिस्तानी एजेंटों को दी हैं।

## छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में एनएसयूआई ने टीआईटी कॉलेज में किया प्रदर्शन, डायरेक्टर को पद से हटाया

भोपाल, 30 मई (एजेंसियां)। राजधानी भोपाल के टीआईटी कॉलेज मे विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है! आपको बतादे की विगत दिवस टीआईटी कॉलेज के डायरेक्टर अरुण कुमार पाण्डेय पर कॉलेज की छात्राओ द्वारा छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया था जिसके चलते शुक्रवार को भोपाल एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व मे प्रदर्शन किया गया। इधर कॉलेज प्रबंधन ने डायरेक्टर को पद से हटा दिया है। जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर ने बताया कि 4 दिन पहले छात्राओ से छेड़ खानी का मामला सामने आया था जिसके चलते कॉलेज प्रशाशन और पुलिस द्वारा मात्र खाना पूर्ती कर मामले को दबाने कि कोशिश कि जा रही थी। एनएसयूआई ने पूरे मामले को संज्ञान मे लेते हुए कॉलेज परिसर मे प्रदर्शन किया जिसके बाद कॉलेज प्रशासन द्वारा डायरेक्टर अरुण पाण्डेय को कार्यमुक्त किया। तोमर ने बताया कि कॉलेज द्वारा डायरेक्टर को कार्यमुक्त किया गया है और जल्द ही पुलिस से एफआईआर कि मांग कि जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर के इकलौते आप विधायक मेहराज मलिक के खिलाफ केस दर्ज

जम्मू, 30 मई (एजेंसियां)। कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में एक महिला डॉक्टर की कथित तौर पर मानहानि करने, धमकी देने और उसका अपमान करने के आरोप में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक मेहराज मलिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह एफआईआर एक मेडिकल कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर की शिकायत पर दर्ज की गई है। महिला ने आरोप लगाया है कि विधायक मेहराज मलिक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल सार्वजनिक रूप से धमकियां देने और उनके खिलाफ अपमानजनक और लैंगिक टिप्पणी करने के लिए किया। महिला ने डोडा पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने विधायक पर लैंगिक दुर्व्यवहार और अस्पताल की सुरक्षा को धमकाने का आरोप लगाया। शिकायत दर्ज कराने वाली महिला का कहना है कि यह मामला बहुत परेशान करने वाला है। उन्होंने कहा, मेहराज मलिक ने सार्वजनिक रूप से मुझे धमकियां दी हैं और सोशल मीडिया पर मेरे खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। उन्होंने 'घसीटूंगा' (तुम्हें घसीट लूंगा) और 'तुम्हें नंगा कर दूंगा' जैसी आपत्तिजनक बातें दुर्भावनापूर्ण लहजे में कही हैं।



**लाइव वीडियो पर बार-बार गाली देने का आरोप**

महिला ने शिकायत में पुलिस को बताया है, ये महज़ शब्द नहीं हैं। ये एक सरकारी अस्पताल में सेवारत महिला डॉक्टर के रूप में मेरी गरिमा, सुरक्षा और पेशेवर ईमानदारी के पर सीधा खतरा है। शिकायत में उन्होंने कहा कि ये शब्द स्पष्ट रूप से एक महिला लोक सेवक की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं, वह भी सोशल मीडिया पर।

**लाइव वीडियो पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप**

शिकायतकर्ता असिस्टेंट प्रोफेसर ने पुलिस से अपने इस आरोप का संज्ञान लेने की अपील की है। उन्होंने दावा किया है कि आरोपी आप विधायक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लाइव वीडियो पर उनके खिलाफ बार-बार अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। महिला ने यह आरोप भी लगाया है कि उनके लिए सबसे ज्यादा पीड़ादायक बात यह है कि विधायक ने उन्हें कहा, 'यह अस्पताल तुम्हारे बाप का नहीं है'। पीड़िता का कहना है कि विधायक की यह बात उनके अहंकार को दर्शाती है। उनके पिता का निधन 12 साल पहले हो गया था। इसके अलावा, विधायक ने कथित तौर पर अपने सहयोगियों के साथ और लाइव सोशल मीडिया फीड के साथ अनधिकृत रूप से लेबर रूम में प्रवेश किया।

**लाइव वीडियो लेकर लेबर रूम में घुसने का आरोप**

विधायक के कैमरा लेकर लेबर रूम में घुसने की बात पर महिला ने कहा,यह मरीज की निजता का घोर उल्लंघन है, खासकर महिला कर्मचारियों और कमजोर परिस्थितियों में रहने वाले मरीजों के लिए। यह हमारे अस्पताल की सुरक्षा और नैतिक वातावरण के लिए सीधा खतरा है। उन्होंने कहा कि उनकी हरकतें स्टाफ और मरीजों दोनों के लिए बेहद परेशान करने वाली हैं।

## फ्रूट जूस के पैकेट में मिला मरा हुआ चूहा, पैकेट खोला तो परिवार के उड़े होश

इंदौर, 30 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि फ्रूच जूस के पैकेट में मरा हुआ चूहा पड़ा हुआ है। पीड़ित ने इसका वीडियो बनाते हुए अपनी पीड़ा जाहिर की है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि फ्रूट जूस का यह पैकेट शख्स ने ऑनलाइन मंगवाया था। हालांकि जब पैकेट खोलकर देखा गया तो उसमें मरा हुआ चूहा निकला, जिससे हड़कंप मच गया। पीड़ित ने कंपनी के मेल पर शिकायत की है, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। दरअसल, इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में रहने वाले व्यापारी विकास गोस्वामी ने ऑनलाइन शॉपिंग साइट से फ्रूट जूस के दो पैकेट ऑर्डर किए थे। इनमें से एक पैकेट में मरा हुआ चूहा मिलने का मामला सामने आया है।

## महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट का बड़ा बयान

**'अगर पुलिस को खुली छूट दे दी जाए तो वह एक ही दिन में समाज में आपराधिक गतिविधियां खत्म कर सकती हैं'**



मुंबई, 30 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने गुरुवार को कहा कि पुलिसकर्मी कभी-कभी अपराधों में संलिप्त पाये जाते हैं। छत्रपति संभाजीनगर के प्रभारी मंत्री शिरसाट ने यह भी कहा कि अगर पुलिस को खुली छूट दे दी जाए तो वह एक ही दिन में समाज में आपराधिक गतिविधियां खत्म कर सकती हैं। पुलिस विभाग राज्य के गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है और फिलहाल इसका प्रभार स्वयं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास है। सामाजिक न्याय मंत्रालय का कामकाज संभालने वाले शिरसाट औरंगाबाद (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका यह बयान शहर के एक व्यवसायी के घर से डकैतों के एक गिरोह ने 5।5 किलोग्राम सोना और 32 किलोग्राम चांदी लूट लेने के दो हफ्ते बाद आया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या पुलिस आपराधिक गतिविधियों में शामिल है, तो शिरसाट ने कहा, ''कभी-कभी हम अपराधों में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता पाते हैं। डकैत दूसरे राज्यों से नहीं आते और पुलिस के पास उनके बारे में कम से कम कुछ जानकारी तो होती ही है। अगर पुलिस तय कर ले और उन्हें खुली छूट दे दी जाए तो वह 24 घंटे में ही अपराध खत्म कर सकती है।'उन्होंने कहा, ''जब हम नेता खुली छूट देते हैं तो ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। लेकिन जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो हम कह सकते हैं कि उनकी (पुलिस की) संलिप्तता है।'' शिरसाट ने बताया कि पुलिस ने अब तक व्यापारी के घर से लूटे गये सोने में से 320 ग्राम सोना बरामद कर लिया है। उन्होंने पूछा, ''बाकी सोना कहां गया?''इस बीच, शिरसाट के बेटे ने यहां होटल खरीदे जाने में शामिल धन के स्रोत पर विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) के सवाल उठाने पर मंत्री ने कहा कि 67 करोड़ रुपये की संपत्ति 75 फीसदी ऋण लेकर खरीदी जा रही है। इससे पहले दिन में, शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने दावा किया, ''एक मंत्री के बेटे के प्रमुख स्थान पर एक संपत्ति 67 करोड़ रुपये में खरीदी गई थी।'' वह जाहिर तौर पर मंत्री शिरसाट के बेटे सिद्धांत का जिक्र कर रहे थे, लेकिन उन्होंने उनका नाम नहीं लिया। राउत ने सवाल किया था, ''लेकिन पैसे कहां से आये?'' शिरसाट ने कहा कि उन्हें बदनाम करने के लिए उन पर ये आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने पूछा कि क्या हमारे बच्चों को व्यवसाय नहीं करना चाहिए?

## पंजाब में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट चार मजदूरों की मौत, 27 घायल

मुक्तसर, 30 मई (एजेंसियां)। मुक्तसर के लंबी हलके के निकटवर्ती गांव सिंघेवाला-फतूहीवाला के खेतों में स्थित एक पटाखा फैक्टरी में वीरवार देर रात भयंकर विस्फोट हो गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। जबकि करीब 27 मजदूरों के गंभीर रूप से घायल होने की प्रारंभिक रिपोर्ट आ रही है। घायलों को बठिंडा एम्स रेफर कर दिया गया है। बताते हैं कि इस विस्फोट में फैक्टरी की दो मंजिलें पल भर में मलबे में बदल गई। यह दुर्घटना फैक्टरी के पटाखा बनाने वाले यूनिट में रात्रि करीब साढ़े बारह बजे घटित हुई। बताया जाता है कि फैक्टरी में पटाखे बनाने का काम उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी ठेकेदार राज कुमार के अधीन होता था। ठेकेदार घटना के बाद से फरार है। कंपनी के खाली बक्सों से भरा हरियाणा नंबर का एक छोटा हाथी भी बरामद किया गया है। विस्फोट की तेज आवाज कई किलोमीटर तक सुनी गई। फैक्टरी की पैकिंग यूनिट में काम करने वाले प्रवासी श्रमिकों के अनुसार, यहां दो शिफ्टों में करीब 40 कर्मचारी काम करते थे, जिनमें से कुछ अपने परिवारों के साथ यहां रहते थे। बताया जा रहा है कि अधिकतर कर्मचारी उत्तर प्रदेश और बिहार के थे। कारीगर अरुण सक्सेना ने बताया कि वह देर रात फैक्टरी के सामने खुले आसमान के नीचे सो रहे थे। अचानक विस्फोट हुआ और कुछ ही पलो में पूरी इमारत ताश के पत्तों की तरह ढेर हो गई तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलने पर एसएसपी डा। अखिल चौधरी,एसपी (डी) मनमीत सिंह, लंबी के डीएसपी जसपाल सिंह और थाना किल्लियांवाली के प्रभारी कर्मजीत कौर मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर डेरा सच्चा सौदा सिरसा की ग्रीन एस फोर्स के कार्यकर्ता राहत कार्य में लगे हुए हैं तथा हाइड्रो मशीन की मदद से हमले का मलबा हटाया जा रहा है।

## बीजेपी पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर का ऑपरेशन सिंदूर पर बड़ा बयान

### 'पाकिस्तान से आतंकी नहीं मुसलमान आए और नाम और धर्म पूछकर हिन्दुओं को मार दिया'



भोपाल, 30 मई (एजेंसियां)। अपने बयानों से विवादों में रहने वालीं बीजेपी की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने एक बार फिर ऐसी बात कह दी है, जो चर्चा का विषय बन गई है। पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछ कर लोगों की हत्या के बदले में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर प्रज्ञा ठाकुर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, आतंकियों ने नहीं, सीधी सी बात है कि पाकिस्तान से मुस्लिम आए और नाम और धर्म पूछकर हिन्दुओं को मार दिया। पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा, मुस्लिम ने हिन्दुओं पर गोलियां बरसाईं और उनकी हत्या की। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर हिन्दुत्व का प्रतीक है। सिन्दूर हिन्दुओं में सुहाग का प्रतीक माना जाता है। पाकिस्तान से आए लोगों ने पहलगाम में महिलाओं के सुहाग को उजाड़ दिया, इसलिए इसका नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया। पाकिस्तान और मुसलमानों ने हमारी भावनाओं को आहत किया है। प्रज्ञा ठाकुर ने आगे कहा, "यह बहुत ही वीभत्स और हृदयविदारक घटना है। जिन लोगों ने हत्याएं की हैं, उनको भारत नहीं छोड़ेगा। उस देश को भारत नहीं छोड़ेगा, जहां से ये पनपते और पलते हैं।

**'पाकिस्तान में सभी आतंकी हैं'- प्रज्ञा ठाकुर**

पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा, यह बात सत्य है कि पाकिस्तान में सभी आतंकी हैं। चाहे उनकी सेना हो, चाहे मुख्यमंत्री हों या प्रधानमंत्री हों, सभी आतंकवादी हैं। इसलिए उनको आतंकवादी कह सकते हैं, लेकिन ये भारत में मुसलमान बनकर आए थे और हिन्दुओं को धर्म पूछकर मारा। मुसलमानों को नहीं मारा। ये तय कर के आए थे। अगर किसी ने झूठ कह दिया कि हम मुसलमान हैं, तो उनसे कलमा पढ़ने के लिए बोला। नहीं पढ़ पाए तो उन्हें मार दिया गया।

**उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती पर प्रज्ञा ठाकुर**

आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा था केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य के पास नहीं बल्कि उप राज्यपाल के पास होती है। इसपर बीजेपी नेता प्रज्ञा ठाकुर ने कहा, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती ऐसे लोग हैं जो कभी नहीं चाहते कि अनुच्छेद-370 हटाया जाए। महबूबा मुफ्ती ने कहा भी था कि अगर 370 हटाई गई तो खून की नदियां बह जाएंगी। इन लोगों के रहते हुए कश्मीर में कभी शांति स्थापित नहीं हो सकती।

## कहां है दो साल का मासूम दिव्यम

### कांग्रेस एमएलए देवेंद्र पटेल का पोता गायब पुलिस चप्पे-चप्पे पर कर रही तलाश

रायसेन, 30 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के रायसेन के सिलवानी बेगमगंज विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल के काका के परिवार में योगेंद्र पटेल का 2 वर्षीय बेटा दिव्यम पटेल गायब हो गया, जो रिश्ते में उनका पोता लगता है। बच्चा अपने गांव पलोहा वाले घर से जिस समय गायब हुआ। उस समय घर पर सिर्फ महिलाएं भी मौजूद थीं। इनमें योगेंद्र पटेल की पत्नी, 7 वर्षीय बेटी, मां और भाई राजू की पत्नी थे। बच्चे के गायब होने की जानकारी जैसे ही मिली क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जहां घटनास्थल पर विधायक देवेंद्र पटेल, पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कमलेश खरपूसे , एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, सिलवानी एसडीओपी अनिल मौर्य, बेगमगंज थाना प्रभारी राजीव उइके के साथ गैरतगंज टीआई समेत भारी पुलिस बल पहुंचा और बच्चे की तलाश में जुट गए। इसके साथ ही मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची, जो खोजबीन में जुटी हुई है।

वहीं ड्रोन कैमरे से भी बच्चे को ढूंढ़ा जा रहा है। जब पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज चेक की, तो उसमें बच्चा सुबह 11 बजकर 2 मिनट तक घर के आंगन में बैठकर सेब खाता दिख रहा है। लेकिन इसके बाद बच्चा कहीं भी नजर नहीं आया। घर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए हैं। मैन गेट पर भी सीसीटीवी कैमरा लगा है। लेकिन किसी में भी 11 बजे के बाद बच्चा दिखाई नहीं दे रहा है। जांच के दौरान पुलिस डॉग घर के पीछे से करीब दो किमी दूर बसिया ढाबे तक पुलिस को लेकर गया और फिर वहीं रुक गया। इसके बाद वह आगे नहीं बढ़ा। ऐसे में पुलिस इसी इलाके में बच्चे को ढूंढ़ रही है।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 31 मई - 2025

# आरजेडी में उत्तराधिकार की चुनौती

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अपने बडे बेटे तेज प्रताप को पार्टी व परिवार से महज इसलिए बेदखल कर दिया कि उन्होंने उनकी मर्जी के खिलाफ अनुष्का नामक लडकी से लिव इन रिलेशन की बात सार्वजनिक कर दी। पार्टी में ही चर्चा चलने लगी है कि यह डैमेज कंट्रोल की लालू स्टाइल है। लेकिन बात इतनी आगे बढ़ चुकी है कि इससे राजद को आगामी विधानसभा चुनाव में मुश्किलों का सामना करना पड सकता है। भले ही यह मामला तेज प्रताप के निजी जिंदगी से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है, लेकिन उन पर जिस तरह का एक्शन हुआ, उससे जाहिर है कि इसकी परछाई का डर लालू परिवार और उसकी सियासत पर पड़ने से नहीं रुकेगा। लालू के बडे लाल तेज प्रताप ने 2015 में पहला चुनाव लड़ा था और जीत कर लौटे तो नीतीश सरकार में स्वास्थ्य व पर्यावरण मंत्री बने थे। उसके बाद से ही उन्होंने कई बार परिवार व पार्टी के लिए असहज स्थिति पैदा किए हैं। वह सिलसिला आज भी चल रहा है। उनकी नादानी को लेकर हर बार परिवार-पार्टी को उनके बचाव में उतरना पड़ा। लेकिन, उनकी कुछ हरकतों ने राजद के परंपरागत समर्थक वर्ग को भी नाराज किया है। बिहार के पूर्व सीएम दरोगा राय की पौत्री के साथ उनकी शादी बहुत ही धूमधाम से की गई थी लेकिन बाद में तेज प्रताप से पत्नी को छोड दिया। उनकी असफल शादी अब कोर्ट में तलाक का मुकाबला कर रही है। उनकी इस हरकत ने पूरे परिवार की किरकिरी करा दी है। आरजेडी में अपनी भूमिका और कद को लेकर तेज प्रताप सीधे तौर पर असंतुष्ट दिखाई देते थे। जब तब उन्होंने अपना गुस्सा भी जाहिर किया था। लालू के उत्तराधिकार के लिए दोनों भाइयों के बीच होड़ की खबरें आती रहीं और यह लड़ाई 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उस समय सतह पर आ गई, जब तेज प्रताप ने एक अलग मोर्चा ही बना डाला। 2020 के विधानसभा चुनाव में यह स्पष्ट हो गया कि लालू ने अपना उत्तराधिकारी तेजस्वी को चुन लिया है। इस बार आरजेडी का पूरा जोर है कि चुनावी मैदान में उतरने से पहले महागठबंधन की तरफ से सीएम पद का चेहरा तेजस्वी को घोषित कर दिया जाए। हालांकि इसके लिए सभी सहयोगी दलों के बीच सहमति बनाना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में 75 सीटों के साथ आरजेडी राज्य में सबसे बड़ा दल बनकर उभरा था। पार्टी अपना वही दबदबा गठबंधन के भीतर भी कायम रखना चाहती है। तेजस्वी उस जीत की खुमार से अभी तक उबरे नहीं हैं। जबकि कांग्रेस ने भी ताल ठोंक दिया है कि उसे पिछलग्गू नहीं, बराबरी का दर्जा चाहिए। पिछले दिनों अपनी राज्य इकाई में बदलाव कर उसने यह मेसेज दे दिया था। राजद के सामने सीट बंटवारे की चुनौती है। उस पर कांग्रेस ही नहीं, वामदल और मुकेश सहनी की वीआईपी जैसे घटक दलों का भी दबाव है। महागठबंधन की तुलना में एनडीए में फिलहाल ज्यादा सामंजस्य दिखाई दे रहा है। बीजेपी ने साफ कर दिया है कि चुनाव नीतीश कुमार के चेहरे पर ही लड़ा जाएगा। ऐसा नहीं है कि यहां सीट बंटवारे का फॉर्म्युला फिक्स हो चुका है, लेकिन अगर कोई परेशानी है भी तो वह सतह पर नजर नहीं दिखाई दे रही है। बहरहाल, लालू परिवार में बिखराव का क्या असर पडता है, यह तो विधानसभा चुनाव में ही जाहिर हो सकता है।

# एमएसपी घोषणा सकारात्मक पहल तो चाकचोबंद खरीद व्यवस्था भी जरुरी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा खरीफ की बुवाई से पहले ही करने को किसानों के हित में सकारात्मक पहल के रुप में देखा जाना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा एक तो समय पूर्व समर्थन मूल्यों की घोषणा की जा रही है वहीं दूसरी और भविष्य की रणनीति के तहत आवश्यकतानुसार उत्पादन बढाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी कदम बढ़ाये जा रहे हैं। सरकार द्वारा श्री अन्न को जहां अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का सफल प्रयास किया गया है वहीं देश को दलहन और तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है तो तिलहन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आगामी खरीफ के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्यों में रामतिल के भावों में सर्वाधिक 820 रु. की बढ़ोतरी करते हुए 9537 रु. प्रति क्विंटल एमएसपी घोषित की गई है। इसी तरह से तिल की एमएसपी में 579 रु., सोयाबीन में 436 रु., सूरजमुखी में 441 रु. और मूंगफली की एमएसपी में 480 रु. की बढ़ोतरी की गई है। ठीक इसी तरह से उड़द में 400 रु. तो मूंग की एमएसपी में 86 रु. और अरहर की एमएसपी में 450 रु. की बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह से बाजरा, रागी, ज्वार, कपास, धान आदि अन्य खरीफ फसलों की एमएसपी दरों में बढ़ोतरी की गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि जहां तक एमएसपी दरों की घोषणा की बात है सरकार की ईच्छा शक्ति पर किसी तरह का संदेह नहीं किया जा सकता है। मोदी सरकार के 2013-14 से 2025-26 तक के कार्यकाल की एमएसपी दरों में बढ़ोतरी निश्चित रुप से सकारात्मक दिषा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। 2013-14 की तुलना में 226 प्रतिशत की बढ़ोतरी रागी के समर्थन मूल्य में की गई है। बाजरा में 122 प्रतिशत तो ज्वार की एमएसपी में 147 प्रतिशत तक की बढोतरी हो चुकी है। दलहन और तिलहन की खरीफ फसलों में भी 82 प्रतिशत से रामतिल में 172 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। सरकार का यह भी दावा है कि एमएसपी घोषणा करने से पहले सरकार ने फसलों की लागत के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा है और लागत से कहीं अधिक एमएसपी दर जारी की गई है। किसान आंदोलनों के दौरान सबसे अहम् मुद्दा एमएसपी को लेकर ही रहता आया है। सरकार एक और एमएसपी दरों में बढ़ोतरी और एमएसपी पर खरीद का दावा कर रही है और यह दावा एक हद तक सही भी है पर दूसरी और किसान नेताओं का यह कहना रहा है कि सरकार एमएसपी दरों की घोषणा के साथ ही एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। केन्द्र सरकार की और से एफसीआई और नेफैड एमएसपी खरीद के लिए नोडल संस्था है तो कपास की खरीद सीसीआई द्वारा की जाती है। राज्यों में एफसीआई व नेफैड के लिए खरीद सुविधा में राज्यों की सहकारी विपणन संस्थाएं प्रमुखता से सहभागी रहती है। खरीद की व्यवस्था को भी पारदर्शी और ऑनलाईन कर दिया गया है और रजिस्ट्रेशन से लेकर सीधे खातों में भुगतान तक की व्यवस्था ऑनलाईन की गई है। पर कहीं ना कही व्यवस्था में झोल अवश्य है। इसको यों समझा जा सकता है कि एक समय था तब सरकारी खरीद शुरु होने की घोषणा और लगभग 10 से 15 प्रतिशत उत्पादन की खरीद होते होते मण्डियों में भाव एमएसपी के आसपास आ जाते थे।

# आम नागरिकों के जीवन में भी दिखे आर्थिकी की खुशहाली !



मनोज कुमार अग्रवाल

आंकड़े बता रहे हैं कि जापान को पीछे छोड़कर भारत का दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है निःसंदेह यह ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिस पर देश के प्रत्येक नागरिक को गर्व महसूस हो रहा होगा। साथ ही चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बनना वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती महता को भी दर्शाता है, जो 2047 तक भारत को विकसित देश बनने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा। निःसंदेह ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार प्रशंसा की पात्र है, क्योंकि प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों के कारण देश इस बड़े मुकाम तक पहुंचा है।एक ओर हमारे देश की अर्थव्यवस्था में सुधार के यह आंकड़े पूरे विश्व का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं वहीं बेरोजगारी गरीबी 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन और लगातार भूख कर्ज के कारण बढ़ती आत्महत्या की घटनाएं अर्थव्यवस्था के इस आभा मंडल का मुंह चिढ़ा रहीं हैं। देश भर में औसतन 2 लाख सालाना आत्महत्या सामने आती हैं जबकि इन मरने वालों में औसतन सालाना 16 हजार किसान सुसाइड करते हैं। अंतरराष्ट्रीय खुशहाली सूचकांक में भारत की स्थिति काफी बदतर बनी है। हालांकि 2014 में मोदी सरकार सत्ता में आयी थी, तो भारत की अर्थव्यवस्था, ऐसी उभरती अर्थव्यवस्था थी जो ग्रोथ की अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विदेशी निवेश पर बहुत ज्यादा निर्भर थीं। इनमें तुर्की, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया शामिल थे। अब इंडिया दुनियी की चौथी पांचों सबसे बड़ी इकोनॉमी बन गई है। करेंट प्राइस पर इंडिया की जीडीपी 2014 में 1,12,36,635 करोड़ थी, जो अब 4.187 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गयी है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने भी इसकी घोषणा करते हुए कहा कि भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उनकी आर्थिक सुधारों, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी विकास के प्रति अडिग प्रतिबद्धता ने भारत को वैश्विक मंच पर प्रमुख स्थान दिलाया है। भारत ने यह मुकाम ऐसे समय में हासिल किया है, जबकि अमेरिकी टैरिफ के चलते दुनिया में हलचल है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ भी भारत की ग्रोथ को नहीं रोक सका है और न ही पाकिस्तान के साथ तनाव का भारत के आर्थिक विकास पर कोई असर पड़ा है। भारत लंबे समय से दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना हुआ था और अब उसने जापान को पीछे छोड़ दिया है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए सुधार, संघर्ष और पुनरुत्थान की कहानी है। उनका जन-हितैषी दृष्टिकोण, राजकोषीय अनुशासन और व्यवसाय समर्थक नीतियां भारत को विश्व की आर्थिक शक्ति बना रही है। यह छोटे व्यापारियों व्यापारियों के लिए बड़े कारो कारोवारी बनने का एक सुनहरा अवसर है, जिससे उन्हें वित्तीय अनुशासन, सशक्तिकरण और डिजिटल तकनीक को तेजी से अपनाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत ने न केवल वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं का सफलतापूर्वक सामना किया है, बल्कि दीर्घकालिक और सतत विकास की एक मजबूत नींव भी रखी है। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, गति शक्ति और पीएलआई योजनाओं जैसे रणनीतिक अभियानों ने प्रमुख क्षेत्रों को पुनर्जीवित किया है, बुनियादी ढांचे को सशक किया है और रिकॉर्ड स्तर पर विदेशी निवेश को आकर्षित किया है। भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। अब भारत की अर्थव्यवस्था चार बिलियन डॉलर की हो चुकी है। अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में इस समय भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी रह गए हैं। भारत की इस तेज रफ्तार वृद्धि के पीछे निर्माण क्षेत्र की ताकत को सबसे प्रमुख माना जा रहा है। आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए निर्माण क्षेत्र में लगातार भारी व्यय किया है। सड़क मार्ग, रेल परिवहन, पोर्ट निर्माण और आवासीय भवनों के निर्माण को केंद्र सरकार ने अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। इसका लाभ कोर सेक्टर के स्टील, सीमेंट, बिजली, तेल सहित औद्योगिक सेक्टर के 50 बड़े क्षेत्रों को मिला है। इससे इसके साथ जुड़े अन्य सेक्टरों में भी तेज वृद्धि देखी गई है। केंद्र सरकार ने देश में लगातार निवेश का माहौल बेहतर बनाए रखा है। इसका असर हुआ है कि विदेशी निवेशकों ने यहां निवेश को अपनी प्राथमिकता बना रखा है। इससे देश के अनेक क्षेत्रों में पर्याप्त निवेश प्राप्त हुआ है और इससे इन सेक्टरों को बढ़ाने में वित्तीय मदद मिली है। अभी जिस तरह के वैश्विक माहौल बने हैं, उसमें आगे भी भारत में निवेश की संभावनाएं बेहतर बनी रह सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हथियारों के निर्माण को अपनी प्राथमिकता में रखा है। इसका यह असर हुआ है कि भारत आज दुनिया में हथियार आयातकों के साथ-साथ हथियारों का बड़ा निर्यातक भी बन चुका है। आज भारत के ब्रह्मोस, आकाश और अन्य आयुध निर्माण की खरीद करने वाले दर्जनों देश की सेवाएं ले रहे हैं। इससे भी भारत की धमक पूरी दुनिया में बढ़ी है, लेकिन केंद्र सरकार के इस कदम ने भारत को न केवल हथियारों का निर्यातक बनाया है, बल्कि इसके जरिए भारत को बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी प्राप्त हुई है।है। जिस तरह भारत ने मोबाइल निर्माण के सेक्टर में अपनी ताकत दिखाई है, अब वह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल उत्पादक और निर्यातक देश होने का सम्मान हासिल किया है। स्मार्ट चिप के निर्माण और सोलर पैनल के निर्माण के क्षेत्र में भी भारत लगातार अपनी बढ़त बना रहा है। आने वाले समय में भारत चिप निर्माण के क्षेत्र में भी दुनिया की चुनिंदा शक्तियों में शामिल हो जाएगा। वर्ल्ड बैंक से लेकर आईएमएफ तक और तमाम ग्लोबल एजेंसियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था का लोहा माना है और आगे भी भारत की जीडीप ग्रोथ रफ्तार सबसे आगे रहने की बात अपनी हालिया जारी रिपोर्ट्स में कही है। ऐसे में बीते दिनों केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में अनुमान जाहिर करते हुए कहा गया है कि चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.8 फीसदी रहने का अनुमान है, जिससे वित्त वर्ष 2025 की कुल ग्रोथ रेट 6.3 फीसदी रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि, होटल और परिवहन के साथ ही मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में मजबूत परफॉरमेंस से ग्रोथ को गति मिल रही है। भारत का अगला लक्ष्य जर्मनी को पीछे छोड़ कर तीसरी अर्थव्यवस्था बनना है आइएमएफ के अनुमानों के अनुसार आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

हालांकि कुछ चुनौतियां भी समय के साथ आने वाली हैं। भारत अब निर्माण के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। लेकिन अब भारत को औद्योगिक विकास के चौथे चरण के लिए तैयार होना चाहिए, जहां ऑटोमेशन की सबसे बड़ी भूमिका होगी। अमेरिका, चीन, ताइवान और अन्य यूरोपीय देशों के मामले में अपने उत्पादों की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उसे सर्कुलर ईकोनॉमी का अगुवा भी बनना पड़ेगा। इस समय भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऑटोमेशन के कारण बेरोजगार हुए लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की होगी। इसके लिए सरकार को एक तरफ कामगर आबादी को तकनीकी दक्ष बनानी होगी, वहीं श्रम आधारित रोजगार भी बनाए रखने होंगे। यह उपलब्धि कृषि और निर्माण क्षेत्र में भारी निवेश करके ही हासिल किया जा सकता है। उम्मीद यही है कि सभी चुनौतियों का सामना करते हुए भारत जल्द ही दुनिया तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश भी बन जाएगा। हमें ध्यान देना होगा कि अर्थव्यवस्था के साथ साथ इसका असर आम जनजीवन पर दीखना चाहिए आम आदमी खुशहाली को महसूस करे तरक्की सिर्फ कुछ पूंजीपति या अधिकार संपन्न लोगों के गलियारों में सिमट कर नहीं रहनी चाहिए तभी इसे सही मायने में दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के लक्ष्य को पूरा करने में कामयाब माना जाएगा।

# ट्रंप के पाक-प्रेम से सबक सीखे भारत



राज कुमार सिंह

कभी जिन डोनल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी की दोस्ती के चर्चे थे, आज उनमें संवादहीनता का असर अमेरिका और भारत के रिश्तों पर साफ दिख रहा है। बेशक ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी अमेरिका गये। वहां दोनों में बात भी हुई। संभव है, पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर के बीच भी दोनों में बात हुई हो, लेकिन ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भारत के प्रति अमेरिका का व्यवहार एकदम बदला हुआ दिख रहा है। भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव में अचानक संघर्ष विराम कराने और उसमें व्यापार रोकने की धमकी की भूमिका जैसे ट्रंप के दावे इस बदलाव की पराकाष्ठा हैं। यह बहस का विषय है कि दो देशों के बीच रिश्तों में शासनाध्यक्षों की मित्रता की कोई भूमिका रहती भी है या फिर देशों के हित ही निर्णायक होते हैं? लेकिन ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करनेवाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह 'महान देश' बताते हुए एक ही श्रेणी में रखा, वह बेहद आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इनकार के जगजाहिर स्टैंड के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा।

अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं। रूस-यूक्रेन तथा इस्राइल-गाजा युद्ध में किसी ने नहीं सुनी तो भारत और पाकिस्तान के बीच ही जबरन चौधराहट सही। लेकिन इसके दूरगामी परिणाम नजरअंदाज नहीं किये जा सकते। बेशक अतीत में भी अमेरिका अकसर पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा नजर आया है, लेकिन पिछले तीन दशक में उसके रिश्ते भारत से भी बेहतर हुए हैं। डोनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से भी बहुत पहले अमेरिका-भारत के बीच परमाणु संधि उसका बड़ा प्रमाण है। फिर क्यों ट्रंप का अमेरिका, मित्र भारत की हर मोर्चे पर घेराबंदी करने में जुटा है? बात शुरू से शुरू करते हैं। ट्रंप ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी चीन के राष्ट्रपति तक को अपने शपथ ग्रहण का निमंत्रण भेजा, पर मोदी को नहीं। माना कि चार साल बाद सत्ता में ट्रंप की वापसी में उनके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने और अमेरिका को फिर महान बनाने के चुनावी वायदों की बड़ी भूमिका रही, पर क्या उसके लिए अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी-बेड़ियों में भेजना जरूरी था? अन्य देशों के अवैध प्रवासियों के साथ तो ट्रंप ने ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं किया। अमेरिका और भारत, दो बड़े कारोबारी साझेदार हैं। फिर भी उन्होंने भारत को ऊंची टैरिफ लगाने का आदी बताते हुए गंभीर आरोप लगाया। दो देशों के बीच टैरिफ का मामला बातचीत की मेज पर ही तय होता है, लेकिन ट्रंप ने भारत समेत अनेक देशों के विरुद्ध जैसे 'टैरिफ वॉर' ही छेड़ दिया, जिसका दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। अंततः बातचीत की मेज पर ही आना पड़ा। अगर अमेरिका का चीन से टैरिफ समझौता हो सकता है तो भारत से भी हो ही जायेगा, लेकिन ट्रंप बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर एक-एक कर भारत से निर्माण समेटने का दबाव बना रहे हैं। यह निश्चय ही अमेरिका को पुनः महान बनाने से ज्यादा भारत को निशाना बनाने की कवायद है। ट्रंप ने पहले एप्पल को भारत में निर्माण करने पर ऊंची टैरिफ के लिए धमकाया और अब सैमसंग समेत अन्य कंपनियों पर भी भारत के बजाय अमेरिका में निर्माण का दबाव बना रहे हैं।

यह मित्र देश का व्यवहार तो हरगिज नहीं। सीरिया का मौजूदा अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा कभी खूंखार आतंकवादी अबू मोहम्मद अल- जोलानी के नाम से जाना जाता था। तब 2013 में अमेरिका ने उसे 'ग्लोबल टेररिस्ट' घोषित कराते हुए उस पर 10 मिलियन डॉलर का ईनाम रखा था, लेकिन पिछले दिनों रियाद में ट्रंप उसीके साथ हाथ मिला कर फोटो खिंचवाते नजर आये। सीरिया पर लगाये गये प्रतिबंध हटाये जाने की भी खबरें हैं। समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि मूलतः व्यापारी ट्रंप की राजनीति, और अब कूटनीति भी कारोबारी हितों से ही संचालित हो रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश अमेरिका, जिसके राष्ट्रपति को दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी माना जाता है-- का ऐसा आचरण विश्व समुदाय के लिए गहरी चिंता का विषय होना चाहिए। अब वापस भारत के प्रति अमेरिकी व्यवहार पर लौटते हैं। पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद की सबसे बड़ी नर्सरी है—यह बात अमेरिका अच्छी तरह जानता है। आखिर अमेरिका पर 9/ 11 के आतंकी हमलों का मुख्य षड्यंत्रकारी अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के ऐबटाबाद में ही मारा गया था। भारत में पाक प्रायोजित आतंकी हमलों के सबूत भी अमेरिका समेत विश्व समुदाय को समय-समय पर दिये जाते रहे हैं। इसके बावजूद हालिया सैन्य टकराव में व्यापार बंद करने की धमकी दे कर संघर्ष विराम कराने का दावा करते हुए ट्रंप ने जिस भारत और पाकिस्तान तथा उनके नेतृत्व को समान रूप से 'महान' बताया, वह कूटनीतिक मर्यादा और प्राकृतिक न्याय, दोनों के विपरीत है।

इसके बावजूद ट्रंप ऐसा कर रहे हैं तो निश्चय ही उसके कारण भी होंगे। शीत युद्ध काल में अफगानिस्तान से सोवियत संघ समर्थक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए, अमेरिका के लिए ही, पाकिस्तान ने तालिबानी आतंकवाद को पाला-पोसा। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनका देश पश्चिमी देशों के लिए यह पाप अरसे से करता रहा है। बेशक अमेरिका, पाकिस्तान का इस्तेमाल अपनी भू-राजनीतिक रणनीति में करता रहा है। बदले में उसे खुले हाथों सैन्य और आर्थिक मदद दी जाती रही है।

ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भी सब कुछ वैसे ही चल रहा है। भविष्य में भी रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आती। खुद आर्थिक मदद देने के अलावा पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज दिलवाने में भी अमेरिका की भूमिका रही। दरअसल, अमेरिका के रणनीतिक हितों के अलावा अब कारोबारी हितों की भी चर्चा है। पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर से पहले पाकिस्तान के साथ क्रिप्टो करंसी डील करनेवाली अमेरिकी कंपनी में ट्रंप परिवार के भी कारोबारी हित बताये जाते हैं। उधर पाकिस्तान की खनिज संपदा के दोहन के लिए भी अमेरिका लगातार प्रयासरत है। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका की सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के मुकाबले एक आतंकवादी देश पाकिस्तान पर इस मेहरबानी के कारण समझने के बावजूद मित्रता की खुशफहमी हमारी समझदारी नहीं। ट्रंप की अवसरवादी कूटनीति से सही सबक ले कर भारत को भी अपनी रणनीतिक प्राथमिकताएं

# 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'

## कई घातक बीमारियों के जन्मदाता हैं तंबाकू उत्पाद



योगेश कुमार गोयल

पिछले कई दशकों में तंबाकू उत्पादों को लेकर दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों के आधार पर सर्वविदित तथ्य यही है कि धूम्रपान करना अथवा किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान अथवा तंबाकू उत्पादों के सेवन से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोध यह प्रमाणित कर चुके हैं कि धूम्रपान अथवा तंबाकू उत्पादों के सेवन करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान सहित तमाम तंबाकू उत्पाद ऐसा धीमा जहर हैं, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटते हैं। ये शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देते है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनते हैं।

लोगों को तंबाकू को छोड़ने और इसे कभी हाथ नहीं लगाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष विश्वभर में 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करना है, जो दुनियाभर में प्रतिवर्ष लाखों मौतों का कारण बनता है। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस 'अपील का पर्दाफाशः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना' थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम निर्धारित करते समय तंबाकू उद्योग द्वारा युवाओं को टारगेट करते हुए बनाए गए मार्केटिंग के तरीकों की चिंता बढ़ाने वाली प्रवृत्ति की ओर खास ध्यान दिया गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार सोशल मीडिया और लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म इत्यादि के जरिये दुनियाभर में युवा तेजी से तंबाकू उत्पादों के आकर्षण और संपर्क में आ रहे हैं, जो उनके स्वास्थ्य और समाज कल्याण के लिए एक बड़ा खतरा है। दुनियाभर के सर्वेक्षण लगातार दिखा रहे हैं कि अधिकांश देशों में 13-15 वर्ष की आयु के बच्चे तंबाकू और निकोटीन उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

वैसे तो हुक्का, गुटखा, खैनी, जर्दा इत्यादि तमाम तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं लेकिन इसका सबसे हानिकारक रूप है धूम्रपान, जो हर साल लाखों लोगों की मौत का कारण बनता है। धूम्रपान करने वालों द्वारा सालभर में सात हजार करोड़ से ज्यादा सिगरेटें फूंक दी जाती हैं।

हर साल फूंकी जाने वाली इन्हीं सिगरेटों के धुएं से वातावरण भी कितना प्रदूषित होता है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि इस खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। हालांकि सिगरेटें महंगी होने के कारण भारत में बीड़ी का प्रचलन निम्न तथा मध्यमवर्गीय तबके में ज्यादा है और ऐसा अनुमान है कि देश में प्रतिवर्ष सौ अरब रुपये मूल्य से भी अधिक की बीड़ियों का सेवन किया जाता है। एक सरकारी अध्ययन के मुताबिक तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के इलाज पर सालभर में करीब 1.04 लाख करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण 2019 में 77 लाख लोगों की मौत हुई, जिनमें से 17 लाख मौतें इस्केमिक हार्ट डिजीज के कारण, 16 लाख सीपीओडी के कारण, 13 लाख ट्रैकियल, ब्रोंकस और फेफड़ों के कैंसर से तथा 10 लाख स्ट्रोक के कारण हुई। रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं।

# कुएँ सूने, ख्वाब अधूरे, खेत वीराने



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

हाईवे के किनारे बिखरे पान के पत्तों की तरह बचे-खुचे वो गांव अब इतिहास नहीं, उपहास हैं। जहां कभी साँझ होते ही चौपालें जमती थीं, वहाँ अब भूसे उड़ते हैं और दीवारें गूंगी हो गई हैं। नहर का पानी नहीं आता, पर अफसरों की फाइलें बहती रहती हैं। भैंसें अब शहर में एमबीए कर रही हैं और खेत, बेरोजगारी की पीएचडी। सरकार के नुमाइंदे आए थे, बोले-गांव का कायाकल्प करेंगे! गांववालों ने सोचा, अब तो स्वर्ग उतरेगा। पर हुआ क्या? एक नाली बनी, वो भी तीन बार टूटी और चार बार बनी। अब वो नाली नहीं, इतिहास की सुरंग है-हर बार उसमें उम्मीदें गिरकर दम तोड़ देती हैं। काका, बिजली कब आएगी?-बच्चा, पहले इलेक्शन आएगा। और जब बिजली आई, तो गांव में सिर्फ एक बल्ब जला, वो भी मंत्री जी के पोस्टर के सामने, ताकि रात को भी विकास चमके। बच्चों के स्कूल में अध्यापक आए थे-चुनाव प्रचार करने। शिक्षा की किताबें अब आलमारी में नहीं, चाय की थड़ियों पर पढ़ी जाती हैं, विषय-'सरकारी जुमले विज्ञान'। यहाँ 'पाठशाला' शब्द अब बीते दिनों की प्रेमकथा है, जिसमें 'अध्यापक' सिर्फ कल्पनाओं में आते हैं, और 'पढ़ाई' केवल स्लोगन बनकर पुतले पर टँगी है। कभी जिन खेतों में गेहूं लहराता था, अब वहाँ टावर लहराते हैं, मोबाइल के। किसान अब यूट्यूब पर खेती सीखते हैं, और उगाते हैं-आशाएँ। ट्रैक्टर खरीदने के लिए साहूकार की पर्ची चाहिए, और मरने के लिए सरकार की स्कीम। बीज के साथ उम्मीदें बोई जाती हैं, और फसल के साथ कर्ज उगता है। मौसम भगवान भरोसे है, पर बीमा कंपनी का एजेंट खुद भगवान बन बैठा है-क्लेम चाहिए? तो पहले फोटो खींचो, फिर खेत जलाओ, फिर मरने की एक्टिंग करो। किसान की आत्महत्या अब आंकड़ों की किताब में एक पंक्ति है-व्यक्तिगत कारणों से। बेटा शहर चला गया है, वहाँ ठेके पर है।-क्या करता है?-चाय बनाता है, और व्हाट्सएप चलाता है। गांव में बचे हैं तो सिर्फ दादी, जो हर सांझ तुलसी के आगे बैठकर प्रेतों से बात करती हैं, और गायें, जिन्हें अब एनजीओ वाले गौमाता कहकर सेल्फी खिंचवाते हैं। पंचायत की मीटिंग में अब लोग नहीं आते, क्योंकि वहाँ पानी की बात नहीं होती, सिर्फ ठेकेदार की जात होती है। जो विकास कभी पोस्टर में मुस्कराता था, अब सिसकता है दीवारों पर-जल्द आ रहा है! गांव की गलियों में अब सिर्फ खामोशी घूमती है, जैसे कोई बुज़ुर्ग अपनी पुरानी स्मृतियों की गठरी लिए दर-दर भटक रहा हो। आंगनों में तुलसी नहीं, कर्ज की पत्तियाँ उगती हैं। पुराने पीपल के नीचे बैठा वो बूढ़ा, अब अपने सवालों के जवाब नहीं माँगता, क्योंकि अब सवाल भी सरकारी हो गए हैं।

# महाभारत: स्वर्ग में दुर्योधन को देखते ही क्यों भड़क उठे थे युधिष्ठिर

## फिर क्या हुआ, क्यों बताए गए 21 तरह के नरक



युधिष्ठिर धर्म और कर्म संबंधी मामलों के विद्वान थे लेकिन जब उन्होंने स्वर्ग में दुर्योधन को देखा, तो वह भड़क गए । क्योंकि उन्हें लगता था कि ये तो होना ही नहीं चाहिए।

जब युधिष्ठिर सशरीर स्वर्ग पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि वहां हर तरह का वैभव, आनंद और सुख-सुविधाएं हैं। अप्सराएं हैं। सुख की बयार है लेकिन उन्होंने जब दुर्योधन को भी वहां सुख भोगते देखा, तो वह क्षुब्ध हो गए। वह भड़क गए। तब उन्होंने क्या कहा। क्यों भड़कते हुए स्वर्ग में रहने से ही इनकार कर दिया।

युधिष्ठिर तो यही सोचकर स्वर्ग में पहुंचे थे कि वहां वो अपने भाइयों और द्रौपदी को दिखेंगे। इसके बजाए उन्होंने वहां दुर्योधन और कौरवों को देखा। उससे स्वर्ग आने का उनका सारा उत्साह ही चला गया। गुस्सा आने लगा।

इसी वजह से वह दुर्योधन के सामने ही भड़क उठे। उन्होंने क्रोध में इंद्र से कहा, जिसने अधर्म किया, भरी सभा में द्रौपदी का अपमान किया, अपने स्वार्थ के लिए अपने बड़ों और गुरुजनों तक का आदर नहीं किया, जिसने भीषण युद्ध कराकर हजारों निर्दोषों का संहार करवाया, वह कैसे स्वर्ग में जगह कैसे मिल सकती है।

### क्रोध में युधिष्ठिर ने क्या कहा

युधिष्ठिर ने इसी बात पर क्रोधित होकर कहा था, "मैं ऐसे पापी के साथ इस स्वर्ग में नहीं रह सकता। अगर दुर्योधन स्वर्ग में है, तो मुझे इस स्वर्ग की जरूरत नहीं।" उन्हें लगा कि यदि धर्म-अधर्म का यह न्याय है, तो फिर इस स्वर्ग में रहने का कोई मूल्य नहीं। दरअसल, युधिष्ठिर धर्मराज कहलाते थे। उनका जीवनभर का विश्वास यही रहा कि धर्म ही सबसे ऊपर है। उन्हें अपने जीवन की समस्त पीड़ाओं और अपनों की मृत्यु का कारण दुर्योधन के अन्याय में दिखता था।

### दुर्योधन आदत के उलट शांत रहा

हालांकि जब वह दुर्योधन के सामने ही उस भड़क रहे थे तो उन्होंने उसको शांत भी देखा। वह हमेशा की तरह पांडवों से मुकाबला करता हुआ और उनके खिलाफ कुछ बोलता भी नजर नहीं आया। बल्कि युधिष्ठिर की इन बातों को सुनकर भी उसने अनसुना कर दिया।

युधिष्ठिर ने जब दुर्योधन को स्वर्ग में सुख भोगते हुए देखा तो युधिष्ठिर के लिए स्वर्ग का आकर्षण ही खत्म हो गया। उन्होंने इंद्र से कहा, "अगर दुर्योधन स्वर्ग में है, तो मैं नरक जाना पसंद करूंगा। कम से कम वहां वे लोग होंगे जिन्होंने धर्म की रक्षा की होगी। अधर्म के विरोध में अपने प्राण गंवाए होंगे।"

तब इन्द्र और यमराज ने उन्हें समझाया कि दुर्योधन ने अपने जीवन में क्षत्रिय धर्म के अनुसार युद्ध में वीरगति पाई थी। उसने वीरता, पराक्रम और शासन के कर्तव्यों का पालन भी किया, इसलिए उसे उसके पुण्य कर्मों का फल स्वर्ग में मिल रहा है। इसे तरीके से जानने के बाद युधिष्ठिर का मन शांत हो पाया।

### पांडव क्यों नरक में

अब आइए जानते हैं कि जब युधिष्ठिर स्वर्ग पहुंचे तो पांडव और द्रौपदी उन्हें वहां क्यों नहीं मिले। जब पांडव और द्रौपदी महाप्रस्थान के लिए हिमालय की ओर गए, तो एक-एक कर द्रौपदी और पांडव मार्ग में गिरते गए। केवल युधिष्ठिर अपने शरीर सहित स्वर्ग जा पाए। दरअसल भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव के साथ द्रौपदी को पहले नरक ले जाया गया। हालांकि कुछ देर के लिए सही।

### तब युधिष्ठिर को नरक में ले जाया गया

युधिष्ठिर को जब स्वर्ग के बाद नरक में ले जाया गया, तो उन्होंने वहां अपने भाइयों (भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव) और द्रौपदी को कष्ट भोगते देखा। ये देखने के बाद उन्हें फिर गुस्सा आ गया। क्योंकि उनके भाई और पत्नी धर्मनिष्ठ और सत्यनिष्ठ थे, फिर भी उन्हें नरक में कष्ट सहना पड़ रहा था। युधिष्ठिर ने इसे भी अन्याय माना। इस स्थिति पर गुस्सा जताया।

# घर में बरकत रोक देती हैं वास्तु से जुड़ी ये 7 गलतियां तुरंत करें सुधार, वरना पूरा परिवार हो जाएगा कंगाल!

हर व्यक्ति चाहता है कि उसके घर में सुख-शांति, बरकत और समृद्धि बनी रहे। हम मेहनत करते हैं ताकि आमदनी बढ़े और खर्चों पर नियंत्रण बना रहे। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि पैसा आता तो है, लेकिन टिकता नहीं। धीरे-धीरे सारे पैसे खत्म हो जाते हैं और जेब हमेशा खाली लगती है। तब लोग सोचते हैं कि किस्मत साथ नहीं दे रही या फिर किसी की बुरी नजर लग गई है। वास्तु शास्त्र कहता है कि इसकी असली वजह आपके ही घर में हो सकती है।



### अलमारी या तिजोरी का मुंह गलत दिशा में होना

जिस अलमारी या तिजोरी में आप पैसे या गहने रखते हैं, उसका मुंह हमेशा उत्तर दिशा की ओर होना चाहिए। उत्तर दिशा को कुबेर दिशा कहा जाता है और कुबेर धन के देवता माने जाते हैं। अगर तिजोरी दक्षिण या पश्चिम दिशा में खुलती है, तो उसमें रखा पैसा लंबे समय तक टिकता नहीं है।

### मुख्य दरवाजे पर गंदगी या टूट-फूट होना

घर का मुख्य दरवाजा सिर्फ लोगों के आने-जाने का रास्ता नहीं होता, बल्कि यहीं से ऊर्जा भी घर में प्रवेश करती है। अगर दरवाजे पर जमी हुई धूल, टूटे टाइल्स, जंग लगे हिस्से या कोई गंदगी है, तो ये सभी चीजें सकारात्मक ऊर्जा के रास्ते में रुकावट बनती हैं और घर की बरकत धीरे-धीरे खत्म होने लगती है।

3। बंद घड़ी और टूटा आईना

अगर आपके घर में बंद पड़ी घड़ी, टूटे हुए शीशे, फटे पोस्टर या खराब बर्तन पड़े हैं, तो इन्हें तुरंत हटा देना चाहिए। ये सभी चीजें नकारात्मक ऊर्जा बढ़ाती हैं और धन की हानि का कारण बन सकती हैं। समय के अनुसार हर चीज को दुरुस्त और सुव्यवस्थित रखना जरूरी होता है।

### तिजोरी के आसपास बेकार सामान

तिजोरी या अलमारी के ऊपर पुराने कपड़े, फाइलें, अखबार या टूटे बक्से नहीं रखने चाहिए। इससे पैसे का फ्लो रुक जाता है और धन धीरे-धीरे कम होने लगता है। तिजोरी के आसपास की जगह को हमेशा साफ और खुला रखें।

### नल से टपकता पानी या लीकेज

अगर घर में कोई नल टपक रहा है, पाइप से पानी लीक हो रहा है या टंकी में से पानी बह रहा है, तो यह संकेत है कि आपके घर से धन भी उसी तरह बह रहा है। इसे तुरंत ठीक कराएं। पानी की बर्बादी के साथ-साथ यह ऊर्जा की हानि भी दर्शाता है।

### दक्षिण-पश्चिम कोना खाली या गंदा होना

घर का दक्षिण-पश्चिम कोना मजबूती और स्थिरता का प्रतीक होता है। अगर यह हिस्सा खाली, गंदा या अव्यवस्थित रहेगा, तो घर की आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है। यहां भारी फर्नीचर या मजबूत अलमारी रखने से स्थिरता बनी रहती है।

### पूजा स्थान की गलत दिशा

घर का मंदिर हमेशा उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) या पूर्व दिशा में होना चाहिए। अगर पूजा घर बाथरूम के पास, सीढ़ियों के नीचे या दक्षिण दिशा में है, तो यह अशुभ फल देता है। इससे घर में तनाव, अशांति और आर्थिक तंगी बढ़ सकती है।

समाधान क्या है?

**घर का मुख्य दरवाजा हमेशा साफ रखें और रोज दीपक जलाएं।**

तिजोरी उत्तर दिशा में रखें और उसमें लाल कपड़े में सिक्के या चांदी का सिक्का रखें।

घर में रखे टूटे, फटे या खराब सामान को तुरंत हटा दें।

लीकेज, टपकते नल या पानी की बर्बादी को तुरंत ठीक कराएं।

तुलसी का पौधा उत्तर-पूर्व दिशा में रखें और रोज उसे जल अर्पित करें।

हर शनिवार को घर के मुख्य दरवाजे पर सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

घर में हल्की खुशबू या धूप-दीप जलाते रहें ताकि वातावरण में पॉजिटिव ऊर्जा बनी रहे।

महीने में एक बार घर में सेंधा नमक का पोंछा लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

# जब उठें तो उठते ही योग की कोई न कोई क्रिया करें

शुभ काम को आज नहीं कल करेंगे, यह विचार ही आपको अधार्मिक बना देगा। धार्मिक व्यक्ति शुभ में विलम्ब नहीं करता और अशुभ को टालने में देर नहीं करता। हमारे जीवन में नित्य दो शुभ घड़ियां आती हैं, एक सोने के ठीक पहले और दूसरा उठने के तुरंत बाद। और हम दोनों समय लापरवाह हो जाते हैं।

यदि नींद की परेशानी आपके जीवन में मंडरा रही है तो इससे बड़ी सावधानी से निपटें। कोशिश करें सोने और उठने का समय नियत हो, यह बार-बार बदले ना। और जब आप उठें तो उठते ही योग की कोई न कोई त्वरित क्रिया करें। हो सके तो पलंग पर ही कर लें अथवा अपने शयन-कक्ष में किसी कुर्सी पर बैठकर करें। वो योग की क्रिया क्या होगी, इसके चयन के लिए आप स्वतंत्र हैं। लेकिन जब सात-आठ घंटे की नींद के बाद पहली बार आपका मेरुदण्ड सीधा हुआ हो तो कोई न कोई योग की क्रिया करें।

और जब रात को सोने जाएं तो नींद आने के ठीक पहले दस मिनट तक कोई काम न करें, एक अंधेरा हो बाहर भी और भीतर भी। एकांत-चिंतन के साथ सोएं।

# रावण ने कैसे बदली कुंभकर्ण की सोच

## गलत संगत और गलत चीजों की वजह से हमारी बुद्धि हो जाती है दूषित; अच्छे लोगों की संगत में रहना चाहिए



रामायण में श्रीराम और रावण के बीच युद्ध चल रहा था। रावण के कई योद्धा मारे जा चुके थे। अंत में रावण ने शक्तिशाली भाई कुंभकर्ण को जगाने का निर्णय लिया।

कुंभकर्ण ब्रह्मा जी के वरदान से 6 महीने तक लगातार सोता रहता था और फिर केवल एक दिन के लिए जागता था। रावण ने उसे नींद से जगाया और युद्ध की स्थिति बताई। जैसे ही कुंभकर्ण नींद से जागा, उसने सबसे पहले रावण से युद्ध की वजह पूछी। जब रावण ने सीता हरण की बात बताई तो कुंभकर्ण ने इस बात का विरोध किया।

कुंभकर्ण ने रावण को समझाते कहा कि भाई, तुमने जो किया, वह अधर्म है। श्रीराम कोई साधारण मानव नहीं हैं। उनका साथ देने वाले लक्ष्मण और हनुमान जैसे बलशाली और धर्मपरायण योद्धा हैं। तुमने पूरी लंका को संकट में डाल दिया है।

रावण ने कुंभकर्ण की ये बातें सुनीं तो उसने सोचा कि ये तो ज्ञान की बातें कर रहा है, रावण को लगा कि कुंभकर्ण कहीं उसके खिलाफ न हो जाए। रावण ने तुरंत ही कुंभकर्ण के सामने मांसहार और शराब रखवा दिए। कुंभकर्ण ने मांस खाया, शराब पी और कुछ ही पलों में उसकी सोच बदल गई।

अब वही कुंभकर्ण, जो अभी तक ज्ञान की बातें कर रहा था, रावण के पक्ष में युद्ध करने को तैयार हो गया।

युद्ध में जब कुंभकर्ण का सामना विभीषण से हुआ। विभीषण श्रीराम के पक्ष में था। विभीषण ने कहा कि मैंने भाई रावण को बहुत समझाया था, लेकिन जब उसने मेरी नहीं मानी और मुझे लात मारकर निकाल दिया तो मैंने श्रीराम की शरण ले ली।

कुंभकर्ण ने जवाब दिया कि भाई, तूने ये अच्छा किया। तूने धर्म का रास्ता चुना, लेकिन मैं अब ऐसा नहीं कर सकता। मैंने मांस-मदिरा का सेवन कर लिया है। अब मेरे मन पर रावण छा गया है। मैं जानता हूं कि मैं गलत कर रहा हूं, फिर भी मैं रावण के लिए युद्ध करूंगा।

### प्रसंग से सीखें जीवन प्रबंधन के 3 सूत्र

ज्ञान होना काफी नहीं है, विवेक भी जरूरी है - कुंभकर्ण के पास धर्म का ज्ञान था, लेकिन मांस और शराब के सेवन ने उसकी बुद्धि को दूषित कर दिया। बुरे चीजें और बुरी संगत इंसान को उसकी सही सोच से भटका देती है।

**बुरी संगत और बुरी आदतें विवेक को कमजोर करती हैं** – कुंभकर्ण ने विभीषण के सामने स्वीकार किया कि उसे सही-गलत का पता है, लेकिन रावण की संगत और नशे ने उसके फैसले को प्रभावित कर दिया।

**स्वतंत्र निर्णय की क्षमता को नष्ट कर देती हैं बुरी चीजें** – जब हम बुरी आदतों या बुरे लोगों के प्रभाव में होते हैं, तो हमारा मैं दब जाता है। निर्णय हमारी मर्जी से नहीं, बल्कि बुरे प्रभावों से प्रभावित होकर लिए जाते हैं।

### अपने विवेक को कैसे मजबूत बनाएं?

सत्संग सुनें और अच्छे लोगों के साथ रहें - हर दिन थोड़ा समय ऐसे लोगों या किताबों के साथ बिताएं जो आपको ऊर्जावान और सही दिशा देने वाले हों।

**बुरी आदतों से दूर रहें** – चाहे वो नशा हो, गुस्सा हो, या आलस, इनसे बचने की कोशिश करें। ये धीरे-धीरे आपके विचारों को प्रभावित करते हैं।

**स्वस्थ दिनचर्या बनाएं** – नींद, भोजन, व्यायाम और मेडिटेशन आपकी मानसिक शक्ति को बनाए रखते हैं।

**मन की आवाज सुनें** – जब भी कोई निर्णय लें, खुद से पूछें कि क्या ये सच में सही है? अगर काम सही न हो तो आगे न बढ़ें।

# राहु-केतु ने कर दिया है जीना मुहाल, तो दोष निवारण के लिए करें ये 7 उपाय

ज्योतिष शास्त्र में राहु और केतु को छाया ग्रह कहा जाता है, लेकिन इनका प्रभाव मानव जीवन में गहरा होता है। जब कुंडली में ये ग्रह अशुभ स्थान पर होते हैं या राहु-केतु दोष, कालसर्प योग, पितृ दोष आदि बनते हैं, तो जीवन में रुकावटें, मानसिक तनाव, दुर्घटनाएं, कोर्ट केस, रोग, विवाह या संतान की बाधाएं आ सकती हैं। खराब स्थिति में केतु दिमाग को भ्रष्ट कर देता है और लोगों को धोखे का सामना करना पड़ता है, वहीं राहु गलत कार्यों की ओर व्यक्ति को ले जाता है। राहु और केतु के दोष निवारण के लिए आप ज्योतिष उपाय कर सकते हैं।

### राहु और केतु के दोष निवारण उपाय

राहु और केतु की शांति के लिए आपको इनके मंत्रों का जाप करना चाहिए। राहु के लिए ॐ रां राहवे नमः या ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः मंत्र का जाप कर सकते हैं। वहीं केतु के लिए ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः या ॐ कें केतवे नमः मंत्र का जाप करें। यह मंत्र जाप एक माला यानि 108 बार करना है। इन मंत्रों का जाप शनिवार को करें।

राहु-केतु दोष निवारण के लिए बुधवार को गणेश पूजन और दूर्वा का उपाय करें। हर बुधवार 21 दूर्वा गणेश जी को चढ़ाएं और उस समय ॐ गं गणपतये नमः मंत्र का जाप करें।

भगवान शिव से बढ़कर कुछ भी नहीं है। राहु और केतु के अशुभ प्रभावों से मुक्ति के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्॥ इस मंत्र का जाप प्रतिदिन 108 बार करें। सोमवार को इसकी संख्या बढ़ा सकते हैं।



राहु-केतु दोष कम करने के लिए दान करना चाहिए। राहु की शांति के लिए काले तिल, सरसों का तेल, कंबल, लोहे के बर्तन, नारियल, नीले वस्त्र आदि का दान करें। वहीं केतु दोष निवारण के लिए कुत्ते को रोटी, सफेद चना, मोती, धूप, चांदी, नीम की लकड़ी आदि का दान करें। इससे लाभ होगा।

राहु और केतु के कारण कुंडली में कालसर्प दोष बनता है। इस वजह से नाग देवता की पूजा करें। सोमवार और नाग पंचमी पर काले तिल, दूध, कुश और अक्षत चढ़ाएं। इसके अलावा आप सांप न मारे, उसे तंग न करें। ये कार्य राहु-केतु को नाराज़ कर सकता है।

राहु और केतु की शांति के लिए उनके शुभ रत्न धारण कर सकते हैं। राहु के लिए गोमेद और केतु के लिए लहसुनिया पहना जाता है। हालांकि जब भी रत्न धारण करें तो किसी ज्योतिषाचार्य की मदद लें। वो आपको बताएंगे कि रत्न कब और कैसे पहनना है।

यदि आप काले कुत्ते को रोटी खिलाते हैं तो राहु शांत होता है। वहीं जो लोग गो सेवा करते हैं, गौ माता को गुड़-चना खिलाते हैं, उनको केतु दोष शांत होता है।

यदि राहु और केतु के कारण आपकी कुंडली में कालसर्प योग बना है तो उज्जैन के ज्योतिर्लिंग मंदिर में कालसर्प शांति पूजा कराएं। रुद्राक्ष धारण करने से भी लाभ होता है। ऐसे लोगों को राहुकाल में कोई यात्रा, नए काम का शुभारंभ या खरीदारी नहीं करनी चाहिए।

# जब कुत्ता-बिल्ली बदलें व्यवहार, समझिए घर में छुपी है कोई बड़ी परेशानी



क्या आपने कभी गौर किया है कि आपका पालतू कुत्ता या बिल्ली अचानक किसी खास कोने में जाकर बैठने लगते हैं, वो भी बार-बार? ये कोई सामान्य आदत नहीं होती। कई बार जानवर ऐसे संकेत देते हैं जिनका सीधा संबंध उस जगह की ऊर्जा से होता है। माना जाता है कि डॉग्स और कैट्स उन चीजों को महसूस कर लेते हैं जो इंसान तुरंत नहीं कर पाता। असल में, जानवरों में एक खास तरह की संवेदना होती है। उन्हें कंपन, हलचल, तापमान में बदलाव और यहां तक कि मानसिक तनाव भी जल्दी पता चल जाता है। यही कारण है कि जब आपके घर के किसी हिस्से में नेगेटिव एनर्जी यानी नकारात्मकता बनती है, तो वो वहां खिंचे चले जाते हैं। कई लोग बताते हैं कि जब किसी जगह पर स्ट्रेस यानी दबाव बनता है, तो जानवर वहां जाकर बैठने लगते हैं। धीरे-धीरे उस जगह पर चींटियां ज्यादा दिखाई देने लगती हैं और वहां दीवारों या फर्श में हल्की दरारें भी आने लगती हैं, ये सब संकेत होते हैं कि उस स्थान पर कुछ ठीक नहीं है।

अब सवाल उठता है कि ये स्ट्रेस आता कहां से है? कई बार घर के नीचे ज़मीन खिसक रही होती है, पानी की लाइन लीकेज कर रही होती है या वहां पर नेगेटिव ऊर्जा इकट्ठा हो जाती है। जानवर पहले ही इस बदलाव को पकड़ लेते हैं।

इसका हल क्या है? सबसे आसान तरीका है कि आप उस जगह पर थोड़े समय के लिए लकड़ी का एक टुकड़ा, जैसे प्लाईवुड, रख दें। लकड़ी एक ऐसी चीज़ है जो ऊर्जा को सोख लेती है और धीरे-धीरे वहां का माहौल ठीक करने लगती है। कुछ लोग नमक भी कोनों में रख देते हैं, क्योंकि नमक भी नेगेटिव ऊर्जा को अपने अंदर ले लेता है।

अगर आप यह महसूस करते हैं कि आपके पालतू जानवर अक्सर किसी खास जगह पर ही बैठते हैं, तो इसे नज़रअंदाज़ न करें। वो आपको इशारा दे रहे हैं कि वहां कुछ गलत हो रहा है। जानवरों को केवल प्यार के लिए नहीं, बल्कि उनकी इस खासियत के लिए भी महत्व देना चाहिए।

इसके अलावा, अपने घर की साफ-सफाई, रोशनी और हवा की व्यवस्था अच्छी रखें। जितनी खुली और ताज़ा हवा घर में होगी, उतना ही कम नकारात्मक असर होगा। घर में सुबह की धूप आना, हरे पौधे लगाना और समय-समय पर घर को व्यवस्थित करना भी सकारात्मक असर डालता है।

# क्या आप सही समय पर सूर्य को जल चढ़ा रहे हैं? अर्घ्य देने का सही समय

### सूर्य को जल चढ़ाने का सही समय ?

सूर्य को जल देने का सबसे उपयुक्त समय सुबह होता है। विशेष रूप से सूर्योदय के समय जब सूर्य की पहली किरणें धरती पर पड़ती हैं, तब जल अर्पण करना सबसे श्रेष्ठ माना गया है। आमतौर पर सुबह 4 बजे से लेकर 12 बजे तक सूर्य को जल चढ़ाया जा सकता है, लेकिन इसमें भी सुबह 6 बजे से 8 बजे के बीच का समय सर्वोत्तम माना जाता है। इस समय वातावरण शांत होता है और सूर्य की किरणें सीधी होती हैं, जिससे शरीर को ऊर्जा मिलती है और आंखों को लाभ होता है। इसके साथ ही मानसिक संतुलन भी बेहतर होता है।

### कितनी बार जल चढ़ाएं ?

जो लोग त्रिकाल संध्या करते हैं, वे दिन में तीन बार सूर्य को जल अर्पित करते हैं सुबह, दोपहर और शाम। हालांकि, आम जीवन में व्यस्त रहने वाले लोग सिर्फ सुबह जल चढ़ाकर भी इसके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। नियमित रूप से सूरज को एक बार जल चढ़ाना भी पर्याप्त होता है, जब तक यह श्रद्धा और नियमितता के साथ किया जाए।

### जल चढ़ाने का सही तरीका क्या होता है?

जल अर्पण करने के लिए एक तांबे के लोटे का इस्तेमाल करना सबसे अच्छा होता है। इसमें शुद्ध पानी भरकर सूर्य की ओर मुख करके खड़े हो जाएं। जल को धीरे-धीरे ऊंचाई से इस तरह छोड़ें कि सूर्य की किरणें उस जलधारा से छनकर आपकी आंखों तक पहुंचें। इस प्रक्रिया को करते समय ओम् सूर्याय नमः या गायत्री मंत्र का उच्चारण किया जा सकता है।

### क्या लाभ होता है?

सूर्य को जल चढ़ाने से शरीर को विटामिन D मिलता है, जो हड्डियों के लिए बेहद जरूरी है। इसके साथ ही यह दिन की शुरुआत सकारात्मकता से करने का एक सुंदर तरीका है। मानसिक तनाव कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है। इसे नियमित रूप से करने पर आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है।

# बेस्ट एक्टर चुने जाने पर अल्लू ने फैंस और निर्देशक को कहा शुक्रिया



गुरुवार को तेलुगू फिल्मों के मशहूर एक्टर अल्लू अर्जुन को राज्य सरकार के गद्दार तेलंगाना फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है। इस अवॉर्ड को पाकर अल्लू अर्जुन भी काफी खुश हैं। अपनी खुशी को एक्टर ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किया है।

**अल्लू अर्जुन के अलावा इन्हें भी मिला अवॉर्ड**

जूरी कमिटी द्वारा गुरुवार को 35 कैटीगिरी में गद्दार तेलंगाना फिल्म अवॉर्ड 2024 के विजेताओं की घोषणा की गई। निवेथा थॉमस ने '35 चिन्ना कथा कडु' में के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वहीं 'कल्कि 2898 एडी' ने बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता है। अल्लू अर्जुन को 'पुष्पा 2' के लिए बेस्ट एक्टर का गद्दार तेलंगाना फिल्म अवॉर्ड मिला है। यह अवॉर्ड दिवंगत लोक गायक गद्दार के नाम पर दिए जाते हैं। 14 जून को हैदराबाद में एक कार्यक्रम में यह अवॉर्ड दिए जाएंगे।

**सोशल मीडिया पर एक्टर साझा की जानकारी**

अवॉर्ड मिलने की खुशी को अल्लू अर्जुन ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) और इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। वह लिखते हैं, 'मैं गद्दार तेलंगाना फिल्म अवाड्‌र्स 2024 में 'पुष्पा 2' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इसका सारा क्रेडिट मेरे डायरेक्टर सुकुमार, मेरी फिल्म के प्रोड्यूसर और पूरी 'पुष्पा' फिल्म की टीम को जाता है। मैं यह अवॉर्ड अपने सभी फैंस को डेडिकेट करता हूं। आपका सपोर्ट ही मुझे मोटिवेट करता रहता है।'

**विवादों में घिरी अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2'**

बताते चलें कि पिछले साल 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत और उसके बेटे के घायल होने के बाद अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया गया था। यह भगदड़ 4 दिसंबर, 2024 को हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुई थी, जब प्रशंसक 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान अभिनेता की एक झलक पाने के लिए लोग जमा हुए थे। अल्लू अर्जुन को भगदड़ मामले के सिलसिले में 13 दिसंबर, 2024 को गिरफ्तार किया गया था और तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें अंतरिम जमानत दिए जाने के बाद 14 दिसंबर, 2024 को जेल से रिहा किया गया था। बाद में उसे नियमित जमानत दे दी गई। अल्लू अर्जुन और फिल्म 'पुष्पा' के निर्माताओं ने घायल लड़के के परिवार को वित्तीय सहायता दी थी। तेलंगाना सरकार ने भी परिवार को वित्तीय सहायता देने की घोषणा की थी।

**जल्द इस फिल्म में आएंगे नजर**

हाल ही में अल्लू अर्जुन ने अपनी अगली फिल्म 'एए22xए6' के बारे में भी बताया है। यह उनकी 22वीं फिल्म होगी। 'जवान' जैसी पैन-इंडिया मूवी के डायरेक्टर एटली के साथ अल्लू अर्जुन अगली फिल्म कर रहे हैं। अल्लू अर्जुन ने वादा किया कि यह फिल्म भारतीय दर्शकों के लिए एक नया और अनोखा अनुभव लेकर आएगी।

# अरशद वारसी, उनकी पत्नी शेयर मार्केट से बैन

## साधना ब्रॉडकास्ट के शेयरों में हेराफेरी से 91 लाख कमाए थे 5-5 लाख का जुर्माना भी लगा



सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने बॉलीवुड एक्टर अरशद वारसी और उनकी पत्नी मारिया गोरेट्टी को 1 साल के लिए शेयर मार्केट से बैन कर दिया है। यह कार्रवाई साधना ब्रॉडकास्ट के शेयरों में ₹पंप एंड डंप₹ स्कीम के तहत हेराफेरी के मामले में हुई है। SEBI ने इनपर 5-5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इन दोनों के अलावा इस मामले में 57 अन्य लोगों पर भी 1 से 5 साल तक का बैन लगा है। पंप एंड डंप स्कीम एक तरह की शेयर बाजार धोखाधड़ी है। इसमें कुछ लोग मिलकर किसी कंपनी के शेयर की कीमत को गलत तरीके से बढ़ाते हैं, जैसे भ्रामक खबरें फैलाकर या झूठी सलाह देकर। जब कीमत ऊंची हो जाती है, तो वो अपने शेयर बेचकर मुनाफा कमा लेते हैं। इससे आम निवेशकों को भारी नुकसान होता है, क्योंकि कीमत बाद में गिर जाती है।

सेबी ने स्कैम में शामिल लोगों पर क्या-क्या एक्शन लिए ?

अरशद वारसी, उनकी पत्नी और उनके भाई इकबाल वारसी को 1 साल के लिए मार्केट से बैन किया। 5-5 लाख का जुर्माना भी लगाया है।

सात मास्टरमाइंड को 5 साल के लिए बैन किया गया है। स्कीम में शामिल लोगों पर 5 लाख से लेकर 5 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगा है।

सभी 59 लोगों को 58.01 करोड़ रुपए का अवैध मुनाफा लौटाने का आदेश दिया है। जांच खत्म होने की तारीख से लेकर पैसे लौटाने तक 12% सालाना ब्याज भी देना होगा।

**अरशद वारसी ने इस फ्रॉड से 41.70 लाख रुपए कमाए**

अरशद वारसी ने इस स्कीम से 41.70 लाख रुपए का मुनाफा कमाया, जबकि उनकी पत्नी मारिया गोरेट्टी ने 50.35 लाख रुपए का फायदा लिया। SEBI ने वॉट्सएप चैट्स के सबूत पेश किए, जिसमें यूट्यूब चैनल चलाने वाले मनीष मिश्रा और अरशद वारसी के बीच बातचीत सामने आई। इन चैट्स में मनीष ने अरशद, मारिया और इकबाल के बैंक खातों में 25-25 लाख रुपए ट्रांसफर करने की बात कही थी। मनीष ही इस स्कीम का मास्टरमाइंड था। 13 जुलाई 2022 को अरशद वारसी ने इस स्कीम से जुड़े जतिन शाह से 1.87 लाख शेयर खरीदे। उसी दिन मारिया ने 2.65 लाख शेयर खरीदे। बाद में इन्हें बेचकर मुनाफा कमाया गया।

**तीन पॉइंट में समझें पूरा मामला**

1. SEBI ने 29 मई 2025 को 109 पेज का एक विस्तृत आदेश जारी किया, जिसमें इस स्कैम की पूरी कहानी सामने आई। SEBI की जांच 8 मार्च 2022 से 30 नवंबर 2022 तक की अवधि को कवर करती है। इस दौरान साधना ब्रॉडकास्ट के शेयरों में हेराफेरी की गई।

2. SEBI ने पाया कि अरशद वारसी और अन्य लोगों ने मिलकर साधना ब्रॉडकास्ट के शेयरों की कीमत को गलत तरीके से बढ़ाया। इसके लिए उन्होंने वॉट्सएप ग्रुप्स के जरिए स्कीम को कोऑर्डिनेट किया और यूट्यूब चैनलों पर भ्रामक वीडियो डाले।

इनमें मनीवाइज, द एडवाइजर और प्रॉफिट यारा जैसे चैनल शामिल थे। इन वीडियो में साधना ब्रॉडकास्ट को एक शानदार निवेश का मौका बताया गया, जिससे आम निवेशकों को लुभाया गया।

3. SEBI की जांच में पता चला कि इन यूट्यूब वीडियो को ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए एक करोड़ रुपए का पेड मार्केटिंग कैंपेन भी चलाया गया। इन वीडियो में झूठी और बढ़ा-चढ़ाकर बातें की गईं, ताकि निवेशक शेयर खरीदें और कीमतें बढ़ें।

# महेश बाबू की फिल्म री-रिलीज होते ही भड़के फैंस, थिएटर्स में जमकर हुआ हंगामा



साउथ सुपरस्टार महेश बाबू की साल 2010 में आई फिल्म 'खलेजा' को 30 मई को एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। फैंस अपने फेवरेट एक्टर की फिल्म को फिर से देखने के लिए काफी एक्साइटेड थे लेकिन बहुत जल्दी ही उनकी ये सारी उत्सुकता निराशा में बदल गई। कई वीडियोज सोशल मीडिया पर नजर आए जिनमें महेश बाबू के फैंस थिएटरकर्मियों के ऊपर भड़कते हुए नजर आए। आखिर ऐसा क्यों हुआ, चलिए आपको बताते हैं।

**फिल्म रि-रिलीज होते ही फैंस हुए निराश**

दरअसल जैसे ही सिनेमाघरों में महेश बाबू की फिल्म लगी, फैंस ने नोटिस किया कि फिल्म में से कई सीन को हटा दिया गया है। कई सीन को फिल्म से कट कर किया गया जिसे देखकर फैंस काफी निराश हो गए। बस इसी के बाद से फैंस ने थिएटर्स में हंगामा खड़ा कर दिया।

जिन फैंस ने फिल्म की टिकटें एडवांस में बुक कर रखी थीं और थिएटर में पहुंचकर पुरानी यादों को ताजा करने आए थे, उन्हें फिल्म अधूरी मिली। इससे नाराज होकर कई जगहों पर दर्शकों ने थिएटर मैनेजमेंट से बहस शुरू कर दी। कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए जिसमें लोग प्रोजेक्शन रूम तक पहुंचकर बहस करते और लड़ाई करते नजर आए।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियोज**

एक वायरल वीडियो में देखा गया कि एक दर्शक चिल्लाते हुए कह रहा है कि 'संडे मंडे' गाना ही नहीं है और उन्हें पहले से क्यों नहीं बताया गया कि फिल्म में कटिंग की गई है। कुछ लोगों ने तो थिएटर में ही स्क्रीनिंग रुकवा दी और माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पहले ट्विटर) पर लोगों ने अपने गुस्से का इजहार करते हुए लिखा कि फिल्म की री-रिलीज का कोई मतलब नहीं अगर हीरो के लोकप्रिय डायलॉग्स और गाने ही हटा दिए जाएं। कई लोगों ने फिल्म के निर्माता और वितरकों को कोसा और इस लापरवाही को माफ न करने की बात कही।

**मामला बढ़ता देख थिएटर ने दी सफाई**

मामला बढ़ता देख कुछ थिएटरों ने सफाई जारी की कि उन्हें जो कंटेंट मिला है, वो VPF यानी डिस्ट्रीब्यूशन फर्म के जरिए आया है और उन्होंने कोई एडिट नहीं किया। वहीं, 'खलेजा 4K' के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट ने एक ट्वीट करते हुए कहा, 'अब सब ठीक कर दिया गया है, फैंस बिना किसी परेशानी के फिल्म का आनंद ले सकते हैं।'

**पहली बार फिल्म ने कुछ खास नहीं किया**

गौरतलब है कि जब 'खलेजा' पहली बार रिलीज हुई थी तो बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन समय के साथ फिल्म ने कल्ट क्लासिक का दर्जा हासिल कर लिया। महेश बाबू के साथ अनुष्का शेट्टी, प्रकाश राज, राव रमेश जैसे सितारों की मौजूदगी ने फिल्म को मजबूत बनाया। फिलहाल, फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि अगली स्क्रीनिंग्स में उन्हें अपनी पसंदीदा फिल्म पूरी और बिना किसी कट के देखने को मिलेगी और यह री-रिलीज उनके लिए एक यादगार अनुभव बन पाएगा।


# जाहनवी ने 'धक-धक' को वल्गर बताने वाली रील की लाइक : नेटिजन्स बोले-अब कहेंगी एल्गोरिदम के कारण हुआ

जाहनवी कपूर अपने कांस डेब्यू और फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर सुर्खियों में रही हैं। अभी उनकी फिल्म 'परमसुंदरी' का भी टीजर आ गया है, जिसे ऑडियंस का प्यार भी मिल रहा है। इन सबके बीच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लाइक करने उनके लिए मुसीबत बन गया है। एक्ट्रेस ने जिस पोस्ट को लाइक किया है वो उनकी दिवंगत मां श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित की रायवलरी के बारे में है।

दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक पेज से माधुरी दीक्षित और श्रीदेवी की तुलना करते रील बनाई गई है। उसमें रील में एक तरफ माधुरी के फेमस गाने 'धक-धक' को दिखाया गया और दूसरी तरफ श्रीदेवी की फिल्म 'खुदा गवाह' का सीन है। दोनों की वीडियो पर कैप्शन में लिखा गया है- 'उन्हें वल्गर स्टेप और कुछ नहीं करने के लिए फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला।'

वहीं श्रीदेवी के लिए कैप्शन में लिखा गया है, 'कमाल एक्टिंग के साथ डबल रोल निभाया, जिसने पूरी फिल्म को अपने कंधों पर संभाला, फिर भी फिल्मफेयर ने उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस के लिए इग्नोर कर दिया।' बता दें कि माधुरी की फिल्म 'बेटा' और 'खुदा गवाह' एक ही साल रिलीज हुई थी।जान्हवी कपूर ने इस इंस्टाग्राम रील को लाइक किया है। जब इंस्टाग्राम यूजर्स की नजर जाहन्वी की लाइक पर पड़ी तो उन्होंने सवाल खड़े कर दिए। उनकी लाइक का स्क्रीन शॉट इंस्टाग्राम के साथ रेडिट पर भी वायरल है।

**जाहन्वी का लाइक क्या इंस्टाग्राम की गलती?**



दोनों जगह यूजर्स सवाल उठा रहे हैं कि क्या जाहन्वी इनडायरेक्ट माधुरी की आलोचना कर रही हैं? रेडिट पर एक यूजर लिखते हैं कि अब वो भी एल्गोरिदम की कहानी लेकर आएंगी। वहीं, एक यूजर ने माधुरी को सपोर्ट में लिखा कि माधुरी की बेटा हिट थी और उन्होंने एक्टिंग के मामले में शानदार परफॉर्मेंस दी और वो अवॉर्ड हासिल किया। वो सिर्फ एक डांस नंबर नहीं था।

एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा- 'दोस्तों, एल्गोरिदम की गलती है, जाहन्वी को दोष मत दीजिए।' एक दूसरे कमेंट में कहा गया, 'मुझे कलेशी बॉलीवुड के इस युग से प्यार है। अच्छी फिल्में नहीं तो कलेश ही सही।' एक नेटिजन ने शेयर किया, 'एल्गोरिदम पैंडेमिक का एक और शिकार...उम्मीद है कि इंस्टाग्राम जल्द ही एक वैक्सीन लेकर आएगा।'

# सुनील शेट्टी ने परेश रावल को दी जन्मदिन की बधाई 'हेरा फेरी 3' को लेकर यूजर्स ने की गुजारिश



बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेता परेश रावल आज अपना 70वां जन्मदिन मना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से वे 'हेरा फेरी 3' से बाहर होने की वजह से सुर्खियों में हैं। उनके और अक्षय कुमार के बीच कानूनी लड़ाई चल रही है और इस विवाद के बीच सुनील शेट्टी ने ट्विटर पर परेश को जन्मदिन की बधाई दी।

सुनील शेट्टी ने परेश रावल को दी बधाई

सुनील शेट्टी ने परेश रावल के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा 'उस आदमी के लिए... जो बुद्धि और ज्ञान दोनों का पावरहाउस है और उससे भी बेहतरीन इंसान है। जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं परेश जी। हमेशा ढेर सारा प्यार और सम्मान सर परेश रावल।'

**सुनील शेट्टी से यूजर्स ने की गुजारिश**

ट्वीट पर जवाब देते हुए प्रशंसक सुनील से अक्षय और परेश के बीच की समस्या को सुलझाने के लिए कह रहे हैं। एक यूजर ने ट्वीट किया 'सर अपनी गलतफहमी दूर रखें और हम दर्शकों के बारे में सोचें! कृपया 'हेरा फेरी 3' में एक साथ काम करें। हम वास्तव में आप में से 3 लोगों को एक फ्रेम में चाहते हैं।'

एक दूसरे एक्स यूजर ने लिखा 'आप बात करके परेश रावल जी को प्लीज हेरा फेरी 3 में लेकर आओ। आज उनका जन्म दिन भी है, गिले शिकवे मिटाकर दोबारा नहीं जुड़ सकते? प्लीज अन्ना।'

एक यूजर ने ट्वीट किया 'सुनील शेट्टी कृपया परेश रावल को हेरा फेरी 3 के लिए मनाएं...'

**अदालत में है हेरा फेरी का मामला**

आपको बता दें हाल ही में परेश रावल ने खुलासा किया कि वह फिल्म 'हेरा फेरी 3' में काम नहीं कर रहे हैं। इसके बाद अक्षय कुमार ने उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया। अब मामला कोर्ट में है। कताया जाता है कि कथित तौर पर परेश रावल ने फिल्म छोड़ने का फैसला इसलिए किया क्योंकि उन्हें सही स्क्रिप्ट नहीं दी गई थी।

अभिनेता परेश रावल ने सुनील शेट्टी की पोस्ट का जवाब दिया है। उन्होंने लिखा है 'अन्ना शुक्रिया। इसका मतलब बहुत कुछ है।' परेश रावल को अभिनेता रितेश देशमुख ने बधाई दी है। उन्होंने लिखा है 'जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं परेश रावल सर, आप अपनी प्रतिभा से हमें मंत्रमुग्ध करते रहें। आपका दिन शानदार हो और आने वाला साल शानदार हो।'

# किस वजह से टला 'द ट्रेटर्स' में करण-जेनिफर का कमबैक



हाल ही में मीडिया में खबरें आई थीं कि पॉपुलर एक्टर्स करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट करण जौहर के नए रियलिटी शो द ट्रेटर्स में एक साथ नजर आ सकते हैं। ये खबर उनके फैंस के लिए खास थी क्योंकि दोनों की जोड़ी बहुत पसंद की जाती है। हालांकि, शो से जुड़े एक करीबी सूत्र ने हमें बताया कि ऐसा होने वाला नहीं है। अब शो के ट्रेलर में दोनों के नजर न आने से इस बात की पुष्टि भी हो गई।

**वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए अप्रोच किया गया था**

सूत्र कि मानें तो मेकर्स ने करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट दोनों को वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए अप्रोच किया था। उन्होंने बताया, 'शुरू में करण ने शो के लिए हामी भर दी थी, जेनिफर ने भी सहमति दी थी। लेकिन जेनिफर ने अपनी फीस बहुत ज्यादा मांगी, जो मेकर्स के बजट से बाहर थी। ऐसा उन्होंने जानबूझकर किया।'

**जेनिफर की फीस बनी रुकावट**

सूत्र ने आगे बताया, 'शो के कई हिस्सों की शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी थी। दोनों को बाद में जोड़ने की कोशिश हुई, लेकिन फीस को लेकर बात नहीं बनी, इसलिए उनकी एंट्री नहीं हो सकी।'

**'द ट्रेटर्स' किस तरह का शो है?**

'द ट्रेटर्स' एक इंटरनेशनल रियलिटी शो का इंडियन वर्जन है। इस शो को करण जौहर होस्ट कर रहे हैं। इसमें 20 जाने-माने लोग एक साथ खेलेंगे। खेल में कुछ लोग बाकी लोगों को धोखा देंगे और गेम से बाहर करने की कोशिश करेंगे। शो में दिमाग से खेलने वाले टास्क, दोस्ती और धोखा देखने को मिलेगा।

**ये सेलिब्रिटीज लेंगे हिस्सा**

शो का ट्रेलर आज जारी हो गया है। धोखे और चालबाजियों से भरपूर इस रियलिटी शो के पहले सीजन में 20 सेलिब्रिटीज हिस्सा ले रहे हैं। इनमें अंशुला कपूर, अपूर्वा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज नौरोजी, हर्ष गुजराल, जन्नत जुबैर, जान्वी गौर, जैस्मिन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, निकिता लूथर, पूरव झा, रफ्तार, राज कुंद्रा, साहिल सलाथिया, सुधांशु पांडे, सूफी मोतीवाला और उर्फी जावेद शामिल हैं।

# नवजोत सिंह सिद्धू ने शाहरुख को दी थी बड़ी चेतावनी, बोले- लोग आपको नाश्ते में खा जाएंगे

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान अभिनय की दुनिया में किसी पहचान के मोहताज नहीं है। अभिनेता ने टीवी शो के जरिए एक्टिंग की शुरुआत की थी, फिर फिल्म इंडस्ट्री पर राज किया। हाल ही में पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने बताया कि उन्होंने अभिनेता शाहरुख खान को फिल्मों को लेकर कड़ी चेतावनी दी थी, फिर अभिनेता के जवाब ने उन्हें हैरान कर दिया था। आइए जानते हैं क्या है पूरी बात।

**सिद्धू किंग खान के निकले फैन**

पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने एक यूट्यूब चैनल से बात की। उन्होंने लखनऊ में एक क्रिकेट मैच के बाद शाहरुख खान के साथ मुलाकात को याद किया। उन्होंने कहा कि अभिनेता ने आकर कहा कि वे सिद्धू को बहुत बड़े फैन हैं। इसके जवाब में सिद्धू ने कहा कि वह भी अभिनेता के फैन हैं और उनके 'फौजी' और 'सर्कस' सीरियल को प्रतिदिन टीवी पर देखते हैं, बल्कि इसी कारण टीवी खोलते हैं।



**सिद्धू ने शाहरुख खान को दी चेतावनी**

आगे बातचीत के दौरान सिद्धू पाजी ने बताया कि अभिनेता शाहरुख खान ने उनसे कहा कि वे बॉलीवुड में जा रहे हैं। इसके जवाब में सिद्धू ने कहा, 'आपकी मत मारी गई है? वहां आपको किसी माता-पिता की जरूरत है, जो आपका समर्थन कर सके और आगे बढ़ा सके। अभी आपने बताया कि आपके माता-पिता नहीं है। शाहरुख ने इसके जवाब में कहा, 'सिद्धू साहब, मैं संभाल लूंगा।' तो फिर मैंने कहा, 'वहां गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। वे आपको नाश्ते में सॉसेज की तरह खा जाएंगे।'

**शाहरुख खान ने दिया शानदार जवाब**

सिद्धू पाजी के इतना कहने पर अभिनेता शाहरुख खान के जवाब को उन्होंने याद किया। उन्होंने बताया कि अभिनेता ने कहा, 'सिद्धू साहब, क्या मैं कुछ कह सकता हूं? मैं किसी से प्रतिस्पर्धा नहीं करता। मैं खुद से प्रतियोगिता करता हूं।' इस जवाब पर सिद्धू ने इंटरव्यू में बताया, 'वह बहुत विनम्र व्यक्ति हैं और आज भी वैसे ही हैं।'

**शाहरुख खान का वर्कफ्रंट**

शाहरुख खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'जवान' और 'डंकी' जैसी फिल्मों में देखा गया था। वहीं, आगामी फिल्म की बात करें तो अभिनेता 'किंग' फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसकी शूटिंग चल रही है।




# इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के सुनहरे दौर का नये अध्याय की शुरुआत करेगी भारती युवा खिलाडियों की टीम



भारतीय क्रिकेट अपने सुनहरे दौर में एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहा है क्योंकि युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को इंग्लैंड दौरे के लिए 24 मई को टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) 2025-27 का हिस्सा है, भारत के लिए एक कठिन चुनौती होगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति में गिल की युवा टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी का संतुलन बनाए रखना एक बड़ा सवाल है। इस टीम का अनुभव भले ही कम हो लेकिन चयनकर्ताओं की लक्ष्य साफ है कि युवा टीम को स्थापित किया जाए। ज्यादातर खिलाड़ी भले ही नए हों, लेकिन 18 की टीम में आठ ऐसे हैं जो इंग्लैंड में कम या ज्यादा खेले चुके हैं।

अनुभव के नाम पर रवींद्र जडेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह प्रमुख हैं। वहीं, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को अपने को साबित करना है कि वे उच्चस्तरीय बल्लेबाज हैं।

भारतीय बल्लेबाजी का दारोमदार अनुभवी रवींद्र जडेजा (80 टेस्ट, 3370 रन, इंग्लैंड में 642 रन औसत 29.18), केएल




राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन, इंग्लैंड में 614 रन, औसत 31.44), और उपकप्तान ऋलभ पंत (43 टेस्ट, 2948 रन, इंग्लैंड में 556 रन, औसत 32.70) पर टिका है। जडेजा का हरफनमौला प्रदर्शन (इंग्लैंड में 27 विकेट) मध्यक्रम और गेंदबाजी में संतुलन देता है, जबकि पंत की आक्रामकता (2018 में 114 रन) और राहुल की तकनीक (2021 में 129 रन) शीर्ष क्रम को मजबूती देती है। हालांकि, इनके बाद यशस्वी जायसवाल (19 टेस्ट, 1798 रन) और गिल (32 टेस्ट, 1893 रन, इंग्लैंड में 88 रन, औसत 14.66) हैं, जिन्हें अभी तक इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में टेस्ट ज्यादा खेलने का अनुभव नहीं है। करुण नायर (6 टेस्ट, 374 रन,इंग्लैंड के खिलाफ 303 * ) की वापसी उम्मीद जगाती है, लेकिन उनका सीमित अनुभव जोखिम बढ़ाता है। साइ सुदर्शन और अभिमन्यु ईश्वरन जैसे नए चेहरों का टेस्ट अनुभव न के बराबर है, जिससे चोट की स्थिति में मध्यक्रम कमजोर हो सकता है। वहीं, गेंदबाजी की बात करें तो जसप्रीत बुमराह (45 टेस्ट, 205 विकेट, इंग्लैंड में 37 विकेट, औसत 26.27 ) तेज गेंदबाजी का नेतृत्व करेंगे, लेकिन चयनकर्ता अजीत अगरकर ने उनके कार्यभार प्रबंधन की बात कही है। उनकी अनुपस्थिति में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (36 टेस्ट, 100 विकेट, इंग्लैंड में 23 विकेट ) पर दबाव होगा। आकाश दीप (5 टेस्ट, 15 विकेट), अर्शदीप सिंह (कोई टेस्ट नहीं) और प्रसिद्ध कृष्णा (7 टेस्ट, 23 विकेट) की अनुभवहीनता चुनौती हो सकती है। स्पिन में, जडेजा और कुलदीप यादव (13 टेस्ट, 56 विकेट) प्रभावी हो सकते हैं, लेकिन इंग्लैंड की पिचें तेज गेंदबाजों विशेषकर स्विंग गेंदबाजों को फायदा देती हैं। वाशिंगटन सुंदर (9 टेस्ट, 25 विकेट), शार्दुल ठाकुर ( 11 टेस्ट, 31 विकेट, इंग्लैंड में 10 विकेट) और नीतीश रेड्डी (5 टेस्ट, 5 विकेट) हरफनमौला के रूप में संतुलन बनाएंगे। जडेजा, राहुल या पंत की चोट मध्यक्रम को कमजोर कर सकती है, जबकि बुमराह की अनुपस्थिति गेंदबाजी को प्रभावित करेगी। गिल की कप्तानी, जो आइपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस को प्लेआफ तक ले गई, उनकी रणनीतिक क्षमता को दर्शाती है।

भारत चार तेज गेंदबाज और एक स्पिनर जडेजा की रणनीति अपना सकता है। गिल की युवा टीम में प्रतिभा है, लेकिन अनुभव की कमी और चोट का जोखिम चुनौती है। जडेजा, बुमराह और पंत जैसे खिलाड़ी भारत की उम्मीद हैं, लेकिन जायसवाल, सुदर्शन और रेड्डी जैसे युवाओं को उभरना होगा। क्या गिल 1971, 1986, और 2007 की तरह इंग्लैंड में जीत का परचम लहरा पाएंगे ? यह सीरीज भारत के क्रिकेट भविष्य को परिभाषित करेगी।

# आइपीएल 2025 में युवा बल्लेबाजों का जलवा, पंत ने किया निराशा

इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2025 ने युवा प्रतिभाओं का दबदबा देखा। 70 मैचों के उतार-चढ़ाव भरे टूर्नामेंट में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत ने अंतिम लीग मैच में शानदार शतक जड़ा, लेकिन टीम जीत से चूक गई।

दूसरी ओर, शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने प्ले आफ में जगह बनाई, जबकि दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का निराशाजनक प्रदर्शन रहा।

14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया, जब राजस्थान रायल्स के लिए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में आइपीएल का सबसे तेज शतक ठोका और वह सबसे कम उम्र के भारतीय शतकवीर बने । अभिषेक शर्मा (पंजाब किंग्स), प्रियांश आर्य (पहला आइपीएल शतक) और प्रभसिमरन सिंह ने भी अपनी चमक बिखेरी। सीएसके के लिए 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे ने मुश्किल परिस्थितियों में रन बनाकर टीम को राहत दी। साइ सुदर्शन ने 670 रन से ज्यादा के स्कोर के साथ बल्लेबाजी सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसका ईनाम उन्हें 2025 इंग्लैंड टेस्ट दौरे के लिए भारतीय टीम में चयन के रूप में मिला ।

पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की आक्रामक बल्लेबाजी ( 286 और 278 रन के विशाल स्कोर) बावजूद






लगातार विफल रही। सीएसके ने एमएस धोनी पर निर्भरता छोड़कर युवाओं पर भरोसा किया, लेकिन परिणाम निराशाजनक रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल की अगुआई में शानदार शुरुआत की, लेकिन बाद में उन्होंने लय खो ी।

केकेआर के वेंकटेश अय्यर और राजस्थान के संजू सैमसन की फिटनेस समस्याओं ने उनकी टीमें नीचे धकेल दीं। मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में धीमी शुरुआत के बाद प्ले आफ में वापसी की। शुभमन गिल ने गुजरात टाइटंस को शीर्ष पर पहुंचाया। श्रेयस अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की पंजाब किंग्स ने केकेआर के खिलाफ 111 रन का बचाव कर दम दिखाया। हालांकि, एलएसजी की गहराई की कमी और पंत का असंगत प्रदर्शन उन्हें प्ले आफ से बाहर कर गया ।

सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत ने अंतिम लीग मैच में शानदार शतक जड़ा, लेकिन टीम जीत से चूक गई। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया,जब राजस्थान रायल्सके लिए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में आइपीएल का सबसे तेज शतक ठोका।

# फाइनल में बड़ी भूमिका निभाएंगे कोहली

## डिविलियर्स की भविष्यवाणी, कहा- अतीत को भूल जाते हैं

आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फाइनल में पहुंचने से एबी डिविलियर्स बेहद खुश हैं। उन्होंने विराट कोहली और इस टीम की जमकर तारीफ की है। आरसीबी ने गुरुवार को पंजाब किंग्स को क्वालिफायर एक में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज डिविलियर्स का मानना है कि टीम मैन कोहली फाइनल में बड़ी भूमिका निभाते हुए आरसीबी को दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग में अपना पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

**कोहली क्वालिफायर-1 में 12 रन ही बना सके**

मौजूदा सत्र में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल कोहली इस एकतरफा मैच में बल्ले से महज 12 रन का योगदान ही दे सके। आरसीबी के उनके पूर्व साथी डिविलियर्स को हालांकि भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले खिताबी मुकाबले में धमाल मचाएगा। डिविलियर्स ने कहा, 'इस मैच से पहले जब वह बस से उतरे थे तब मैंने उन्हें स्क्रीन पर देखा था। उस समय उनका बॉडी लैंग्वेज सकारात्मक दिख रहा था। यह कुछ ऐसा है जिसके हम आदी हो गए हैं। वह इस मैच में रन नहीं बना पाए, लेकिन फिर भी हमने उन्हें अंत तक बल्लेबाजों के साथ जश्न मनाते हुए देखा।'

**डिविलियर्स ने कोहली को लेकर कही यह बात**

उन्होंने कहा, 'वह पूरी तरह से टीम के लिए समर्पित खिलाड़ी है। उनके खेल में



एकाग्रता दिख रही थी। जाहिर है काम अभी पूरा नहीं हुआ है और मैं उसे खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि वह फाइनल में दमदार प्रदर्शन करेगा।' आरसीबी 2008 में आठ फ्रेंचाइजी के साथ आईपीएल की शुरुआत से इसमें खेलने वाली टीमों में से एक है। यह टीम अतीत में तीन मौकों पर फाइनल में पहुंचने के बावजूद कभी खिताब नहीं जीत पाई।

**'अतीत को भूल जाते हैं, वर्तमान पर ध्यान देते हैं'**

डिविलियर्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस टीम के पास 2011 खिताब जीतने का एक बहुत अच्छा मौका था। हर कोई 2016 सत्र के बारे में बात करता है, लेकिन चलो अतीत को भूल जाते हैं। आरसीबी अब कहां है? एक और फाइनल में ( 2025)। यह जितना आप सोचते हैं उससे कहीं अधिक करीब है। उम्मीद है कि तीन जून को मैच के छोटे छोटे लम्हें आरसीबी के पक्ष में जायेंगे। मुझे नीलामी के समय ही लगा था कि आरसीबी ने इस साल सही संतुलन बनाया है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में काफी विविधता है।'

### एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप-अविनाश ने रचा इतिहास

# 36 साल बाद 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड दिलाया, मेडल टैली में भारत दूसरे नंबर पर

भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 8:20.92 सेकंड का समय निकालकर 36 सालों बाद भारत को इस इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाया। एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 साउथ कोरिया के गुमी में जारी है।

भारत ने पिछली बार 1989 में इस इवेंट में गोल्ड जीता था, तब दीना राम ने ये कारनामा किया था। वहीं 1975 में हरबेल सिंह स्टीपलचेज में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। साउथ कोरिया के गुमी में जारी इस चैंपियनशिप में जीत के बाद साबले ने कहा, मुझे गोल्ड मेडल जीतने का पूरा भरोसा था, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में बेस्ट था।

**ज्योति ने भी गोल्ड जीता**

ज्योति याराजी ने 100 मीटर के हर्डल रेस को महज 12.96




सेकंड में पूरा करके गोल्ड मेडल जीता। ज्योति का पिछला रिकॉर्ड 12.99 सेकंड का था।

**भारत ने अब तक 14 मेडल जीते**

भारत 26वें एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक अलग-अलग कॉम्पटीशन में 14 मेडल जीत चुका है। पॉइंट्स टेबल में देश दूसरे पायदान पर हैं। भारत ने 5 गोल्ड, 6 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज जीते हैं। इससे पहले 2023 सीजन में भी भारत ने 4x400 मीटर मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल जीता था।

**गुलवीर सिंह ने पहला गोल्ड दिलाया**

मंगलवार को नेशनल रिकॉर्ड होल्डर गुलवीर सिंह ने 10,000 मीटर में गोल्ड जीता। यह इस एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का पहला गोल्ड था। पूजा ने महिलाओं की 1500 मीटर में 4 मिनट 10 सेकेंड का समय लेकर एक और सिल्वर मेडल जीता। वहीं दिल्ली की लिली दास इस रेस में चौथे स्थान पर रही। चीन की ली चुनहुई ने स्वर्ण पदक जीता।

# माता-पिता का क्रिकेटरों पर 'सट्टेबाजी की सनक' को बढ़ावा देने का आरोप, पूछा-बीसीसीआई चुप क्यों है?

आईपीएल ने देशभर के लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है, लेकिन इसके साथ-साथ ऑनलाइन सट्टेबाजी की एक चिंताजनक प्रवृत्ति भी उभरी है। 'तथाकथित फैंटेसी प्लेटफॉर्म' को अक्सर क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नाम सपोर्ट करते नजर आते हैं, लेकिन इसका बुरा परिणाम भी देखने को मिला है। कुछ माता-पिता इसे लेकर चिंतित हैं। वे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पर इस मामले में चुप्पी साधने का आरोप लगा रहे हैं।

महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक, किशोर और वयस्क आसानी से पैसे कमाने और मशहूर हस्तियों के विज्ञापन के लालच में आकर फैंटेसी गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप का शिकार हो रहे हैं। इसका नतीजा साफ दिख रहा है: वित्तीय संकट, पढ़ाई में गिरावट और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बढ़ती परेशानियां।



55 वर्षीय दिल्ली निवासी मनीष एक पिता हैं। उन्हें जब पता चला कि उनके 16 वर्षीय बेटे ने ऑनलाइन सट्टेबाजी में 50 हजार रुपये गंवा दिए हैं, तो उसके मोबाइल फोन से ऐसी तीन फैंटेसी ऐप हटा दी। पिता का सवाल है, हमारे क्रिकेट हीरो इतनी खतरनाक चीज का प्रचार क्यों कर रहे हैं? यह दिल तोड़ने वाला है। क्रिकेट पहले प्रेरणा और खेल भावना के बारे में था। अब यह हमारे युवाओं को लत में धकेल रहा है।

इस मामले पर एक अन्य अभिभावक ने निराशा जताई है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई पैसा कमाने में व्यस्त है। उसे इस बात की परवाह नहीं कि हमारे बच्चों के साथ क्या हो रहा है। टॉप क्रिकेटर इन ऐप का प्रचार कर रहे हैं और बोर्ड उन्हें रोक नहीं रहा। इनमें से कुछ प्लेटफॉर्म प्रमुख टूर्नामेंट्स को स्पॉन्सर भी कर रहे हैं। वे चतुर हैं- वे इसे फैंटेसी स्पोर्ट्स कहते हैं, लेकिन इसमें 'असली पैसा' शामिल है और बच्चे यह सोचकर इसके आदी हो जाते हैं कि यह जल्दी से कमाई का एक तरीका है।

हाल ही में हुए एक मैच में हिस्सा लेने वाले एक परिवार को यह देखकर हैरानी हुए कि कई दर्शक अपने फोन पर खुलेआम सट्टा लगा रहे थे। एक अभिभावक ने कहा, हमने किशोरों को कॉल पर, स्टेडियम से लाइव बेट लगाते देखा। कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कभी-कभी आईपीएल जैसी लीग में अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, लेकिन अब ज्यादा बड़ा खतरा मोबाइल ऐप से है जो फैंटेसी गेमिंग की आड़ में खुलेआम काम करते हैं।

आलोचकों का तर्क है कि दुनिया की सबसे धनी और सबसे प्रभावशाली क्रिकेट संस्था बीसीसीआई को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए। फिर भी बोर्ड की चुप्पी ने लोगों की चिंता को और बढ़ा दिया है, खासकर तब जब प्रमुख आईपीएल खिलाड़ी इन प्लेटफॉर्म्स के विज्ञापनों में दिखाई दे रहे हैं।

फैंटेसी गेमिंग के बढ़ते चलन के बीच सार्वजनिक दबाव बढ़ता जा रहा है। फैंस और माता-पिता बीसीसीआई से एक कड़ा रुख अपनाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि तथाकथित फैंटेसी गेमिंग कंपनियों से स्पॉन्सरशिप और एंडोर्समेंट पर बैन लगाया जाए और क्रिकेटर्स इस तरह के ऐप का प्रमोशन ना करें। एक ऐसा देश जहां क्रिकेटर्स को भगवान की तरह पूजा जाता है, फैंस का कहना है कि लोकप्रियता के साथ जवाबदेही का समय भी आ गया है।

# 'पदक के बजाय समय पर ध्यान देना महत्वपूर्ण था' स्वर्ण जीतने के बाद बोलीं ज्योति

गुमी, 30 मई (एजेंसियां)। भारत की फर्राटा धाविका ज्योति याराजी ने स्वीकार किया कि वह 100 मीटर बाधा दौड़ में अपना खिताब बचाने के लिए तनाव में थीं, लेकिन पदक के बजाय समय पर ध्यान देने से उन्हें शांत रहने में मदद मिली। उन्होंने गुरुवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

आंध्र प्रदेश की इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने 12.96 सेकंड का समय निकाला जो प्रतियोगिता का नया रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 13.04 सेकंड का था, जिसे 1998 में कजाकिस्तान की ओल्गा शिशिगिना और 2011 में चीन की सन यावेई ने बनाया था। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति एशियाई चैंपियनशिप की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक का बचाव करने वाली पांच एथलीटों के चुनिंदा क्लब में शामिल हो गईं। उनसे पहले यह उपलब्धि जापान की एमी अकीमोटो (1979, 1981, 1983) तथा चीन की तीन खिलाड़ियों झांग यू (1991,






1993), सु यिनपिंग (2003, 2005) और सुन यावेई (2009, 2011) ने हासिल की थी।

ज्योति ने बाद में कहा, 'निश्चित तौर पर मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना था, लेकिन मैंने टाइमिंग पर ध्यान केंद्रित किया क्योंकि जब आप पदक पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप दबाव महसूस करते हैं। इसलिए मैंने समय के बारे में सोचते हुए इसे सकारात्मक पक्ष में बदल दिया और यह वास्तव में काम आया।' ज्योति ने 2023 में एशियाई चैंपियनशिप में 13.09 सेकंड के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 12.78 सेकंड है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो यहां एक और खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मैं अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर थोड़ा तनाव में थी।'



# एलआईसी ने अडानी की इस कंपनी में लगाया 5000 करोड़ रुपए



नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी ने अब देश के दूसरे अमीर शख्स अडानी की कंपनी पर दांव खेला है। एलआईसी ने अडानी पोर्ट्स का 5 हजार करोड़ का पूरा नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर इश्यू खरीद लिया है। आपको आसान भाषा में बताए तो एलआईसी ने अडानी पोर्ट्स को 5 हजार करोड़ का लोन दिया है। बता दें, अडानी पोर्ट्स देश का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट ऑपरेटर है।

**पुराने लोन चुकाने के लिए करेगी इस्तेमाल**

कंपनी इन पैसों का इस्तेमाल अपने पुराने लोन चुकाने और कारोबार को बढ़ाने में करेगी। कंपनी कम ब्याज दर वाले लोन से अपने पुराने लोन को बदलना चाहती है। इसके कारण कंपनी को फायदा होगा क्योंकि उसे कम ब्याज देना होगा। ये 15 साल का बॉन्ड है। जिस पर कुल 7.75 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। ये अडानी ग्रुप का हाल के दिनों में जारी किए गए सबसे लंबे समय के बॉन्ड में से एक है।

**अडानी पोर्ट्स की 8.06 प्रतिशत हिस्सेदारी है**

इसका ये मतलब हुआ कि अडानी पोर्ट्स को 15 साल बाद एलआईसी को ये पैसा वापस करना होगा और इसपर एलआईसी को 7.75 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। एलआईसी के पास अभी अडानी पोर्ट्स की 8.06 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अडानी ग्रुप जिसका नेतृत्व गौतम अडानी कर रहे हैं उनको लोन चुकाने की अवधि को बढ़ाने और कम ब्याज दरों पर लोन लेने की कोशिश कर रहा है। कंपनी ने इस पर बताया कि रणनीतिक तरीके से लोन लेने के कारण उनका औसत ब्याज दर एफवाई25 में 7.92% हो गया है। जो पिछले साल 9.02 प्रतिशत था। वहीं, एफवाई25 के अंत तक एलआईसी ने कॉरपोरेट बॉन्ड में 80 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया था।

**अडानी पोर्ट्स पर 36,422 करोड़ रुपए का कर्ज था**

बता दें, 31 मार्च तक अडानी पोर्ट्स पर 36,422 करोड़ रुपए का कर्ज था। जबकि ईबीआईटीडीए 20,471 करोड़ रुपए था। नेट डेट -टू एबिटा रेश्यो 1.78 गुना था। कंपनी का कार्गो हैंडलिंग क्षमता 633 मिलियन मीट्रिक टन है और पिछले वित्तीय साल में इसने 450 एमएमटी कार्गो संभाला। आज के समय में अडानी पोर्ट्स के पास भारत में 15 बंदरगाह और टर्मिनस हैं। इसके साथ ही इजराइल, तंजानिया, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका में भी इसके एसेट्स हैं।

# काम नहीं आई ट्रंप की धमकी, चीन का बज गया बाजा भारत से 76% उछल गया आईफोन का एक्सपोर्ट



नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐपल से कहा है कि वह भारत में अमेरिकी बाजार के लिए आईफोन बनाना बंद करे। लेकिन उनकी चेतावनी के बावजूद भारत से आईफोन का एक्सपोर्ट तेजी से बढ़ रहा है। ईटी की एक रिपोर्ट में रिसर्च कंपनी ओमडिया के हवाले से कहा गया है कि एप्पल के वेंडर्स ने अप्रैल में भारत से 29 लाख आईफोन अमेरिका भेजे। यह संख्या पिछले साल के मुकाबले 76% ज्यादा है। ट्रंप चाहते हैं कि एप्पल अपने फोन अमेरिका में ही बनाए। लेकिन ऐपल ने भारत से फोन भेजना जारी रखा। कंपनी चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहती है। इसलिए वह अपना प्रोडक्शन चीन से बाहर ले जा रही है। ओमडिया के मुताबिक अप्रैल में चीन से अमेरिका को आईफोन का एक्सपोर्ट 76% गिर गया। पिछले साल अप्रैल में चीन ने 37 लाख आईफोन भेजे थे, लेकिन इस साल सिर्फ 9 लाख ही भेजे। काउंटरपॉइंट रिसर्च का कहना है कि अप्रैल में भारत से अमेरिका को आईफोन का एक्सपोर्ट लगभग 29 से 30 लाख रहा। हालांकि अप्रैल के आंकड़े मार्च से कम हैं। मार्च में ऐपल ने ज्यादा फोन भेजे थे क्योंकि अमेरिका ने उन देशों पर भारी टैक्स लगा दिया था जिनसे उसका ट्रेड डेफिसिट था। चीन पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा था। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि ऐपल का भारत की तरफ झुकाव बढ़ रहा है। अप्रैल में एक्सपोर्ट कम होने का कारण ये है कि अप्रैल-जून के महीनों में आमतौर पर शिपमेंट कम होती है। नए मॉडल सितंबर में लॉन्च होते हैं, इसलिए उससे पहले शिपमेंट कम हो जाती है। एप्पल को राष्ट्रपति ट्रंप की एक धमकी का भी सामना करना पड़ रहा है। ट्रंप ने कहा है कि अगर आईफोन अमेरिका में नहीं बनाए जाते हैं, तो उन पर 25% टैक्स लगाया जाएगा।लेकिन अमेरिका में आईफोन बनाने से उनकी कीमत बहुत बढ़ जाएगी। कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि प्रो मॉडल की कीमत 1,119 डॉलर से बढ़कर 3,000 डॉलर से भी ज्यादा हो जाएगी। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि अमेरिका में लेबर कॉस्ट ज्यादा है और पार्ट्स को जुटाना भी मुश्किल है। एप्पल की मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर फॉक्सकॉन ने हाल ही में चेन्नई में अपनी फैसिलिटी को बढ़ाने के लिए 1.5 अरब डॉलर का इन्वेस्टमेंट करने की घोषणा की है। फॉक्सकॉन ने साथ ही कर्नाटक में भी एक नई फैसिलिटी बनाई है, जहां से जून से आईफ़ोन की शिपिंग शुरू हो जाएगी।इसी तरह टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भी अपनी होसुर फैसिलिटी में कैपेसिटी बढ़ा रही है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में आईफोन बनाने वाली दूसरी सबसे बड़ी वेंडर है। कुछ लोगों का कहना है कि भारत की मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी इतनी जल्दी नहीं बढ़ पाएगी कि वो अमेरिका में एप्पल की पूरी डिमांड को पूरा कर सके। ओमडिया के अनुसार, अमेरिका में हर तिमाही में लगभग 20 मिलियन आईफ़ोन की जरूरत होती है। लेकिन म्मीद है कि भारत 2026 तक इस डिमांड का सिर्फ 80% ही पूरा कर पाएगा। 2025 की पहली तिमाही में लोबल आईफोन शिपमेंट में भारत का हिस्सा 21% था। अनुमान है कि साल के अंत तक ये हिस्सा 25-26% तक बढ़ जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार का असर

## जल्द क्रिप्टोकरेंसी पर कानून बना सकती है सरकार



नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट की हालिया सख्ती के बाद केंद्र सरकार क्रिप्टोकरेंसी को लेकर जल्द बड़ा कदम उठा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार जून में क्रिप्टो एसेट्स को लेकर एक प्रस्तावित दस्तावेज जारी कर सकती है। यह पेपर इस डिजिटल संपत्ति के विनियमन से जुड़े संभावित विकल्पों और कानूनी ढांचे को लेकर दिशानिर्देश देगा। सरकार का यह कदम उस वक्त सामने आया है जब सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि केंद्र को अब तक क्रिप्टोकरेंसी पर कोई स्पष्ट कानून क्यों नहीं लाना चाहिए था।सूत्रों के मुताबिक, वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आर्थिक मामलों के विभाग इस पेपर पर काम कर रहा है और यह दस्तावेज सार्वजनिक परामर्श के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद हितधारकों की राय लेने के बाद सरकार क्रिप्टोकरेंसी पर एक कानून लाने की दिशा में आगे बढ़ेगी। भारत लंबे समय से क्रिप्टोकरेंसी को लेकर किसी ठोस नीति की प्रतीक्षा कर रहा है। फिलहाल डिजिटल करेंसी से जुड़े मामलों में कर और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे कानूनों के तहत कार्रवाई होती है, लेकिन क्रिप्टो को लेकर कोई अलग कानून मौजूद नहीं है। वित्त मंत्रालय पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी20 की मदद से क्रिप्टो रेगुलेशन पर वैश्विक सहमति बनाने की दिशा में काम कर रहा है। भारत में भी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने वालों की संख्या लाखों में है, ऐसे में निवेशकों की सुरक्षा, धोखाधड़ी पर नियंत्रण और आर्थिक स्थिरता के लिए एक स्पष्ट नीति जरूरी मानी जा रही है। जून में आने वाला यह पेपर सरकार की उस दिशा में बड़ी पहल माना जा सकता है, जिससे भारत में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर स्पष्ट और सख्त नियम बनाए जा सकें। कुछ लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी थी कि सरकार को क्रिप्टोकरेंसी के लिए नियम बनाने चाहिए। उनका कहना था कि बिना नियमों के लोगों के साथ धोखा हो रहा है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नियम बनाना उनका काम नहीं है। ये काम सरकार का है। कोर्ट ने कहा कि वो सरकार को नियम बनाने के लिए नहीं कह सकते। कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर किसी को कोई शिकायत है तो वो सरकार से कह सकता है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 05-45
भोग्य कलि वर्ष-426874 सूर्यास्त - 18-42
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृष मे | वृष--- | 04-44 बजे |
| चंद्र- | कर्क मे | मिथुन.. | 06-44 बजे |
| मंगल | कर्क मे | कर्क--- | 08-57 बजे |
| बुध- | मेष मे | सिंह--- | 11-08 बजे |
| गुरु- | मिथुन मे | कन्या... | 13-15 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | तुला.... | 15-22 बजे |
| शनि- | मीन मे | वृश्चिक.. | 17-30 बजे |
| राहु- | कुंभ मे | धनु..... | 19-44 बजे |
| केतु- | सिंह मे | मकर... | 21-50 बजे |
| | | कुंभ... | 23-41 बजे |
| | | मीन.... | 01-19 बजे |
| | | मेष..... | 02-55 बजे |

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- पंचमी 20-15 तक उपरान्त षष्ठी
मास - ज्येष्ठ शुक्ल, शनिवार 31 May
नक्षत्र - पुष्य 21-07 तक उपरान्त आश्लेषा
योग - वृद्धि 10-43 तक उप धुव्र
करण- बव 08-43 तक उप बालव
विशेष:- श्रुति पंचमी जैन
व्रत-त्योहार - मेषे शुक्र

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 08:58 से 10:36 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा** मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल. | 05:45 - 07:20 | अशुभ | लाभ। | 18:42 - 20:08 | शुभ |
| शुभ.. | 07:20 - 08:58 | शुभ | उत्पात | 20:08 - 21:30 | अशुभ |
| रोग. | 08:58 - 10:36 | अशुभ | शुभ | 21:30 - 22:52 | शुभ |
| उत्पात | 10:36 - 12:14 | अशुभ | अमृत | 22:52 - 00:14 | शुभ |
| चंचल | 12:14 - 13:52 | शुभ | चंचल | 00:14 - 01:36 | शुभ |
| लाभ | 13:52 - 15:30 | शुभ | रोग | 01:36 - 02:58 | अशुभ |
| अमृत | 15:30 - 17:08 | शुभ | काल | 02:58 - 04:20 | अशुभ |
| काल | 17:08 - 18:42 | अशुभ | लाभ | 04:20 - 05:45 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे । अपना भला चाहने वाले लोगों से उन चीजों के बारे में भी खुलकर बात करें, जो आपको परेशान कर रही हैं ।अनिश्चितत्ता के बादल एक सप्ताह में छंट जायेंगे । किसी परिजन या अन्तरंग दोस्त का साथ मिलेगा ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आज आप विशेषकर हलके फुल्के मूड में रहेंगे । सब समस्याओं का सामना चेहरे पर मुस्कराहट के साथ करेंगे । आज किसी विवाद में मैत्रीपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका भी अदा कर सकते हैं। आपकी मौजूदगी से ख़ुशी और रोनक रहेगी और शाम को पार्टी की जान बने रहेंगे ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आपके जीवन में एक नई उर्जा का प्रवेश होगा। आपको अचानक यह लगने लगेगा कि जीवन में परिवार तथा करियर में संतुलन बनाना काफी आसान हो गया है । आपकी सारी हिचकिचाहट दूर हो जाएगी और आपके सब कामो में नया आत्मविश्वास दिखाई देगा । आप घर या कार्यस्थल पर किसी करीबी की असमंजस की भावना को भी आज दूर कर पायेंगे ।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,)
आज चलते हुए सावधान रहें । हलकी खरोचें आ सकती हैं | न चाहते हुए भी आप किसी करीबी को बातों-बातों में नाराज कर सकते हैं । आज केवल अपने काम से ही मतलब रखना उपयुक्त रहेगा । सिनेमा या किसी और मनोरंजक कार्यकलाप में समय बिता सकते हैं ।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,)
अगर आप अपना समय और ऊर्जा गरीब और कम सुविधा प्राप्त बच्चों को शिक्षा देने में लगायेंगे तो आपको बहुत ख़ुशी मिलेगी । अपना कुछ सामन किसी जरूरतमंद को दे दें । आपकी वित्तीय स्थिति अच्छी है, आप पैसे से भी किसी की मदद कर सकते हैं । आप नए लोगों से जल्दी ही परिचय भी कर लेते हैं और सबकी जरूरतों का ध्यान रखने के कारण आपकी लोकप्रियता भी है ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज स्वयं को भौतिक चीजों के मोह में फंसा अनुभव करेंगे, लेकिन किसी भी वस्तु को इतना कसकर न पकड़ें । बहाव के साथ बहना ही उपयुक्त है, सहज बने रहें । जब तक आपको जवाब नही मिल जाते, अपना नजरिया दृढ ही रखें । दुसरे स्थान पर शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं । इस बारे में दोस्तों और सहकर्मियों से बात करना सही रहेगा ।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)
आप इस वक़्त अलौकिक घटनाओं से प्रभावित रहेंगे । आप आज अपना दिन किसी रहस्यमयी मुद्दे की खोजबीन में बिताना चाहते हैं और कोई रहस्यमयी फिल्म या उपन्यास देख/पढ़ सकते हैं । आप किसी रहस्य पर से पर्दा उठाने का फैसला भी ले सकते हैं या किसी स्थिति/व्यक्ति के बारे में और अधिक जानने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,)
ग्रहों की स्थिति कुछ ऐसी बन रही है की आपको सुधार करने एवं स्वस्थ होने का विशेष अवसर मिलने वाला है । आप भूतकाल में की हुई अपनी किसी गलती को स्वीकार कर लेंगे और सामने वाले को संतुष्ट करने में कामयाब रहेंगे । ऐसा करके आप अपने दिल से काफी बड़ा बोझ उतार पायेंगे ।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू धा, फा, ढा, भे)
आज आप घर और ऑफिस दोनों स्थानों पर शान्तिपूर्ण माहौल बनाने की कोशिश करेंगे ।आपका यह अनुभव मजेदार रहेगा और आप इससे प्रेरित भी होंगे । हालंकि अपनी निजी बातें किसी के साथ भी ना बाँटें, और कोई भी कडवा पाठ सीखने के लिए भी खुद को तैयार रखें ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आज आपकी किस्मत चमकने का दिन है। सितारे कहते हैं कि आज आपको कोई विशेष काम करना पड़ सकता है । आज अपने किसी नजदीकी व्यक्ति को खुश कर दें, आपकी किस्मत का ताला खुल जाएगा । फिर भी आज किसी को उधार ना दें, वापस नही मिल पायेगा । स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कतें आज नही होंगी ।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आप अपने आसपास के लोगों से अच्छी खासी सहायता और पहचान की उम्मीद रख सकते हैं । आप मजबूत आधार और आशावादिता से भरपूर हैं और नयी परियोजनाओं के लिए बिलकुल तैयार हैं लेकिन आपमें अभी भी अच्छी परियोजना को पहचानने की क्षमता बरक़रार है ।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
जब भी कोई फैसला लेना होता है, आप दिल और दिमाग के बीच उलझ जाते हैं । यही उलझान है, अपने मन की आवाज सुनें, इससे आप सही फैसले ले पायेंगे । आपके परिजनों और करीबियों को आपके साथ की जरुरत है । उनके साथ अच्छा समय बिताएं । यात्रा की योजना बनाने के लिए अच्छा समय है ।अगले सप्ताह यात्रा कर सकते हैं ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# इंडिगो अब एयर इंडिया से करेगी दो-दो हाथ

## लंदन-एम्स्टर्डम जैसी 10 जगहों के लिए शुरू करेगी नॉनस्टॉप फ्लाइट



नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। इंडिगो इस वित्त-वर्ष में दुनिया के मशहूर 10 शहरों में सीधी फ्लाइट शुरू करने का ऐलान किया है, जिनमें लंदन, यूके, डेनमार्क के साथ-साथ साउथ एशिया के शहर होंगे। इस फैसले से इंडिगो एयर इंडिया के साथ दो-दो हाथ करेगी। क्योंकि अभी लंदन जैसे शहरों के लिए एयर इंडिया नॉनस्टॉप फ्लाइट चलाती है।

इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में विमानन कंपनी लंदन और एथेंस सहित कुल 10 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी। अन्य गंतव्यों में एम्स्टर्डम (नीदरलैंड), मैनचेस्टर (ब्रिटेन), कोपेनहेगन (डेनमार्क), सिएम रीप (कम्बोडिया) और मध्य एशिया के चार स्थान शामिल हैं। एल्बर्स ने कहा कि भारतीय विमानन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, जहां बढ़ती मांग को बुनियादी ढांचे के विस्तार से समर्थन मिल रहा है। इंडिगो, जुलाई में पट्टे पर लिए गए बोइंग 787-9 विमान के साथ मुंबई से मैनचेस्टर और एम्स्टर्डम के लिए सीधी उड़ानें संचालित करना शुरू करेगी। यह विमानन कंपनी की लंबी दूरी की उड़ानों की भी शुरुआत होगी। कंपनी की आय 10 अरब अमेरिकी डॉलर है। यह 90 से अधिक घरेलू और 40 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सेवाएं मुहैया कराती है। वहीं, 430 से अधिक विमानों के बेड़े के साथ रोजाना 2,300 से अधिक उड़ानें संचालित करती है। इंडिगो के सीईओ एल्बर्स ने कहा कि भारत की 90% आबादी अब उन हवाईअड्डों के पास रहती है, जहां इंडिगो की उड़ानें उपलब्ध हैं। यह दर्शाता है कि एयरलाइन भारत और विदेशों में तेजी से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2025 में, इंडिगो 100 से ज्यादा नए रास्ते शुरू करने की योजना बना रही है, जिसमें 40 विदेशी शहर और 20 भारतीय शहर शामिल हैं।एल्बर्स ने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, और इंडिगो भी। एयरलाइन हर तीन दिन में 10 लाख से ज्यादा यात्रियों को सेवा देती है और अपने कर्मचारियों में भारत की सबसे ज्यादा महिला पायलट और मजबूत एलजीबीटीक्यू+ समुदाय होने पर गर्व करती है।

# ईपीएफ छोड़िए वीपीएफ से 25 हजार की सैलरी में बना लेंगे 2.5 करोड़ से ज्यादा का फंड

नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार की ओर से सैलरीड कर्मचारियों के लिए कई सारी स्कीम्स चलाई जाती हैं. इसी में एक है ईपीएफ स्कीम. इस स्कीम को खासतौर पर मंथली सैलरी पाने वाले लोगों के हिसाब से डिजाइन किया है. इसमें आपको कुछ पैसे अपनी सैलरी से देने होते हैं और कुछ पैसे कंपनी आपकी सैलरी से खुद काटकर जमा करती है. लेकिन हम आपको वीपीएफ स्कीम के बारे में बताते हैं, जिसमें आप 25 हजार रुपये की सैलरी में 2.5 करोड़ रुपये का फंड बना सकते हैं. वीपीएफ एक एक्सटेंशन स्कीम है, जो कि ईपीएफ के तहत ही आती है. इसमें आप अपनी जरूरत के हिसाब से ज्यादा निवेश कर सकते हैं और रिटायरमेंट के बाद अधिक फंड जुटा सकते हैं. जैसे अभी पीएफ के नियम के मुताबिक, कंपनी आपकी सैलरी का 12 प्रतिशत फंड देती है और 12 प्रतिशत सैलरी से ही कटता है. वहीं, आप वीपीएफ से तहत हर महीने ज्यादा निवेश करके अच्छा खासा फंड जुटा सकते हैं।

**ऐसे बनेगा 2.5 करोड़ का फंड**

आइए हम आपको बताते हैं कि कैसे आप 2.5 करोड़ रुपये का फंड वीपीएफ के तहत जुटा सकते हैं. अगर किसी सैलरी 25 हजार रुपये महीना है, और कुल ईपीएफ में अपनी सैलरी का 20 प्रतिशत कंट्रीब्यूट करते हैं और आपकी सैलरी हर साल 5 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ रही है, तो आप 2.5 करोड़ का फंड इकट्ठा कर सकते हैं. 25 हजार रुपये की मंथली सैलरी है और आप 25 साल की उम्र से इसमें कंट्रीब्यूट करते हैं. सैलरी हर साल 5 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ रही तो आप 2.5 करोड़ रुपये आराम से जमा कर सकते हैं. 25 हजार की सैलरी में से 20 प्रतिशत के कंट्रीब्यूशन 68,05,474 रुपये का होगा. जिस पर कुल ब्याज 2,05,41,873 रुपये होगा. वहीं, इन दोनो को आपस में जोड़ दें तो रिटायरमेंट के बाद आपके पास कुल रकम 2,73,47,347 रुपये होगी. इस हिसाब से आप 25 हजार रुपये की मंथली सैलरी में भी वीपीएफ के जरिए करोड़पति बन जाएंगे।

# अब नहीं चलेगी धोखाधड़ी, पैकेज्ड फूड पर सब कुछ बताना होगा सच-सच

नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। पैक्ड फूड खाना हर किसी को पसंद होता है. लेकिन अब सरकार ने पैकेज्ड फूड कंपनियों पर कड़ी निगरानी रखी है और उन्हें फूड लेबल, पैकेजिंग और प्रमोशनल मैटिरियल पर 100% का दावा बंद करने का निर्देश दिया है. इसने ऐसे दावों को "उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाला, अस्पष्ट और गलत डिफाइन करने का शिकार बताया है. 28 मई को जारी काउंसलिंग में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कहा कि "फूड सेफ्टी अधिनियम के तहत 100% शब्द को किसी भी तरह से परिभाषित या संदर्भित नहीं किया गया है. अभी के समय में कई ब्रांड चॉकलेट, चाय, शहद, बिस्कुट और प्रोटीन पाउडर जैसे प्रोडक्ट बेचते हैं, जिन पर "100% चीनी मुक्त, बाजरा, जई के साथ" जैसे दावे करता है.

**सख्ती से रोक लगाते हैं**

एफएसएसएआई ने कहा कि उसके नियम ऐसे किसी भी विज्ञापन या दावे पर "सख्ती से रोक लगाते हैं" जो अन्य कंपनियों को कम में आंकते हैं या भ्रामक तरीके से उपभोक्ता की धारणा को प्रभावित करते हैं. इसने आगे कहा कि नियमों के अनुसार, दावे "सत्य, स्पष्ट और सार्थक होने चाहिए, भ्रामक नहीं होने चाहिए और उपभोक्ताओं को दी गई जानकारी को समझने में मदद करनी चाहिए.खाद्य नियामक ने 2024 के मध्य में एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें कंपनियों को लेबल और विज्ञापनों से "100% फलों के रस" जैसे दावों को हटाने का निर्देश दिया गया था. इसने कंपनियों को दिसंबर के अंत तक सभी पूर्व-मुद्रित पैकेजिंग सामग्री को खत्म करने का भी निर्देश दिया, जो पैकेज्ड जूस में 100% फलों के रस का दावा करते हैं. कई ब्रांडों में से एक, डाबर का रियल जूस ब्रांड और एफएसएसएआई अभी के समय में इस मुद्दे पर कानूनी विवाद में उलझे हुए हैं. पिछले महीने, एफएसएसएआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि डाबर के पैकेजिंग पर '100% फलों के रस' का दावा मौजूदा खाद्य सुरक्षा नियमों के तहत अनुमति नहीं है, इसे "उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाला" बताया. नियामक ने निर्देश को चुनौती देने वाली डाबर को जवाब दिया था।



# सोना 210 सस्ता होकर 95,315 पर आया

## चांदी का भाव 1000 कम हुआ, 97100 प्रति किलो बिक रही



नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 30 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 210 रुपए घटकर 95,315 रुपए पर आ गया है। कल यह 95,525 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं, चांदी की कीमत आज 1,000 रुपए गिरकर 97,100 रुपए रह गई है। कल चांदी 98,100 रुपए किलो थी। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 97,460 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,350 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 97,310 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,200 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 97,310 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 89,200 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 97,310 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,200 रुपए है।

**हैदराबाद :**10 ग्राम और 22 कैरट के लिए रुपए 97310/10 ग्राम 24 कैरट के लिए रुपए 89200 रुपए है।

**इस साल अब तक 19,153 रुपए महंगा हो चुका है सोना**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,153 रुपए बढ़कर 95,315 रुपए पर पहुंच गया है।

# शेयर बाजार लाल निशान पर हुआ बंद

## सेंसेक्स 182 अंक टूटा, निफ्टी 24800 से नीचे आया

नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को लाल निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 182.01 अंक या 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। इसमें 24 शेयरों में गिरावट आई और छह शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। कारोबार के दौरान यह 346.57 अंक या 0.42 प्रतिशत गिरकर 81,286.45 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 82.90 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,750.70 पर आ गया। धातु, आईटी और ऑटो क्षेत्र के शेयरों में गिरावट आई, जबकि बैंकिंग शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। अमेरिकी अपील अदालत की ओर से पारस्परिक शुल्कों को अस्थायी रूप से बहाल करने के बाद व्यापार अनिश्चितता फिर बढ़ गई। इससे आईटी शेयरों में गिरावट दिखी और एशियाई बाजारों में सुस्त माहौल बना। इसके कारण शुक्रवार को शेयर बाजार सीमित दायरे में बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार बंद होने के बाद घरेलू सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशक सतर्क थे। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सबसे ज्यादा 1.73 फीसदी की गिरावट आई। एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इंफोसिस, नेस्ले, सन फार्मा और टाटा स्टील के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। इटरनल, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व लाभ में रहे।

# आखिरी तिमाही में देश की जीडीपी ने जगाई उम्मीद, 7.4% रही ग्रोथ, चीन को भी छोड़ा पीछ

नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। देश की आर्थिक विकास दर में तेजी आई है. सरकार द्वारा 30 मई को जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की अंतिम तिमाही में जीडीपी की बढ़ोतरी चार तिमाहियों के उच्चतम स्तर 7.4 प्रतिशत पर पहुंच गई. वहीं सालाना ग्रोथ 6.5% रही.सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा प्रोविजनल अनुमान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की अर्थव्यवस्था ने 6.5 फीसदी की ग्रोथ दर्ज की है. जनवरी-मार्च तिमाही में 7.4% की मजबूत बढ़ोतरी के साथ वार्षिक प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है.इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.5 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया था. लेकिन 2023-24 में भारत की जीडीपी में 9.2 फीसदी की ग्रोथ दर्ज की गई थी और ये सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रही थी. आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 2021- 22 और 2022-23 में अर्थव्यवस्था 8.7 फीसदी और 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी.सरकारी आकड़ों के मुताबिक, भारत की जीडीपी मार्च तिमाही में चीन के मुकाबले ज्यादा रही है. एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन की जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रही है. जबकि भारत में 7.4प्रतिशत रही. इस लिहाज से भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया।

## पीएलएफआई का उग्रवादी गिरफ्तार

### क्रशर और ईंट भट्ठा पर फायरिंग का आरोप, लेवी वसूली में था सक्रिय



लातेहार, 30 मई (एजेंसियां)। लातेहार पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के एक सक्रिय सदस्य विष्णु उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। विष्णु गुमला के भरनो स्थित भड़गांव के खलबी टोला का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से लेवी मांगने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला मोबाइल फोन भी बरामद किया है। एसडीपीओ अरविंद कुमार के अनुसार, एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि विष्णु उरांव पीएलएफआई के नाम पर ठेकेदारों को धमकी दे रहा है। इस सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। विष्णु 4 अप्रैल 2025 को हड़गड़वा में हुई कई आपराधिक घटनाओं में शामिल था। इनमें संतोष सिंह के क्रशर मशीन पर फायरिंग और फिरोज अहमद के ईंट भट्ठा में लेवी मांगने की घटनाएं शामिल हैं। साथ ही भट्ठा के मुंशी पर गोलीबारी का भी आरोप है।

इस मामले में पीएलएफआई के चार अन्य उग्रवादी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। विष्णु फरार चल रहा था। छापेमारी दल में चंदवा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह और सैट-44 के सशस्त्र बल शामिल थे। आरोपी को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री योजना में मिली 8 लाख की मंजूरी

### ऑटो चालक को अभी तक नहीं मिली राशि पत्नी के इलाज के लिए बेचना पड़ा ऑटो

धनबाद, 30 मई (एजेंसियां)। धनबाद में एक ऑटो चालक अपनी पत्नी के इलाज के लिए सिविल सर्जन कार्यालय का चक्कर काट रहा है, पर उसे आज तक कोई मदद नहीं मिल पाई है। दरअसल, चालक मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत सहायता प्राप्त कर पत्नी का इलाज कराना चाहता है, पर अब तक उसकी आर्थिक सहायता की मांग पूरी नहीं हो सकी है।

झरिया जामाडोबा निवासी ऑटो चालक अखिलेश प्रसाद पिछले दो महीने से अपनी बीमार पत्नी के इलाज के लिए परेशान हैं। अखिलेश की पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है और वो इस समय धनबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं।

परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर थी और इलाज के बढ़ते खर्च ने अखिलेश को अपने ऑटो तक को बेचने के लिए मजबूर कर दिया। अब स्थिति यह है कि दवाइयों और अस्पताल के अन्य खर्चों के लिए भी उनके पास पैसे नहीं बचे हैं।

फाइल अब तक प्रक्रिया में ही अटकी हुई हैः अखिलेश प्रसाद



पीड़ित ऑटो चालक ने बताया कि उन्होंने दो महीने पहले मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत आवेदन दिया था, लेकिन फाइल अब तक प्रक्रिया में ही अटकी हुई है। सिविल सर्जन कार्यालय से बार-बार चक्कर लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकल सका। वहीं, अखिलेश ने सरकार से पत्नी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की है। इधर, सिविल सर्जन चंद्रभानू प्रतापन के अनुसार, मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना के तहत रोगी को 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा अतिरिक्त 3 लाख रुपए का आवेदन भी मंजूर किया गया है। राशि का भुगतान रांची स्वास्थ्य विभाग से होना है।

### नक्सलियों के बिछाये 'मौत की जाल' में फंसकर तीन ग्रामीण हुए बुरी तरह से घायल

रायपुर, 30 मई (एजेंसियां)। बस्तर संभाग में पुलिस फोर्स के नक्सल ऑपरेशन के बावजूद नक्सली अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। नक्सलियों के लगाये गये आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर तीन ग्रामीण बुरी तरह से घायल हुए हैं। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती कराया गया है।

घटना बीजापुर जिले के मद्देड थाने क्षेत्र के ग्राम बदेपारा की है। बताया जाता है कि नक्सलियों ने ये आईईडी पुलिस जवानों को क्षति पहुंचाने के लिये लगाई थी, लेकिन जवानों की जगह ग्रामीण इसकी जद में आ गये।

## झारखंड में 2 जून तक बारिश-वज्रपात का अलर्ट

### राजधानी रांची, गुमला समेत कई जिलों में गरज के साथ बारिश, चली तेज हवा



रांची, 30 मई (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र का असर झारखंड में शुक्रवार को भी दिखा। रांची, गुमला, लातेहार समेत कई जिलों में गरज के साथ बारिश हुई। साथ ही तेज हवा भी चली। आगे भी कई जिलों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना बनी हुई है।

गुरुवार को भी गोड्डा और पाकुड़ में तेज हवा के साथ बारिश हुई थी। वहीं, कई जिलों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड के विभिन्न इलाकों में 2 जून तक गरज के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। साथ ही तेज रफ्तार में हवा के चलने और वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।

पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश ने लोगों को गर्मी से काफी राहत महसूस करवाई है। मौसम विभाग ने 31 मई तक यलो अलर्ट जारी किया है।

राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में इसमें तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार और शनिवार को राज्य के कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

वहीं, 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

1 जून को पूर्वी हिस्सों में और 2 जून को देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज में गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है।

इधर, पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश 32.4 एमएम घाटशिला में दर्ज की गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज की गई।

## यू-ट्यूब सर्च हिस्ट्री से पकड़ा गया किलर

### इंजीनियर ने टीचर-पत्नी की हत्या से पहले क्राइम स्टोरीज देखी, फिर बोलेरो से कुचला, रॉड से मारा

बालोद, 30 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बालोद में एक टीचर की मौत के खुलासे में कई चौंकाने वाली बात सामने आई है। पुलिस ने टीचर के पति जो बिजली विभाग में इंजीनियर है उसे और एक साथी को गिरफ्तार किया है। पति की गिरफ्तारी यू-ट्यूब और गूगल सर्च हिस्ट्री से हुई है। जांच में यह भी पता चला कि उसने मर्डर के लिए 60 हजार रुपए की सुपारी दी थी। साथ ही मर्डर की प्लानिंग और सबूत मिटाने के लिए 150 से ज्यादा क्राइम स्टोरीज के एपिसोड उसके पति ने देखे। मोबाइल लोकेशन से बचने का भी उसने तरीका निकाला था।

इतना ही नहीं, उसने घटना को एक्सीडेंट का भी रूप दिया था। हालांकि महिला के परिजन ने कहा कि, ये हादसा नहीं हत्या है। इसके बाद जांच फिर से हुई और फिर कैसे आरोपी तक पुलिस पहुंची जानिए सिलसिलेवार पूरी वारदातः- पूरी घटना 22 मार्च



2025 की शाम 4.15 बजे की है। बालोद जिले के दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के मानपुर रोड स्थित बजरंग बली मंदिर के पास दो स्कूटी सवार महिलाएं सड़क पर गिरी हुई मिली थी। जिसमें शिक्षिका बरखा वासनिक की मौत हो गई थी। जबकि पीछे बैठी मथुरा मंडावी गंभीर रूप से घायल थी। घटना के बाद दल्लीराजहरा थाना में अपराध दर्ज कर जांच शुरू हुई। प्रथम दृष्टया यह हादसा ही लगा। फिर मृतिका की बहन प्रियंका डाहार ने एसपी, आईजी से लेकर तमाम प्रशासनिक अधिकारियों के दरवाजे खटखटाए। जब पुलिस ने मामले की हत्या की एंगल से जांच शुरू की तो सच सामने आया।

परिजन भी अपने स्तर पर हादसे की जांच कर रहे थे। बरखा वासनिक शेरपार हाईस्कूल में व्याख्याता के पद पर पदस्थ थीं। वहीं बच्चों से पूछताछ में पता चला कि, घटना वाले दिन एक सफेद बोलेरो कार में सवार एक व्यक्ति लगातार आसपास था।

उसने बरखा मैडम की छुट्टी का समय भी बच्चों से पूछा था। बच्चों से जब बरखा के पति की तस्वीर दिखाई गई तो बच्चों ने भी फोटो को पहचान लिया। इससे बरखा के भाई-बहन का शक गहराया और उन्होंने पुलिस से इसकी जांच की मांग की। यही शक बाद में पुलिस जांच की अहम कड़ी बना।

आरोपी पति का नाम शीशपाल वासनिक है जो भिलाई-3 में विद्युत विभाग में इंजीनियर है। पूछताछ में पता चला कि, शादी के बाद से ही पति-पत्नी के रिश्ते में तनाव बना हुआ था और तलाक की प्रक्रिया कोर्ट में चल रही थी, लेकिन कानूनी रूप से तलाक नहीं हो पाया।

## बंद घर में ताला तोड़कर चोरी

### जेवर, बर्तन और नकदी ले गए चोर कई दुकानों में पहले भी हो चुकी है चोरी

गोड्डा, 30 मई (एजेंसियां)। गोड्डा नगर थाना क्षेत्र के कुरमन गांव में बीती रात एक घर से चोरी की वारदात सामने आई है। गृहस्वामी बिंदु देवी के घर से चोर लाखों रुपए के जेवर, बर्तन और नकदी ले उड़े। बिंदु देवी ने बताया कि उनके पति रोहित ठाकुर गाड़ी चालक हैं। वे किसी काम से बाहर गए थे। अकेले होने के कारण बिंदु देवी अपनी सास के घर सोने चली गईं। सुबह जब वे झाड़ू लगाने घर आईं तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो ट्रंक और गोदरेज खुले थे। सारा सामान बिखरा पड़ा था। ट्रंक में रखे कांसे के बर्तन, गोदरेज में रखा दुल्हन सेट, पायल, बच्चों की 4 जोड़ी मठिया और पांच हजार रुपए नकद गायब थे। कुरमन में पहले भी कई दुकानों और घरों में चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। इससे लोगों में दहशत का माहौल है।

## 2 सड़क हादसों में 6 की मौत

### छुईखदान में खाई में गिरा मालवाहक, बलरामपुर में 2 बाइकों के बीच आमने-सामने टक्कर

बलरामपुर, 30 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई है। शुक्रवार सुबह 10:30 बजे खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में माजदा वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। गाड़ी में सवार 10 लोगों में से 3 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 गंभीर रूप से घायल हैं।

वहीं गुरुवार रात बलरामपुर जिले के ककना में 2 बाइकों में सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में 3 युवकों ने दम तोड़ दिया और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। छुईखदान क्षेत्र में छिंदारी डैम के पास माजदा वाहन अनकंट्रोल हो गया, वाहन गहरी खाई में जा गिरा। माजदा में सवार सभी लोग तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद जंगल से लौट रहे थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

छुईखदान टीआई जितेंद्र बंजारे ने बताया कि फिलहाल शुरुआत जांच जारी है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि हादसा वाहन की तकनीकी खराबी से हुआ या मानवीय लापरवाही के कारण।

इस हादसे में राजेश साहू (28), मंगल चंद (30) और टिक्कू धनकर (31) की मौत हुई है। तीनों मजदूर थे और भरदाकला (छुईखदान) के रहने वाले थे। बलरामपुर में दो बाइकों में भिड़ंत इतनी तेज थी कि 2 युवकों की मौके पर मौत हो गई और एक ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। घटना बरियो चौकी क्षेत्र की है। गुरुवार रात करीब 10 बजे ककना-कल्याणपुर मार्ग में ककना नर्सरी के पास ये हादसा हुआ। एक बाइक में सवार आनंद भुईयां (20 वर्ष) निवासी सिधमा अपने रिश्तेदार लाल बाबू भुइयां (19 वर्ष) के साथ बरियो आया था। दोनों वापस सिधमा जाने के लिए निकले थे। दूसरी बाइक में तुलसी अगरिया (30 वर्ष) अपने साथी कृष्णा खलखो (18 वर्ष) के साथ सिधमा से मदनेश्वरपुर जा रहे थे। दोनों बाइकों की भिड़ंत सीधी सड़क पर हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों बाइकों में सवार युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में आनंद भुइयां और तुलसी अगरिया की मौके पर मौत हो गई। दोनों के सिर सहित अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थी। वहीं लाल बाबू भुइयां और कृष्णा खलखो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर बरियो चौकी प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को मालवाहक वाहन से बरियो तक फिर 108 एम्बुलेंस के जरिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजा।

## बस्तर नहीं हुआ है नक्सल मुक्त

### बीजापुर, कांकेर समेत 4 जिले अति नक्सल प्रभावित 4 कैटेगरी में देश के 48 जिलों की लिस्ट



जगदलपुर, 30 मई (एजेंसियां)। देश के 9 राज्य जो नक्सलवाद से प्रभावित हैं उनके 48 जिलों को एलडब्ल्यूई (लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म) ने 4 कैटेगरी में बांटा है। साल 2025 की सूची में छत्तीसगढ़, झारखंड और महाराष्ट्र इन 3 राज्यों के 6 जिले अति नक्सल प्रभावित जिलों की श्रेणी में हैं। अति नक्सल प्रभावित कैटेगरी में छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के 4 जिले हैं। यानी बस्तर संभाग फिलहाल नक्सल मुक्त नहीं हुआ है। हालांकि बस्तर जिला जरूर एक कैटेगरी से हटकर दूसरी कैटेगरी में चला गया है। छत्तीसगढ़ के सबसे ज्यादा 4 जिले नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा और कांकेर जो अति नक्सल प्रभावित हैं, जहां नक्सलवाद को खत्म करने की चुनौती है। जबकि, छत्तीसगढ़ में बस्तर संभाग का बस्तर और कोंडागांव जिला एलडब्ल्यूई की चौथे नंबर की कैटेगरी लिगेसी एंड थ्रस्ट डिस्ट्रिक की श्रेणी में शामिल हुआ है। यानी ये नक्सल प्रभावित और सामान्य जिलों के बीच की स्थिति में हैं।

इसमें धमतरी, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और राजनांदगांव भी शामिल हैं। ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता कि यहां से नक्सलवाद का पूरी तरह से सफाया हो गया है। इन जिलों में नक्सल गतिविधियां कम हुई हैं।

## एसईसीएल गेवरा खदान में फिर हुआ हादसा

### कोयले से भरे ट्रक में लगी आग, धू-धूकर जला वाहन

कोरबा, 30 मई (एजेंसियां)। एसईसीएल गेवरा खदान में फिर एक हादसा हो गया। कोयले से भरे ट्रक में आगजनी की घटना सामने आई है। इस घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और देखते ही देखते कोयले से भरा ट्रक धू धूकर जलता रहा। बताया जा रहा है कि गेवरा खदान से कोयला लेकर जा रहे कोयले से भरे ट्रक में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। यह घटना उस वक्त हुई जब ट्रक कोयला सैंपल चेकिंग के दौरान खड़े लाइन पर खड़ा हुआ था। देर रात अचानक से ट्रक में आग लग गई और देखते ही देखते कोयला लोड ट्रक जलने लगा। बताया जा रहा है कि आसपास कोयले से भरे ट्रक खड़े हुए थे।

## जादू-टोने के शक में मां की हत्या, बेटी से गैंगरेप

### 12 साल से फरार नाबालिग आरोपी मुंबई से गिरफ्तार, सात आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया, एक की हुई मौत

जशपुर, 30 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के जशपुर में महिला की हत्या और उसकी बेटी के साथ गैंगरेप मामले में 12 साल से फरार आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी वर्ष 2013 में वारदात के बाद से फरार था।

इस मामले में कुल नौ आरोपी थे। सात आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि एक आरोपी की मौत हो चुकी है। घटना के समय एक आरोपी नाबालिग था। वह 12 वर्षों तक पुलिस से बचता रहा। जिसे पुलिस ने अब मुंबई के बोरीवली से पकड़ा है।

दरअसल, यह घटना 1 सितंबर 2013 की रात है। कुनकुरी क्षेत्र की गैंगरेप पीड़िता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह और उसकी मां घर में अकेली थी। रात करीब 11:30 बजे कुछ अज्ञात लोग जबरन घर में घुसे, लाइट बुझा दी, और दोनों को घर से बाहर ले गए। इसके बाद उसकी मां की करीब 150 मीटर दूर ले जाकर गला रेतकर हत्या कर दी गई और युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने थाना कुनकुरी में अपराध कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो पता चला कि गांव का ही निवासी रामलाल विश्वकर्मा, महिला पर जादू-टोने का शक करता था। उसे लगता था कि उसकी भाभी और बड़े भाई की मौत महिला के जादू-टोने की वजह से हुई है। इतना ही नहीं, उसे पत्नी की बीमारी के लिए महिला को ही जिम्मेदार मानता था। इसी शक के चलते उसने अपने दोस्त सतीश विश्वकर्मा के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। इस साजिश को अंजाम देने के लिए उन्होंने झारखंड के ग्राम खालीजोर निवासी आरोपी गुंजन खेस को 80 हजार रुपए दिए। गुंजन खेस ने अपने साथियों अनुरंजन लकड़ा, प्रफुल्ल लकड़ा, सुमन खेस, असीम खेस, नेल्सन खेस और एक नाबालिग की मदद ली। उसने सभी साथियों के साथ मिलकर पहले मां की हत्या की फिर उसकी बेटी के साथ गैंगरेप किया। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रामलाल विश्वकर्मा सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया था। हालांकि, दो आरोपी नेल्सन खेस और एक नाबालिग तब से फरार चल रहे थे।

बाद में जांच में पता चला कि 2015 में नेल्सन खेस की मौत हो चुकी है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि घटना में शामिल फरार आरोपी, जो घटना के समय नाबालिग था और अब बालिग हो चुका है, उसे पुलिस ने मुंबई के कासीगांव थाना क्षेत्र के बोरीवली से पकड़ा है। वह वहां जे कुमार कंस्ट्रक्शन कंपनी में लेबर के रूप में काम कर रहा था।

## रांची में अब तक तीन कोरोना पॉजिटिव मरीज आए सामने

### जमशेदपुर में भी हुई एंट्री, आरटीपीसीआर से होगी पुष्टि

रांची, 30 मई (एजेंसियां)। रांची में कोरोना संक्रमण के अभी तक तीन मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, जमशेदपुर में भी कोरोना की एंट्री हो गई है। कदमा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 46 वर्षीय एक महिला कोरोना संक्रमित पाई गई। महिला का ब्लड सैंपल लेकर आरटीपीसीआर जांच के लिए भेजा है। इधर, रांची में महाराष्ट्र से आए एक संक्रमित मरीज की रिपोर्ट गुरुवार को निगेटिव आ गई है। फिल्म निर्माता निर्देशक लाल विजय शाहदेव को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। जबकि, एक मरीज घर में क्वारेंटाइन हैं और दूसरा अस्पताल में इलाजरत है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले को देखते हुए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने आम लोगों से संक्रमण से बचने की अपील की है। डीसी ने भीड़-भाड़ वाली जगह पर मास्क पहनने की सलाह दी है।

उन्होंने आईसीएमआर कोविड नेशनल टास्क फोर्स के दिशा-निर्देश के तहत हल्के लक्षण वाले मरीजों को घर पर ही आइसोलेट रहने का निर्देश दिया है। वहीं, नाक बहने, गले में खराश, सिरदर्द या बुखार जैसे लक्षण दिखने पर मास्क पहनने का निर्देश दिया है। ताकि संक्रमण का विस्तार न हो।

यदि आपको फ्लू का कोई लक्षण है, सांस लेने में तकलीफ हो और ऑक्सीजन लेवल 93 प्रतिशत से नीचे आ जाए, तेज बुखार और पांच दिनों से अधिक समय तक खांसी हो तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेने के लिए कहा गया है।

## कनेर का जहरीला बीज खाकर मौत को लगाया गले

### 20 दिन पहले हुई थी शादी, पूर्व प्रेमी पर आरोप

गौरेला पेंड्रा मरवाही, 30 मई (एजेंसियां)। एक नवविवाहिता ने कनेर का जहरीला बीज खाकर आत्महत्या कर ली। उसकी महज 22 दिन पहले ही गौरेला थाना क्षेत्र के सारबहरा से शादी पेंड्रा के सोन बचरवार गांव में हुई थी। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान नवविवाहिता की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने पूर्व प्रेमी पर ब्लैकमेल एवं प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

गौरेला पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, गौरेला थाना क्षेत्र के सारबहरा में रहने वाली आरती बंजारे की शादी 22 दिन पूर्व 8 मई को पेंड्रा थाना क्षेत्र के सोन बचरवार गांव के रहने वाले युवक के साथ पूरे रीतिरिवाज के साथ हुई थी।

## दो कार से 30 किलो गांजा जब्त

### तीन तस्कर गिरफ्तार, गया ले जाया जा रहा था नशीला पदार्थ



लातेहार, 30 मई (एजेंसियां)। लातेहार पुलिस ने शुक्रवार को चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुईया मोड़ से बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने दो कार में छिपाकर ले जाए जा रहे 30 किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में औरंगाबाद के हिमांशु कुमार उर्फ मनीष, गया के हिमांशु कुमार उर्फ प्रशांत और शुभम कुमार शामिल हैं।

एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी। एक लाल और एक सफेद रंग की कार लुकुईया मोड़ पर संदिग्ध स्थिति में खड़ी थीं। सफेद कार में बैठे लोग पुलिस की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। लाल कार में गांजा रखा गया था। ये लोग गांजा लेकर गया जाने की तैयारी में थे।

सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। चेकिंग के दौरान दोनों कार से गांजा बरामद हुआ।

## तुर्की के वामपंथी संगठन का छत्तीसगढ़ कनेक्शन

### मारे गए नक्सली बसवा राजू को वीडियो जारी कर दी श्रद्धांजलि, 21 मई को हुआ था एनकाउंटर

जगदलपुर, 30 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नक्सलियों की जड़ें अब देश के अंदर तक सीमित नहीं रहीं। बस्तर के अबूझमाड़ से निकलकर तुर्की तक जा पहुंची है। हाल ही में एनकाउंटर में मारे गए नक्सली संगठन के महासचिव बसवा राजू को तुर्की में श्रद्धांजलि दी गई है। इसे लेकर तुर्की के वामपंथी संगठन ने वीडियो भी जारी किया है। वीडियो में वामपंथी लीडर्स के चेहरों पर नकाब बंधे हैं, जिसमें वह भारत सरकार, बीजेपी और आरएसएस का विरोध कर रहे हैं। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि वीडियो तुर्की से जारी किया गया है और तुर्की में ही श्रद्धांजलि दी गई है।

दरसअल, 21 मई 2025 को बस्तर के अबूझमाड़ में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर कोंडागांव की डीआरजी ने नक्सल



संगठन के महासचिव और पोलित ब्यूरो मेंबर बसवा राजू समेत 28 नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर किया था। डीआरजी ने मौके से बसवा राजू समेत 27 नक्सलियों की लाश बरामद की थी, जबकि एक शव नक्सली अपने साथ लेकर चले गए थे। बसवा राजू पर देशभर में कुल 10 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। ये नक्सल संगठन का पहला सबसे बड़े कैडर का नक्सली था, जिसको मुठभेड़ में ढेर किया गया है।

गणपति के बाद साल 2018 में बसवा राजू नक्सल संगठन का महासचिव बना। ये नक्सल संगठन में सबसे बड़ा पद है। बसवा राजू मूलतः आंध्र प्रदेश का रहने वाला था। बीटेक की पढ़ाई किया था। नक्सल विचारधारा से प्रभावित हुआ और माओवाद संगठन में शामिल हो गया था।

एक के बाद एक बड़े पद में सक्रिय रहा। इसकी बनाई प्लानिंग में नक्सलियों को कई सफलताएं मिली। जेल ब्रेक, ताड़मेटला, झीरम, बुरकापाल जैसी बड़ी नक्सल घटनाओं का मास्टर माइंड था।

छत्तीसगढ़ में इसपर डेढ़ करोड़ और देशभर में इसपर 10 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था।

# ट्रम्प 130 दिन में अपने 11 फैसले पलट चुके हैं

## 180 कोर्ट ने रोके, प्रशासन के आदेशों के खिलाफ 250 से ज्यादा याचिका दायर

वॉशिंगटन, 30 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए अभी सिर्फ 130 दिन ही हुए हैं। लेकिन उनकी नीतियों को लेकर विवाद और कानूनी चुनौतियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

अब तक अमेरिकी अदालतों ने ट्रम्प प्रशासन के कम से कम 180 कार्यकारी आदेशों और नीतियों पर स्थाई या अस्थायी तौर पर रोक लगाई है। साथ ही, ट्रम्प ने खुद 11 प्रमुख फैसलों पर यू-टर्न लेते हुए पलटा है।

रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने जन्मसिद्ध नागरिकता खत्म करने, संघीय कर्मचारियों की सामूहिक बर्खास्तगी और विदेशी सहायता रोकने जैसे आदेशों को अवैध या असंवैधानिक ठहराया है। वहीं, ट्रम्प ने फेडरल फंडिंग फ्रीज, अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा और टैरिफ नीतियों जैसे फैसलों को कई बार बदला या वापस लिया है।

ट्रम्प ने वॉयस ऑफ अमेरिका को खत्म करने का फैसला लिया



था, जिसे कोलोराडो की अदालत ने अवैध ठहराया। पर्यावरण नियमों को कमजोर करने वाले आदेशों को भी कैलिफोर्निया की अदालत ने रोका। वजह- वे क्लीन एयर एक्ट का उल्लंघन करते थे।

वाशिंगटन की अदालत ने गैर अमेरिकियों के लिए मतदान प्रतिबंध को असंवैधानिक माना। अप्रैल 2025 में एक हफ्ते में 11 मुकदमों में ट्रम्प प्रशासन को हार मिली। ट्रम्प के ट्रांसजेंडर स्वास्थ्य अधिकारों को सीमित करने वाले आदेश को भी न्यूयॉर्क कोर्ट ने भेदभावपूर्ण ठहराते हुए अवैध ठहराया। इसके अलावा ट्रम्प के विदेशी फंडिंग से जुड़े आदेश को भी अदालत ने गलत माना।

ट्रम्प ने जिन नीतियों को बार-बार पलटा उनमें सबसे बड़ा मामला टैरिफ से जुड़ा है। साथ ही प्रवासी बच्चों की बर्थ राइट रोकने का फैसला भी आदेश के कुछ दिनों के भीतर ट्रम्प ने रद्द कर दिया।

डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के तहत इबोला रोकथाम फंडिंग रद्द हुई, जिसे बाद में फिर बहाल किया गया। मेक्सिको-कनाडा के साथ व्यापार समझौते को रद्द करने की घोषणा की लेकिन दबाव के बाद इसे स्थगित किया।

कभी ट्रम्प के चुनावी अभियान में 2100 करोड़ रुपए का चंदा और खुलेआम समर्थन देने वाले कारोबारी इलॉन मस्क ने ट्रम्प से अलग होने का फैसला किया है। इसकी बड़ी वजह मस्क का चीन में कारोबारी हित का जुड़ाव होना है। मस्क-ट्रम्प की तकरार की शुरुआत मार्च 2025 में पेंटागन की मीटिंग है। दरअसल, मस्क अपने हित साधने को चीन पर अमेरिका की खुफिया नीति, जिसमें वॉर प्लान तक शामिल हैं की जानकारी चाहते थे। ट्रम्प ने ये साझा करने से मना कर दिया।

बता दें कि मस्क की ऑटोमोबाइल कंपनी टेस्ला चीन पर काफी हद तक निर्भर है। टेस्ला कंपनी के कारों में लगने वाली 40% बैटरी व 25% कलपुर्जे चीन से आते हैं।

2018 में चीन ने पहली विदेशी कंपनी को बिना साझेदार के शंघाई में गीगा फैक्ट्री लगाने दी। यहां टेस्ला की 50% गाड़ियां निर्माण होती हैं। फरवरी 2025 में शंघाई में दूसरी फैक्ट्री शुरू। यहां हर साल 10 हजार मेगापैक बैटरियां बनती हैं। चीन, टेस्ला मॉडल वाई का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है।

टेस्ला चीन के साथ डेटा भी साझा करती है। ट्रम्प प्रशासन इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानता है।

मस्क ने चीन से 11,760 करोड़ रु. का सरकारी कर्ज ले रखा है। ट्रम्प की चीन पर लगाए टैरिफ के चलते अप्रैल तक टेस्ला का मुनाफा 71% गिर गया।

# कनाडा की विदेश मंत्री बोलीं – भारत से रिश्ते धीरे-धीरे ठीक होंगे

ओटावा, 30 मई (एजेंसियां)। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ रिश्तों को धीरे-धीरे सुधारने की कोशिश कर रहा है। कुछ दिन पहले उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से फोन पर बात की थी। पिछले साल भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आ गई थी। कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया था। भारत ने इन आरोपों को झूठा बताया था। इस विवाद के बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को बाहर निकाल दिया और व्यापार की बातचीत भी रुक गई। अब तक दोनों देशों ने नए उच्चायुक्त भी नहीं भेजे हैं। विदेश मंत्री आनंद ने कहा, "हम एक-एक कदम आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन हम भारत के साथ साझेदारी को दोबारा मजबूत करना चाहते हैं।" उन्होंने कहा कि उनकी सरकार दुनिया के दूसरे देशों के साथ भी मजबूत रिश्ते बनाना चाहती है।

# हार्वर्ड मामले में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर फिलहाल रोक

## यूनिवर्सिटी को विदेशी छात्रों के दाखिले पर लगे प्रतिबंध में 30 दिनों की राहत

वॉशिंगटन, 30 मई (एजेंसियां)। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को विदेशी छात्रों के दाखिले पर लगे प्रतिबंध में 30 दिनों की अंतरिम राहत मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हार्वर्ड की विदेशी छात्रों को दाखिला देने की पात्रता खत्म करने के फैसला लिया था, जिस पर फिलहाल फेडरल कोर्ट ने रोक लगा दी है। इस मसले पर गुरुवार को सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी फिलहाल छात्रों का नामांकन जारी रख सकती है।

हार्वर्ड ने कहा था कि अगर उसे विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति नहीं दी जाती, तो इससे यूनिवर्सिटी के करीब 25% छात्रों पर असर पड़ेगा। यूनिवर्सिटी के वकीलों ने अदालत में कहा कि यह फैसला अचानक और बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के लिया गया, जबकि नियमों के मुताबिक विभाग को कारण बताना और 30 दिन का समय देना जरूरी होता है। ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड पर यह आरोप लगाया कि वह कैंपस में यहूदी विरोध को बढ़ावा दे रहा है



और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ मिलकर काम कर रहा है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि यूनिवर्सिटी ने छात्रों की विचारधारा को उकसाने वाला माहौल बनाया है। ट्रम्प ने बुधवार को ओवल ऑफिस में कहा, हार्वर्ड को अनुशासन में रहना होगा। उन्हें विदेशी छात्रों की संख्या 15% तक सीमित रखनी चाहिए। हार्वर्ड के वकीलों ने कोर्ट में दलील दी कि यह ट्रम्प प्रशासन का यह फैसला बदले की कार्रवाई से भरा है, जो यूनिवर्सिटी की अकादमिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी पर सीधा हमला करता है।

वकीलों ने कहा कि यह फैसला संघीय नियमों का उल्लंघन है, क्योंकि विभाग ने बिना कोई ठोस कारण बताए अचानक सर्टिफिकेशन रद्द कर दिया।

यह अकेला मामला नहीं है जिसमें हार्वर्ड ट्रम्प प्रशासन से भिड़ी है। यूनिवर्सिटी पहले से ही एक अन्य मुकदमे में भी उलझी है, जिसमें प्रशासन ने यूनिवर्सिटी के 3 अरब डॉलर के फेडरल रिसर्च फंड को बंद करने का फैसला लिया है।

# पाक आर्मी चीफ बोले- पानी पर कभी समझौता नहीं करेंगे

## मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकार से जुड़ा

इस्लामाबाद/दुशाम्बे, 30 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा है कि पानी का मुद्दा पाकिस्तान के लिए रेड लाइन है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकारों से जुड़ा है।

मुनीर गुरुवार को अलग-अलग यूनिवर्सिटीज के चांसलर्स, प्रिंसिपल, सीनियर फैकल्टीज के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भारत को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा, पाकिस्तान कभी भी भारत के वर्चस्व को स्वीकार नहीं करेगा।

दूसरी तरफ मुनीर ने दावा किया कि बलूचिस्तान में सक्रिय आतंकवादियों को भारत से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग बलूचिस्तान में अशांति फैला रहे हैं, उनका सीधा संबंध बलोच उग्रवाद से है और इनकी डोर भारत से जुड़ी हुई है।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ गुरुवार को ताजिकिस्तान पहुंचे। यहां ताजिक प्रधानमंत्री कोखिर रसूलजोदा ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। शरीफ आज ग्लेशियर्स को लेकर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। ताजिकिस्तान के दो दिवसीय दौरे पर शरीफ ताजिक राष्ट्रपति इमोमाली रहमोन के साथ कई मुद्दों को लेकर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। शरीफ 25 से 30 मई तक चार देशों के दौरे पर हैं। इससे पहले वो तुर्किये, ईरान और अजरबैजान जा चुके हैं। उन्होंने इन सभी देशों को भारत के साथ तनाव के वक्त समर्थन देने के लिए शुक्रिया कहा है।

शरीफ के साथ आर्मी चीफ आसिम मुनीर, डिप्टी पीएम इशाक डाल, विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ और कई मंत्री भी पहुंचे हैं। शहबाज शरीफ ने बुधवार को कहा था कि वह भारत के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को मिलकर कश्मीर, पानी और आतंकवाद जैसे मुद्दों को हल करना चाहिए। शरीफ ने यह बात अजरबैजान के लाचिन में पाकिस्तान-तुर्की-अजरबैजान त्रिपक्षीय समिट में कही थी।

यह एक हफ्ते में दूसरी बार था जब पाकिस्तानी पीएम ने भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी। इससे पहले उन्होंने सोमवार को ईरान दौरे पर भी भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी।



शरीफ ने बुधवार को अजरबैजान के एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी सेना भारतीय हमले से हैरान रह गई थी। शरीफ ने कहा कि उनकी सेना 10 मई को सुबह की नमाज के बाद हमला करने की तैयारी कर रही थी, लेकिन भारत ने उससे पहले ही ब्रह्मोस मिसाइल से रावलपिंडी एयरपोर्ट समेत पाकिस्तान के कई ठिकानों पर हमला कर दिया।

रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस उन 11 मिलिट्री ठिकानों में से एक था, जिन्हें भारत ने निशाना बनाया था। पाकिस्तानी सेना के हेड ऑफिस से कुछ ही दूरी पर स्थित इस एयरबेस में लॉकहीड सी-130 हरक्यूलिस और इल्यूशिन आईएल-78 रिफ्यूलर जैसे मिलिट्री प्लेन मौजूद हैं। सैटेलाइट इमेजरी से पता चला कि कम से कम दो मिलिट्री प्लेन को नुकसान पहुंचा था।

# अमेरिकी सीमा पर भारतीय नागरिक गिरफ्तार

## इंडियाना राज्य से बाल यौन शोषण के आरोप में जारी हुआ था वारंट

न्यूयॉर्क, 30 मई (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क के शैम्प्लेन बंदरगाह सीमा क्रॉसिंग पर अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) अधिकारियों ने एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी नागरिक अवैध रूप से अमेरिका में रह रहा था। उसके खिलाफ इंडियाना राज्य से बाल यौन शोषण के आरोप मे वारंट जारी हुआ था।

अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने 42 वर्षीय गुरदेव सिंह को बुधवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने उसे न्यूयॉर्क राज्य पुलिस को सौंप दिया। फिलहाल वह क्लिंटन काउंटी शेरिफ कार्यालय में हिरासत में है और प्रत्यर्पण की प्रतीक्षा कर रहा है। सीबीपी अधिकारियों ने सिंह को तब पकड़ा, जब उसे कनाडा में प्रवेश देने से मना कर दिया गया। जांच में सामने आया कि वह इंडियाना में बाल प्रलोभन, यौन शोषण के प्रलोभन देने के लिए वांछित था। गिरफ्तारी के बाद सीबीपी अधिकारियों ने गुरदेव सिंह की पहचान सत्यापित की तथा उनके विरुद्ध जारी गिरफ्तारी वारंट की पुष्टि की। वहीं जब सीबीपी



अफसरों ने आरोपी सिंह की जांच की तो उसके पास से तलवार और कुल्हाड़ी सहित कई धारदार हथियार मिले। जांच से पता चला कि गुरदेव सिंह भी एक अवैध विदेशी था, जो 2016 से अपने आगंतुक वीजा की अवधि से अधिक समय तक यहां रहा था। चैम्पलेन पोर्ट के निदेशक स्टीव ब्रोंसन ने एक बाल शोषण के आरोपी गुरदेव सिंह की पहचान करने और उसे गिरफ्तार करने के लिए सीबीपी अधिकारियों की सराहना की।

ब्रोंसन ने कहा कि हमारे अधिकारी के अद्वितीय कौशल और अनुभव के साथ-साथ हमारे राष्ट्रीय कानून प्रवर्तन संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने से वांछित भगोड़े को पकड़ने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

# शांति मिशनों में भारत सबसे आगे

## अपराधों की जवाबदेही तय करने में निभा रहा भूमिका, यूएन शांति प्रमुख बोले

न्यूयार्क, 30 मई (एजेंसियां)। भारत शांति सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत अहम भूमिका निभाता है। यह न केवल अपने जवानों के जरिए शांति मिशनों में योगदान देता है, बल्कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने जैसे कई प्रयासों का भी नेतृत्व करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सुरक्षा विभाग के प्रमुख जीन-पियरे लाक्रॉइक्स ने यह बात कही।

संयुक्त राष्ट्र में शांति अभियानों के अवर महासचिव जीन-पियरे लाक्रॉइक्स की यह टिप्पणी गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस के मौके पर एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान आई।

वह 24-25 फरवरी को भी नई दिल्ली आए थे, जब भारत की ओर से पहले महिला शांति सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

सम्मेलन में 35 देशों की महिला शांति सैनिकों ने भाग लिया था। इसमें शांति स्थापना में महिलाओं की भूमिका और सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा हुई थी।

लाक्रॉइक्स ने कहा कि कि भारत शांति सैनिकों और पुलिस बल के सबसे बड़े



योगदानकर्ताओं में से एक है और महिला शांति सैनिकों के मामले में भी भारत अग्रणी भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि शांति मिशनों में महिलाओं की संख्या बढ़ाना और उन्हें राजनीतिक प्रक्रियाओं में शामिल करना जरूरी है ताकि शांति बनाए रखने के प्रयास सफल हों।

यह कोई विचारधारा नहीं, बल्कि हकीकत है कि महिलाओं की भागीदारी से शांति प्रयास और मजबूत होते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की महिला सैन्य सलाहकार मेजर जनरल शेरिल पियर्स के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में लाक्रॉइक्स ने कहा कि महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, लेकिन अभी और प्रयास करने की जरूरत है, खासकर वरिष्ठ पदों पर।भारत यूएन शांति मिशन के लिए चौथा सबसे बड़ा सैनिक योगदानकर्ता देश है। यह अब तक 5,300 से अधिक सैनिक और पुलिसकर्मी अफ्रीका, लेबनान, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा जैसे इलाकों में तैनात कर चुका है।

भारत 2007 में लाइबेरिया में पहली बार पूरी तरह महिलाओं से बनी पुलिस यूनिट भेजने वाला देश था।

जनवरी 2023 में भारत ने अबीई मिशन (सूडान और दक्षिण सूडान की सीमा पर स्थित विवादित क्षेत्र) में महिला शांति सैनिकों की सबसे बड़ी टुकड़ी भेजी।


दिसंबर 2022 में भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता के दौरान शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही बढ़ाने के लिए 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स' की शुरुआत की और एक नए डाटाबेस का शुभारंभ किया जो अपराधों को दर्ज करता है और दोषियों को सजा दिलाने में मदद करता है।

# पाकिस्तान में कांपी धरती

## दोपहर में आया तेज भूकंप, दहशत में लोग

इस्लामाबाद, 30 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में शुक्रवार दोपहर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, पाकिस्तान में दोपहर एक बजकर 37 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन से 180 किलोमीटर गहराई में था।

फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। हालांकि, भूकंप के बाद लोग दहशत में आ गए और घरों-दफ्तरों से बाहर निकल आए। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो



प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है।

# अमेरिकी युद्धविराम प्रस्ताव फिलिस्तीनी मांगों पर खरा नहीं

## हमास ने ट्रंप को सुना दिया, इजरायल का क्या है रुख?

गाजा, 30 मई (एजेंसियां)। हमास के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि गाजा पट्टी में युद्ध रोकने के लिए अमेरिका का जो प्रस्ताव आया है, उस पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, यह प्रस्ताव हमास और फिलिस्तीनी लोगों की मुख्य मांगों को पूरा नहीं करता। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य बासम नईम ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उन्हें अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ द्वारा पिछले हफ्ते दिए गए युद्धविराम प्रस्ताव पर इजरायल की प्रतिक्रिया मिल गई है। नईम के मुताबिक, इजरायल ने फिलिस्तीन की मुख्य मांगों को नहीं माना। इनमें लड़ाई को पूरी तरह खत्म करना और गाजा पर लगी पुरानी नाकेबंदी हटाना शामिल है।

नईम ने कहा कि यह प्रस्ताव युद्धविराम के दौरान भी इजरायल के कब्जे और लोगों की तकलीफों



को जारी रहने देगा। उन्होंने कहा, 'इसके बावजूद हमास का नेतृत्व फिलिस्तीनी जनता के खिलाफ जारी हिंसा और मानवीय संकट को ध्यान में रखते हुए ज़िम्मेदारी के साथ इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।'

हमास ने पहले कहा था कि उसे मध्यस्थों के जरिए नया युद्धविराम प्रस्ताव मिला है। वह इसका मूल्यांकन इस तरह कर रहा है कि यह फिलिस्तीनी लोगों के हितों की रक्षा करे और गाजा के लोगों के लिए स्थायी शांति और राहत लाने में मदद करे।

हमास ने पहले कहा था कि वह विटकॉफ के साथ एक समझौते के सामान्य ढांचे पर सहमत हो गया है। इस समझौते का मकसद स्थायी युद्धविराम करना, इजरायल की गाजा से पूरी तरह वापसी सुनिश्चित करना, राहत सामग्री की आपूर्ति शुरू करना और हमास से एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी समिति को सत्ता सौंपना है।

इस बीच वाइट हाउस ने कहा है कि इजरायल ने 60 दिन के गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिया है। इस बीच, इजरायली सेना की ओर से युद्ध ग्रस्त क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई जारी है। वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में पुष्टि की कि मध्य पूर्व के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'हमास को युद्ध विराम का प्रस्ताव सौंपा, जिसका इजरायल ने समर्थन किया।' लेविट ने कहा, 'इजरायल ने हमास को भेजे जाने से पहले ही इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए थे।

# इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन ने दिया भारत को समर्थन

## कहा– आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे लड़ाई

जकार्ता, 30 मई (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष के. एच. उलिल अब्शार अब्दल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा, भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। हमने भारत के साथ चरमपंथ से निपटने का अनुभव साझा किया।

दोनों देशों की आर्थिक विकास, राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं। अब्दल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। उन्होंने कहा, कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है।

आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इसलिए इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है।

उन्होंने भारतीय सांसदों से कहा कि इंडोनेशिया के इतिहास की गहराई में भारतीय सभ्यता की छाप है, इसलिए दोनों देशों को लोगों के स्तर पर भी सहयोग करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने अब्दल्ला की बातों को भारत के लिए सहानुभूतिपूर्ण बताया। झा ने कहा कि अब्दल्ला ने ओआईसी में भारत के मुद्दों पर समर्थन देने का भरोसा जताया।

# मोहम्मद यूनुस की हिलती कुर्सी से अवामी लीग की आंखों में आई चमक

## शेख हसीना के करीबी ने बताया क्यों हैं खुश

ढाका, 30 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश में बीते एक साल से भारी राजनीतिक उथलपुथल मची हुई है। विरोध प्रदर्शन के बाद बीते साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। इसके बाद से मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के हेड हैं। यूनुस सरकार में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। शेख हसीना खुद भारत में शरण लिए हुए हैं तो पार्टी के कई बड़े नेता अंडरग्राउंड हैं। अवामी लीग को राजनीतिक पार्टी के तौर पर भी बैन कर दिया गया है। इन



तमाम मुश्किलों के बीच अवामी लीग एक बार फिर वापसी की उम्मीद कर रही है। इसकी वजह हालिया दिनों में यूनुस सरकार के खिलाफ उपजता होता गुस्सा और ढाका की राजनीतिक उथलपुथल है। शेख हसीना के करीबी और अवामी लीग के महासचिव रहे ओबैदुल कादर ने कहा है कि उनकी पार्टी को सत्ता से हटे करीब एक साल हो गया है और बांग्लादेश आज भी राजनीतिक अनिश्चितता से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूद हालात अवामी लीग के लिए मौका बना सकते हैं। इसकी वजह ये है कि बांग्लादेश के लोग अब शेख हसीना की सरकार की तुलना मुहम्मद यूनुस शासन से कर रहे हैं। वह मौजूदा शासन से निराश हो गए हैं। कादर ने कहा, 'यूनुस सरकार में कट्टरपंथियों का बोलबाला है। यहां तक कि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी भी अंतरिम सरकार से नाखुश है।

# फिलिस्तीनी राजदूत यूएन में गाजा के हालात बताते हुए रोए

## कहा– भूख बच्चों को निगल रही, इजराइल ने सीजफायर प्रस्ताव स्वीकार किया

गाजा, 30 मई (एजेंसियां)। फिलिस्तीनी राजदूत रियाद मंसूर गुरुवार को यूएन में गाजा के हालात बताते हुए फूट-फूट कर रो पड़े। उन्होंने दुनिया को गाजा में भूख से तड़पते बच्चों और वहां के बदतर हालात के बारे में बताया।

मंसूर ने कहा- कई बच्चे भूख से मर रहे हैं। महिलाएं अपने बेजान बच्चों को गले लगा रही हैं, उनके बालों को सहला रही हैं, उनसे बात कर रही हैं, उनसे माफी मांग रही हैं। यह सब देखना तकलीफदेह है। कोई ऐसा कैसे कर सकता है? यह कहते हुए उनके आंसू फूट पड़े।



मंसूर ने आगे कहा- फिलिस्तीनियों की इस हालात को कोई आम इंसान बर्दाश्त नहीं कर सकता। आग और भूख फिलिस्तीनी बच्चों को निगल रही है। उन्होंने कहा- कोई भी वजह फिलिस्तीनियों पर हमले को जायज नहीं ठहरा सकती। हम भी इंसान हैं। हमें अपने देश पर गर्व है। हमें बिल्कुल वैसे ही सम्मान मिलना चाहिए, जैसे बाकी सभी को। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीजफायर का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। यह प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ ने दिया था।

इससे पहले 26 मई को उग्रवादी संगठन हमास ने अमेरिका की तरफ से गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। इस प्रस्ताव में 10 इजराइली बंधकों की रिहाई और 70 दिन का युद्धविराम शामिल था। इजराइल और हमास के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था, लेकिन दो महीने बाद 18 मार्च को इजराइल ने गाजा में एयरस्ट्राइक करके इसे तोड़ दिया था। मार्च में इजराइल के युद्धविराम तोड़ने के बाद से 2000 से ज्यादा फिलिस्तीनी बच्चों की मौत हो चुकी है और लगभग 4,000 घायल हैं।



# जेल में बंद कैदी के लिए गर्लफ्रेंड ने बुक कराया होटल

## कैदियों की मौज मस्ती मामले में बड़ा खुलासा, अब तक 18 गिरफ्तार

जयपुर, 30 मई (एजेंसियां)। जयपुर सेंट्रल जेल में कैदियों की मौज मस्ती का खेल चल रहा है। यह खुलासा तीन दिन पहले तब हुआ जब जेल अस्पताल से एसएमएस अस्पताल रेफर होने की पर्ची कटवाकर कैदी अलग अलग होटलों में पहुंच गए। डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम को इस संबंध में पहले ही इनपुट मिल गया था। लिहाजा पुलिस टीम ने होटलों में दबिश दी तो कैदी मौज मस्ती करते हुए मिले। कोई अपनी पत्नी के साथ तो कोई गर्लफ्रेंड के साथ मिला। शराब पार्टी का भी इंतजाम था लेकिन पुलिस ने पूरे खेल पर पानी फेर दिया।



कैदियों के लिए मौज मस्ती का पूरा इंतजाम जेल के अन्य बंदियों, कर्मचारियों और चालानी गार्डों (पुलिस लाइन के कांस्टेबल) की मिलीभगत से चल रहा था। पुलिस ने 5 पुलिसकर्मियों सहित कुल 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में चौंकाने वाली जानकारी यह भी सामने आई है कि कैदियों के लिए जेल से बाहर आने से पहले ही होटलों में रूम बुक कर लिए गए थे। कैदी अंकित बंसल और करण गुप्ता के लिए जयपुर के टोंक रोड स्थित 5 स्टार होटल बेलाकासा में रूम बुक कराए गए थे। यह रूम अंकित की गर्लफ्रेंड ने पहले ही बुक करा लिया था। वहां पर शराब पार्टी का भी इंतजाम किया गया था।

**जालूपुरा की होटल सिद्धार्थ में मिले दो कैदी**

कैदी अंकित बंसल और करण गुप्ता होटल बेलाकासा में ठहरे हुए थे जबकि कैदी रफीक और भंवर जालुपुरा स्थित होटल सिद्धार्थ में मौज मस्ती कर रहे थे। हैरानी की बात यह भी है कि सभी कैदियों के साथ पुलिस लाइन के कांस्टेबल (चालानी गार्ड) भी साथ में थे। अंकित की गर्लफ्रेंड भी होटल आई और करण गुप्ता के फ्रेंड उससे मिलने पहुंचे। उधर रफीक और भंवर की पत्नियां और परिवार के अन्य सदस्य मिलने पहुंचे थे। पुलिस दबिश दिए जाने के दौरान बेलाकासा में होटल बुक कराने वाली अंकित की गर्लफ्रेंड फरार हो गई जबकि अन्य लोगों को पकड़ लिया गया। उधर कैदी रफीक की पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया।

**20,000 रुपए लेकर कैदी आनंदी की करता था पूरी सेटिंग**

जयपुर सेंट्रल जेल में कैदियों की मौज मस्ती का यह पूरा खेल एक अन्य कैदी आनंदी करता था। कैदियों से 20,000 रुपए लेकर वह जेल अस्पताल से एसएमएस अस्पताल रेफर करने की पर्ची बनवाता था। हाल ही में जेल से बाहर आए कैदियों के लिए आनंदी ने 20,000 रुपए का पेमेंट ऑनलाइन लिया था। जिसके बाद लालकोठी थाना पुलिस ने कैदी आनंदी को भी गिरफ्तार कर लिया। कैदी रफीक की पत्नी तो 76 ग्राम चरस (मादक पदार्थ) और एक मोबाइल लेकर पहुंची थी। यह चरस जेल में अन्य कैदियों को बेची जानी थी और मोबाइल को रफीक जेल में ले जाने वाला था। पुलिस लाइन के कांस्टेबलों को इस सेटिंग के लिए एक लाख रुपए का भुगतान करने की जानकारी सामने आई है। मिलीभगत वाले पांचों पुलिसकर्मियों (चालानी गार्ड) को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**मामूली दर्द होने के बहाने पर भी कर दिया रेफर**

जयपुर सेंट्रल जेल में अस्पताल बना हुआ है जहां रोज डॉक्टर और अन्य स्टाफ बैठता है। कैदियों की सामान्य बीमारियों का इलाज जेल अस्पताल में ही होता है। गंभीर बीमारी होने पर सवाई मानसिंह अस्पताल या अन्य अस्पताल में रेफर किया जाता है लेकिन कैदी आनंदी अन्य कैदियों से रुपए लेकर एसएमएस रेफर करने की पर्ची बनवा देता था। इसके लिए 20,000 रुपए की कीमत फिक्स थी। जो कैदी हाल ही में जेल से बाहर मौज मस्ती करने निकले। उन्होंने सिर दर्द और पैर में दर्द होने का बहाना बनाया था।

# जयपुर की अदालतों पर बम धमकी-मेट्रो कोर्ट खाली

## फैमिली कोर्ट में सघन तलाशी जारी



जयपुर, 30 मई (एजेंसियां)। जयपुर में फिर से बम धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। इस बार धमकी जयपुर की दो बड़ी अदालतों पर आई है जयपुर मेट्रो कोर्ट और ज्योति नगर की फैमिली कोर्ट। धमकी वाला ई मेल मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। अदालतों को खाली करा लिया गया और बम स्क्वॉड व डॉग स्क्वॉड ने जगह जगह तलाशी शुरू कर दी। जयपुर मेट्रो कोर्ट के जज पवन कुमार ने पुलिस कमिश्नर को इस ई मेल की जानकारी दी। बताया गया कि धमकी वाला ई मेल 29 मई की सुबह 4:49 बजे आया था, लेकिन कोर्ट बंद होने की वजह से इसे 30 मई सुबह करीब 8:15 बजे पढ़ा गया। ई मेल में साफ लिखा था कि 30 मई दोपहर 2 बजे तक जयपुर मेट्रो कोर्ट और ज्योति नगर फैमिली कोर्ट में बम फटाया जाएगा।

सूचना मिलते ही तुरंत मेट्रो कोर्ट को खाली कराया गया और वहां अच्छी तरह से तलाशी ली गई। लगभग एक घंटे बाद परिसर को सुरक्षित घोषित कर दिया गया। वहीं, ज्योति नगर फैमिली कोर्ट में तलाशी का काम अभी भी जारी है। यह पहली बार नहीं है जब जयपुर को ऐसी धमकी मिली हो। पिछले कुछ हफ्तों में कई धमकी भरे मामले सामने आए हैं। 8, 12 और 13 मई को सवाई मानसिंह स्टेडियम को उड़ाने की धमकी मिली थी। 13 मई को आए धमकी वाले मेल में एक रेप पीड़िता को न्याय देने की भी मांग की गई थी। 9 मई को जयपुर मेट्रो को उड़ाने की धमकी भी मिली थी। इसमें ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ की सफलता के बाद मेट्रो स्टेशन और ट्रेन को उड़ाने की बात कही गई थी। लेकिन इन सभी मामलों में जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। लगातार मिल रही इन धमकियों से प्रशासन और खुफिया एजेंसियां चिंतित हैं। अब सवाल ये है कि ये धमकी कौन दे रहा है और क्यों? पुलिस साइबर सेल की मदद से धमकी भेजने वाले की खोज कर रही है।

# राजस्थान में 5वीं बोर्ड का रिजल्ट 97.47%

## लड़कियों ने मारी बाजी, 5 लाख से ज्यादा छात्रों को मिला ए ग्रेड

जयपुर, 30 मई (एजेंसियां)। राजस्थान शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को 5वीं बोर्ड परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया। इस बार कुल पास प्रतिशत 97.47% रहा है, जो पिछले साल से 0.41% अधिक है। खास बात यह रही कि छात्राओं ने एक बार फिर बाजी मारी है। लड़कियों का पास प्रतिशत 97.66% और लड़कों का 97.29% रहा। शिक्षा संकुल, जयपुर में दोपहर 12:30 बजे परिणाम की घोषणा की गई। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए रिजल्ट जारी किया। परीक्षा में कुल 13 लाख 30 हजार 190 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से 12 लाख 96 हजार 495 पास हुए।

इस बार भी छात्रों को ग्रेडिंग सिस्टम के तहत पास किया गया है। ग्रेड ए से लेकर ई तक दी गई, जिसमें सबसे ज्यादा छात्र बी ग्रेड में रहे। ए ग्रेड पाने वाले छात्रों की संख्या 5 लाख 2 हजार 295 रही, जो कुल छात्रों का 37.77% है। वहीं, बी ग्रेड में 7 लाख 81 छात्र (52.63%) आए। सी ग्रेड में 93,771 (7.06%), डी ग्रेड में सिर्फ 148 छात्र (0.01%) और ई ग्रेड में 31,550 छात्र (2.37%) आए हैं।

जिन छात्रों को ई ग्रेड मिला है, उन्हें फिर से परीक्षा देनी होगी। हालांकि वे अगली कक्षा में प्रमोट हो जाएंगे, लेकिन फेल विषयों को दोबारा पढ़ना अनिवार्य होगा। 5वीं बोर्ड की परीक्षाएं 7 से 17 अप्रैल 2025 तक आयोजित की गई थीं। बीकानेर स्थित पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षा कार्यालय द्वारा राज्यभर में परीक्षा का संचालन किया गया।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रिजल्ट जारी करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा की गई शिक्षण गुणवत्ता में सुधार और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है कि छात्र इतने अच्छे अंक हासिल कर पा रहे हैं। उन्होंने लड़कियों के बेहतर प्रदर्शन को विशेष रूप से सराहा और इसे महिला शिक्षा की दिशा में एक बड़ा संकेत बताया।

## जोधा-अकबर बस एक कहानी!

# राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े बोले–दासी से हुई थी शादी

उदयपुर, 30 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने एक कार्यक्रम के दौरान दिए अपने बयान में इतिहास की पुस्तकों में दर्ज जोधा और अकबर के विवाह को लेकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि यह विवाह ऐतिहासिक नहीं, बल्कि झूठ पर आधारित एक कहानी है, जिसे ब्रिटिश इतिहासकारों के प्रभाव में भारतीय इतिहास में दर्ज किया गया। बुधवार शाम उदयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए राज्यपाल ने कहा, "ऐसा कहा जाता है कि जोधा और अकबर की शादी हुई थी। उस पर फिल्म भी बनी और किताबों में भी लिखा गया, लेकिन यह झूठ है। अकबरनामा में इस विवाह का कोई जिक्र नहीं है।"



राज्यपाल बागड़े ने यह भी दावा किया कि आमेर के शासक भारमल ने अकबर से अपनी दासी की बेटी का विवाह कराया था, न कि अपनी राजकुमारी जोधा का। उन्होंने ब्रिटिश लेखन पर सवाल उठाते हुए कहा कि औपनिवेशिक इतिहासकारों के प्रभाव के कारण भारतीय इतिहास में कई तथ्य तोड़े मरोड़े गए और झूठी कहानियां प्रचारित की गईं। बागड़े के इस बयान ने 1569 में मुगल सम्राट अकबर और आमेर के राजा भारमल की पुत्री के बीच हुए ऐतिहासिक विवाह को लेकर फिर से बहस छेड़ दी है। आमेर, जो अब जयपुर के पास स्थित है, लंबे समय तक कछवाहा राजपूतों की राजधानी रहा है। बाद में सवाई जयसिंह द्वितीय ने 1727 में राजधानी को जयपुर स्थानांतरित कर दिया था। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय शूरवीरों के इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश किया और उनका लिखा हुआ इतिहास ही लंबे समय तक सच मान लिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाद में जिन भारतीयों ने इतिहास लिखा, वे भी अंग्रेजों के दृष्टिकोण से प्रभावित थे। राज्यपाल बागड़े ने विशेष तौर पर मुगल सम्राट अकबर और राजपूत वीर महाराणा प्रताप से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप द्वारा अकबर को संधि की चिट्ठी भेजने का दावा पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने कहा, महाराणा प्रताप ने कभी अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। इतिहास में अकबर के बारे में अधिक और महाराणा प्रताप के बारे में बहुत कम पढ़ाया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। राज्यपाल ने छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप को देशभक्ति और वीरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यदि ये दोनों महानायक एक ही कालखंड में होते, तो भारत का इतिहास बिल्कुल अलग होता।

# जोधपुर आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट से सीबीआई ने की पूछताछ

जोधपुर, 30 मई (एजेंसियां)। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) 2024 में अनियमितताओं की जांच अब राजस्थान के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों तक पहुंच गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम पिछले तीन-चार दिनों से जोधपुर स्थित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में जांच कर रही है। सीबीआई की पकड़ में आए गिरोह से पूछताछ में यहां के कुछ स्टूडेंट्स द्वारा नीट परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बनने की जानकारी सामने आई थी।

सीबीआई सूत्रों के अनुसार आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुछ छात्रों पर नीट परीक्षा में अन्य अभ्यर्थियों के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने की पुष्टि करने के लिए जोधपुर पहुंची दिल्ली सीबीआई टीम ने आयुर्वेद विवि के द्वितीय व तृतीय वर्ष के 10-12 छात्रों के फोटो और हस्ताक्षरों का मिलान करने के साथ ही विभिन्न संदिग्ध बिंदुओं पर तकनीकी जांच करने में जुटी है। सीबीआई की जांच में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया था कि जोधपुर एम्स के तृतीय वर्ष के एमबीबीएस छात्र हुकमाराम गोदारा ने 4 लाख रुपए लेकर बिहार के मुज्जफरनगर स्थित डीएवी स्कूल (मालीघाट) परीक्षा केंद्र में डमी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने का प्रयास किया था। बाड़मेर निवासी हुकमाराम प्रयागराज के नामी डॉक्टर आर.के. पांडे के बेटे राज पांडे के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था, परंतु बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान पकड़ा गया। जोधपुर का संबंध सीबीआई की पटना स्थित शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन में जून-2024 में दर्ज एफआईआर से जुड़ा था। उसी की जांच में जुटी सीबीआई टीम को राजस्थान के कई छात्रों और संस्थानों की संदिग्ध भूमिका होने के संकेत मिले थे। तब से दिल्ली सीबीआई की स्पेशल यूनिट की टीम संदिग्ध छात्रों के एकेडेमिक रिकॉर्ड, परीक्षा केंद्रों के दस्तावेज और बायोमेट्रिक डेटा का विश्लेषण कर रही है।

# थप्पड़कांड में नरेश मीणा को मिली जमानत

## विधानसभा उपचुनाव के दौरान एसडीएम को मारा था थप्पड़, फिलहाल जेल में ही रहेंगे

जयपुर, 30 मई (एजेंसियां)। विधानसभा उपचुनाव के दौरान एसडीएम को थप्पड़ मारने के मामले में नरेश मीणा को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस अनिल उपमन की अदालत ने नरेश मीणा को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। दरअसल, नवंबर-2024 में देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के दौरान समरावता (टोंक) गांव के लोगों ने वोटिंग का बहिष्कार किया गया था। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे थे। इसी दौरान नरेश मीणा ने अधिकारियों पर जबरन मतदान करवाने का आरोप लगाया था। नरेश मीणा पोलिंग बूथ पर आए और उन्होंने एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया था।



नरेश मीणा की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता डॉ. महेश शर्मा और फतेहराम मीणा ने कहा कि यह अचानक हुआ घटनाक्रम था, लेकिन पुलिस ने जानलेवा हमले का मामला बनाया है, जो यहां नहीं बनता है। नरेश के खिलाफ जो 26 मामले दर्ज थे। उसमें से 5 में वह बरी हो चुका हैं। कुछ मामलें राज्य सरकार की ओर से वापस ले लिए गए हैं। अब उस पर केवल 12 मामले दर्ज हैं।

**नरेश मीणा के वकीलों ने कहा–**

इस पूरे घटनाक्रम में एसडीएम की भूमिका भी संदिग्ध रही है। एसडीएम ने जबरन वोटिंग करवाई थी, जो जांच का विषय है। घटना के बाद सुनियोजित तरीके से मामला दर्ज करवाया गया था। घटना दिन की थी और देर रात एसडीएम की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। वकीलों ने कहा कि इस मामले में चालान पेश हो चुका है। ट्रायल में लंबा समय लगेगा, घटना के दिन से ही याचिकाकर्ता कस्टडी में है। ऐसे में जमानत का लाभ दिया जाए।

# सड़क हादसा में वकील की मौत

जैसलमेर, 30 मई (एजेंसियां)। जैसलमेर में देर रात हुए एक सड़क हादसे में 28 साल के एडवोकेट की मौत हो गई। वहीं सब इंस्पेक्टर भोमाराम गंभीर घायल हो गए। हादसा रात 11 बजे सदर थाने के बासनपीर गांव में नेशनल हाईवे 11 पर हुआ। एडवोकेट गेनाराम का शव जैसलमेर के सरकारी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। वहीं भोमाराम की हालत गंभीर है, जिन्हें जोधपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार सड़क पर खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। जैसलमेर सदर थाने के एएसआई मुकेश बीरा ने बताया- वकील गेनाराम व एसआई भोमाराम जैसलमेर से रामदेवरा किसी शादी को अटेंड करने जा रहे थे।

## अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती

# लड़कियों को 2000 फ्री स्कूटी, 150 कालिका यूनिट्स को हरी झंडी

जयपुर, 30 मई (एजेंसियां)। अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर राज्य सरकार एक कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। कल 31 मई को राज्य सरकार अहिल्याबाई होलकर की जयंती को महिला सशक्तिकरण के रूप में मना रही है।

जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के ऑडिटोरियम में एक भव्य आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। चूंकि यह पूरा आयोजन महिलाओं को समर्पित है। इसलिए राज्य सरकार इस मौके पर प्रदेश की महिलाओं को बड़ी सौगातें भी देने वाली है। इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को अपने निवास पर तैयारियों के संदर्भ में अहम बैठक ली। बैठक में सभी विभागों के प्रमुख सचिव और उच्च अधिकारी मौजूद रहे।




**महिला शक्ति को और मजबूत करना प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने सोमनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया था। जिससे भगवान शिव के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों की पुनर्स्थापना हुई। उनके द्वारा महिला शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए गए कार्यों से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार भी आधी आबादी यानी महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। आने वाले समय में भी महिलाओं को और सशक्त करने के लिए नई योजनाएं भी लाई जाएंगी।

# किरोड़ी मीणा दोबारा खाद की फैक्ट्रियों में पहुंचे

## मंत्री को देख कर्मचारी ताला लगाकर भागे, कृषि अधिकारियों ने 5 कारखानों को किया सीज

किशनगढ़, 30 मई (एजेंसियां)। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन अजमेर के किशनगढ़ की उर्वरक फैक्ट्रियों में जांच करने पहुंचे है। अधिकारियों के दल के साथ डींडवाडा, बांदरसिंदरी और चौसला गांव की खाद बनाने की फैक्ट्रियों में पहुंचे। इससे पहले गुरुवार को उन्होंने क्षेत्र की 12 फैक्ट्रियों में पहुंचकर जांच की। जिसके बाद अब तक प्रशासन ने 5 फैक्ट्रियों को सीज कर दिया है। कृषि मंत्री किरोड़ी मीणा गुरुवार को कार्रवाई के बाद रात में किशनगढ़ के आरके मार्बल कंपनी के गेस्ट हाउस में रुके। शुक्रवार सुबह अधिकारियों की टीम के साथ किरोड़ी मीणा सबसे पहले डींडवाड़ा की राधिका एग्रो फैक्ट्री, उसके बाद बांदरसिंदरी में संचालित एक अन्य फैक्ट्री में पहुंचे। यहां से मंत्री चोसला गांव पहुंचे यहां एक फैक्ट्री की जांच के दौरान पास में ही स्थित श्री एग्रो फैक्ट्री के कर्मचारी खाद को बाहर डालकर ताला लगाकर भाग गए। इसके बाद मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि जल्द फैक्ट्री को खुलवाकर जांच करें।

**अधिकारी जांच के बाद फैक्ट्रियों को कर रहे सीज**

इधर, जयपुर और अजमेर के कृषि अधिकारियों के दल ने किशनगढ़ के उदयपुरकलां और टीकावड़ा गांव में नकली उर्वरक (डीएपी, यूरिया, जिंक सल्फेट, जिप्सम एवं पोटाश) बनाने वाली फैक्ट्रियों की सीजिंग शुरू कर दी। अजमेर में आत्मा परियोजना की प्रोजेक्ट डायरेक्टर उषा चितारा ने बताया- अजमेर के दल ने शुक्रवार सुबह उदयपुर कलां की भूमि एग्रोटेक्स, गोवर्द्धन एग्रो के अलावा एक अन्य फैक्ट्री और टीकावड़ा गांव की 2 फैक्ट्रियों को सीज किया है। साथ ही टेम्पो, जेसीबी, ट्रेलर जैसी मशीनरी को भी जब्त किया है। दूसरी तरफ, जयपुर की टीम ने भी इसी इलाके के अन्य फैक्ट्रियों के उर्वरकों की जांच कर सीजिंग की कार्रवाई कर रही है। कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर (फर्टिलाइजर्स) नवलकिशोर मीणा ने बताया- शुक्रवार सुबह इलाके की एक फैक्ट्री में सर्च की गई है।

# ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, चार युवक गिरफ्तार

सीकर, 30 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के सीकर जिले के खाटूश्यामजी थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आईपीएल क्रिकेट मैचों पर चल रहे ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में चार युवकों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से सट्टेबाजी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जब्त किए गए हैं।

पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से सट्टेबाजी के अवैध नेटवर्क पर बड़ा प्रहार हुआ है। खाटूश्यामजी थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दांतारामगढ़ रोड पर श्रीधाम धर्मशाला के पास रुक्मणी पैलेस होटल में कुछ लोग ऑनलाइन सट्टेबाजी कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत एक टीम गठित की और होटल पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान चार युवक- अनिस कुमार सैनी (सिंघाना), मनोज जाट (कंवरपुरा, खंडेला), देवीलाल जाट (गोविंदपुरा), और विवेक शर्मा (लोहा गढ़, भरतपुर)- को आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

# प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल रखने की आवश्यकता : एयर मार्शल तेजबीर सिंह

## 100 वें प्री-फ्लाइंग ट्रेनिंग कोर्स का स्मरणोत्सव समारोह आयोजित


दक्षिण मध्य रेलवे
हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों की हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in

**निविदा सूचना सं. वाय/एसजी/36/2025-26/06 दि.27/05/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय सिग्नल एवम् दूर संचार अभियंता, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे(द.म.रे.), सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से दि. 30-06-2025 के 11.30 बजे तक खुली निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सूचना सं. -वाय/एसजी/36/2025-26/06 दि.27.05.2025 कार्य विवरणः दो वर्ष की अवधि के लिए, हैदराबाद डिवीजन के मेसर्स सिरवीन मेक के डाटा लाग्गर्स (डीएल) तथा रिमोट टर्मिनल युनिट्स (आऱटीयु) के लिए, वार्षिक मरम्मत ठेका। अनुमानित लागतःरू.4038196.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रू.80800.00

वरिष्ठ विभागीय सिग्नल एवम् दूर संचार अभियंता, हैदराबाद

PUB/0628

**ई-निविदा सूचना सं.466/डीआरएम/डब्ल्यू/जीएनटी दि.28/05/2025**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो हेतु दि.25.06.2025 के 15.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं. 1, टेंडर आयडीः2775 सीनि. डीइएन/डीइएन सेक्शनः पश्चिम कार्य विवरणः झोन गुंटूर-दि.1-7-2025 से 30-6-2026 की अवधि के लिए गुंटूर स्टेशन बिल्डिंग तथा इसके परिसरों का तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागतःरू.14196727.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रू.221000.00

क्रम सं. 2, टेंडर आयडीः2776 सीनि. डीइएन/डीइएन सेक्शनः पश्चिम कार्य विवरणः झोन रेड्डीपालेम-दि.1-%-2025 से 30-6-2026 की अवधि के लिए, गुंटूर (गुंटूर स्टेशन को छोडकर परंतु कालोनियों को मिलाकर) से न्यू गुंटूर (न्यू गुंटूर स्टेशन एवम् कालोनी को मिलाकर) तक तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागतःरू.17271399.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रू.236400.00

क्रम सं. 3, टेंडर आयडीः2%%% सीनि. डीइएन/डीइएन सेक्शनः पश्चिम कार्य विवरणः झोन नल्लपाडू पश्चिम-दि.1-7-2025 से 30-6-2026 की अवधि के लिए, कुरीचेडु (को छोडकर) से नल्लपाडू (को छोडकर) एवम् गुंटूर (को छोडकर) से कृष्णा कैनल जंक्शन (को छोडकर) तक तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागतःरू.15880029.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रू.229400.00

क्रम सं. 4, टेंडर आयडीः2778 सीनि. डीइएन/डीइएन सेक्शनः पश्चिम कार्य विवरणः झोन मार्कापूर---दि.1-%-2025 से 30-6-2026 की अवधि के लिए, कुरीचेडु (को मिलाकर) से तरलुपाडू (को मिलाकर) तक तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागतःरू.6874472.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रू.137500.00

क्रम सं. 5, टेंडर आयडीः2%%9 सीनि. डीइएन/डीइएन सेक्शनः पश्चिम कार्य विवरणः झोन नंद्याल---दि.1-%-2025 से 30-6-2026 की अवधि के लिए, तरलुपाडू (को छोडकर) से नंद्याल (को मिलाकर) तक तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागतःरू.11569995.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रू.207900.00

क्रम सं. 6, टेंडर आयडीः2780 सीनि. डीइएन/डीइएन सेक्शनः उत्तर कार्य विवरणः झोन नडीकुडी---दि.1-7-2025 से 30-6-2026 की अवधि के लिए, तुम्मलचेरुवू (को छोडकर) से माचेर्ला (को मिलाकर), मिर्यालगुडा (को मिलाकर) से नडीकुडी (को मिलाकर) एवम् विष्णुपुरम (को मिलाकर) से जनपहाड (को मिलाकर) तक तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागतःरू.18067672.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रू.240300.00

क्रम सं. 7, टेंडर आयडीः2%81 सीनि. डीइएन/डीइएन सेक्शनः उत्तर कार्य विवरणः झोन पिडुगुराल्ला---दि.1-%-2025 से 30-6-2026 की अवधि के लिए, न्यू पिडुगुराल्ला (को मिलाकर) से सावल्यापुरम (को छोडकर), सत्तेनपल्ली (को मिलाकर) से नडीकुडी (को छोडकर) तक तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागतःरू.12410470.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रू.212100.00

क्रम सं. 8, टेंडर आयडीः2%82 सीनि. डीइएन/डीइएन सेक्शनः उत्तर कार्य विवरणः झोन नलगोंडा---दि.1-%-2025 से 30-6-2026 की अवधि के लिए, मिर्यालगुडा (को छोडकर) से पगडीपल्ली (को छोडकर) तक तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागतःरू.15392966.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रू.227000.00

क्रम सं. 9, टेंडर आयडीः2783 सीनि. डीइएन/डीइएन सेक्शनः उत्तर कार्य विवरणः झोन रेपल्ले व न्यू गुंटूर---दि.1-7-2025 से 30-6-2026 की अवधि के लिए, गुंटूर (को छोडकर) से तेनाली (को छोडकर) से रेपल्ले (को मिलाकर), नल्लपाडू (को छोडकर) से सत्तेनपल्ली(को छोडकर) तक तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागतःरू.13522018.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रू.217600.00

क्रम सं. 10, टेंडर आयडीः2784 सीनि. डीइएन/डीइएन सेक्शनः उत्तर कार्य विवरणः झोन नल्लपाडू---दि.1-7-2025 से 30-6-2026 की अवधि के लिए, नल्लपाडू कालोनी एवं स्टेशन, रेल विहार कालोनी, पट्टाभीपुरम के डिवीजनल आफिस कैम्पस पर तत्संबंधित कार्य। अनुमानित लागतःरू.20958246.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रू.254800.00

क्रम सं. 11, टेंडर आयडीः2785 सीनि. डीइएन/डीइएन सेक्शनः उत्तर कार्य विवरणः जीएनटी-एनडीकेडीः नल्लापाडू-बंडारुपल्ली स्टेशनों के बीच किमी 10/5-6 पर एलसी नं.07 के स्थान पर आरयुबी के निर्माण का प्रस्तावित कार्य। अनुमानित लागतःरू..77149671.00 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)रू. 535800.00

ई-बोलियों या ई-बिड्स की आनलाईन प्रस्तुति की अंतिम तिथि दि.25-06-2025 के 15.30 बजे तक है। विस्तृत विवरण हेतु वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर लाग आन करें। कोई भी अधिक संचार/शुध्दिपत्रों को ई-पोर्टलःwww.ireps.gov.in पर सूचित किया जायेगा।

विभागीय रेल प्रबंधक(कार्य), गुंटूर

PUB/0629

**खुली ई-निविदा सूचना सं.सी.इ.221/इएलएस/एलजीडी/आरसी/389ए/25-26/06दि.28/05/2025**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी ठेकेदारों से निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं. व तिथिः सी.इ.221/इएलएस/एलजीडी/आरसी/389ए दि.28/05/2025 कार्य विवरणः इएलएस/एलजीडी या/तथा इएलएस/केजेडजे पर वैग-9 से वैग-9एच लोकोमोटिव्ज का कनवर्शन या रुपांतरण करना। अनुमानित लागतःरु.4,19,60,800.00, बोली सुरक्षा राशिःरु.3,59,800.00 निविदा प्रपत्र मूल्य रु. शून्य, ठेका अवधिः 30 महिने, बंद करने एवं खोलने की तिथि व समयः19.06.2025 के 15.00 बजे एवम् 19.06.2025 के 15.15 बजे, आफर वैधः निविदा खोलने की तिथि से लेकर 60 दिन, निविदा दस्तावेज की प्रस्तुतिः वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर आईआरईपीएस के माध्यम से

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरएस/लालागुडा

PUB/0630




हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। प्री-फ्लाइंग ट्रेनिंग कोर्स (पीएफटीसी) भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का एक आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो एयर फोर्स अकादमी (एएफए), हैदराबाद में आयोजित किया जाता है। पीएफटीसी की स्थापना 16 अगस्त 1969 को एयर फोर्स एडमिनिस्ट्रेटिव कॉलेज (एएफएसी), कोयंबटूर में की गई थी और जून 1975 में इसका पहला कोर्स पूरा हुआ। बाद में यह यूनिट नवंबर 1986 में एयर फोर्स स्टेशन बेगमपेट और उसके बाद सितंबर 2001 में एएफए में स्थानांतरित हो गई। 100वां पीएफटीसी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो पहले बैच के पास आउट होने के बाद से भारतीय वायुसेना के भावी एविएटर्स को आकार देने के 50 गौरवशाली वर्षों को चिह्नित करता है। इस ऐतिहासिक अवसर को एएफए में आयोजित एक समारोह के साथ मनाया गया। 100वें प्री-फ्लाइंग ट्रेनिंग कोर्स (पीएफटीसी) ने आईएएफ के भावी एविएटर्स को आकार देने के 50 गौरवशाली वर्षों को चिह्नित किया। पीएफटीसी, सीडीएस, एएफसीएटी, एनसीसी और सर्विस एंट्री जैसे विभिन्न प्रेरण मार्गों के माध्यम से फ्लाइंग ब्रांच में शामिल होने के इच्छुक स्नातकों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण संकाय है। लगभग 40 प्रतिशत पायलट इस मार्ग का अनुसरण करते हैं। पीएफटीसी को आज तक सभी महिला वायुसेना पायलटों को प्रशिक्षित करने का विशेष विशेषाधिकार प्राप्त है। इस कोर्स में कठोर शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, बुनियादी विमानन विषय, सैन्य नेतृत्व और सेवा ज्ञान शामिल हैं। प्रशिक्षु उड़ान के प्रति उन्मुखीकरण के लिए हवाई अनुभव उड़ानें भी करते हैं। फ्लाइट कैडेट्स को सैन्य जीवन, टीमवर्क और एविएटर्स के रूप में उनकी भविष्य की भूमिकाओं के लिए आवश्यक मूल मूल्यों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाता है। पाठ्यक्रम प्रशिक्षण के अगले चरण की मांग के लिए समग्र विकास और तत्परता सुनिश्चित करता है। स्मरणोत्सव समारोह की अध्यक्षता वायुसेना मुख्यालय प्रशिक्षण कमान के वरिष्ठ वायु कर्मचारी अधिकारी (एसएएसओ) एयर मार्शल तेजबीर सिंह ने की। अपने संबोधन में एयर मार्शल ने प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल रखने की आवश्यकता पर जोर दिया और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए बुद्धिमत्ता, भावनात्मक, सामाजिक और प्रतिकूलता गुणांक की कुंजी होने की बात कही। 100वां पीएफटीसी न केवल एक संख्यात्मक उपलब्धि है, बल्कि अनुशासित और समर्पित प्रशिक्षण की विरासत का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने सैन्य एविएटरों की पीढ़ियों को आकार दिया है। एयर मार्शल ने इस मील के पत्थर के महत्व को भी रेखांकित किया, जो कि संरचित, मूल्य-आधारित और कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से भविष्य के वायु योद्धाओं के निर्माण के लिए वायुसेना की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 100वें बैच के प्रशिक्षु प्रशिक्षण के इस महत्वपूर्ण चरण को पूरा करते हुए, साहस, सेवा और पेशेवर उत्कृष्टता की विरासत को आगे बढ़ाते हैं। भारतीय वायु सेना इस मजबूत और समय-परीक्षणित प्रशिक्षण ढांचे के माध्यम से भविष्य के वायु योद्धाओं का पोषण और प्रेरणा करना जारी रखती है।

# केसीआर के परिवार में संपत्ति को लेकर झगड़ा : टीपीसीसी प्रमुख



हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष और एमएलसी महेश कुमार गौड़ ने आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पहले ही डूबता जहाज बन चुका है और डूबते जहाज पर छोड़े गए पैसे को लेकर केसीआर के परिवार में झगड़ा चल रहा है। शुक्रवार को गांधी भवन में मीडिया से बात करते हुए महेश कुमार गौड़ ने कहा कि केसीआर परिवार में झगड़ा तेलंगाना राज्य के लोगों को लेकर नहीं, बल्कि उनके संपत्ति विवाद को लेकर है। उन्होंने तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी पर भी कटाक्ष किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनकी आलोचना की और सवाल किया कि क्या किशन रेड्डी अपनी पार्टी के विधायक राजा सिंह द्वारा की गई टिप्पणियों पर टिप्पणी करने की हिम्मत करेंगे। टीपीसीसी नेता ने आगे कहा कि भाजपा नेतृत्व के खिलाफ राजा सिंह के गंभीर आरोपों पर ध्यान देने के बजाय, पार्टी राहुल गांधी पर हमला करना पसंद कर रही है, जिसे वह उनकी अक्षमता का संकेत मानते हैं। उन्होंने दावा किया कि कविता और राजा सिंह द्वारा दिए गए बयानों से भाजपा और बीआरएस दलों के बीच एक गुप्त समझौते का पता चलता है। महेश कुमार गौड़ ने दावा किया कि शमीरपेट के एक फार्महाउस में भाजपा सांसद इटेला राजेंद्र और बीआरएस विधायक हरीश राव की एक गुप्त बैठक हुई थी, जिसके दौरान भाजपा सांसद ने पीसी घोष आयोग द्वारा कालेश्वरम परियोजना से संबंधित नोटिसों पर केसीआर से फोन पर संवाद किया था। टीपीसीसी प्रमुख ने तर्क दिया कि केंद्र सरकार ने पहलगाम की घटना के बाद पाकिस्तान को प्रभावी ढंग से जवाब नहीं दिया और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव के कारण वह पीछे हट गई।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना राज्यों में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के द्वारा श्री अन्न जागरूकता अभियान



हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। देशभर में सतत तथा समावेशी कृषि विकास को बढ़ावा देने हेतु कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने 29 मई से 12 जून 2025 के दौरान संचालित राष्ट्रीय प्रमुख पहल विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की है।

इस मिशन के अनुरूप, भाकृअनुप- भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश में लक्षित लोकसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के 20 वैज्ञानिकों के दल, पांच कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के सहयोग से पांच जिलों में काम करने के लिए भेजे गए, जो किसानों की चुनौतियों के निराकरण हेतु वैज्ञानिक समाधानों के साथ सीधे कृषक समुदायों से जुड़ रहे हैं।

इस अभियान का उद्देश्य किसानों को उन्नत श्री अन्न खेती के तरीकों के बारे में जानकारी देकर सशक्त बनाना है। इसमें उच्च उपज देने वाली, जलवायु-अनुकूल श्री अन्न किस्मों को अपनाने का प्रशिक्षण शामिल है, जो प्रतिकूल मौसम का सामना कर सकती हैं और उत्पादकता बढ़ा सकती हैं। किसानों को फसल क्षति कम करने के लिए एकीकृत कीट व रोग प्रबंधन तकनीकों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन भी मिल रहा है। इस अभियान के अंतर्गत कटाई उपरांत प्रसंस्करण तथा मूल्यवर्धन विधियों पर प्रदर्शन भी शामिल हैं। ये तकनीकें न केवल श्री अन्न आधारित उत्पादों की सुरक्षण अवधि और पोषण संबंधी विशेषताओं में सुधार करती हैं, बल्कि उनकी बाजार अपील भी बढ़ाती हैं, फलस्वरूप छोटे किसानों के लिए आय के नए अवसर पैदा होते हैं।

अभियान का एक प्रमुख घटक किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और उनके लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। सामूहिक सौदेबाजी में सुधार, आगत-लागत को कम करने और बेहतर बाजारों तक पहुंच बनाने के लिए किसानों को एफपीओ में शामिल होने या बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, परिणामस्वरूप आय बढ़ सकती है। यह संस्थान कर्नूल जिले के आदिवासी किसानों को सशक्त बनाने हेतु वहां स्थित किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के माध्यम से 20 क्विंटल के उन्नत कंगनी बीज के साथ भाकृअनुप-कृविकें, बनवासी का सहयोग कर रहा है।

## मेरा लक्ष्य बीआरएस पार्टी को बचाना है : एमएलसी के. कविता



हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी की एमएलसी के. कविता ने आज दावा किया कि दिल्ली शराब मामले में वह निर्दोष हैं और अदालत ने भी यही कहा है। उन्होंने कहा कि उनका कर्तव्य बीआरएस पार्टी को बचाना है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें बीआरएस पार्टी के प्रतिद्वंद्वी भाजपा के साथ विलय के खिलाफ आवाज उठानी है। मंचेरियल में तेलंगाना जागृति कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने तेलंगाना तल्ली की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में कविता ने मीडिया से बातचीत की। कविता ने कहा कि भाजपा से हाथ मिलाना शराब मामले में दोष स्वीकार करने जैसा होगा। उन्होंने टिप्पणी की कि जिन पार्टियों ने भाजपा से हाथ मिलाया है उनका कोई भविष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जब वह जेल में थीं तो उन्होंने भगवा पार्टी से हाथ मिलाने के प्रस्ताव का विरोध किया था। उन्होंने पूछा कि पार्टी प्रमुख केसीआर को उनके द्वारा आंतरिक रूप से लिखा गया पत्र किसने लीक किया। उन्होंने कहा कि उनकी नई पार्टी शुरू करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य बीआरएस को बचाना है। कविता ने कहा कि जल्द ही आदिलाबाद जिले में बीसी एसोसिएशनों के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी। कविता ने आलोचना की कि भाजपा माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन कगार के नाम पर अत्याचार कर रही है। माओवादी केंद्रीय समिति के महासचिव नंबल्ला केशव राव की हत्या का जिक्र करते हुए, भाजपा ने मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों के शवों को सौंपने में थोड़ी भी मानवता नहीं दिखाई। कविता ने मंचेरियल में वरिष्ठ पत्रकार मुनीर के परिवार से मुलाकात की, जिनकी हाल ही में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने तेलंगाना मुद्दे को आगे बढ़ाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मुनीर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही मंचेरियल में बीसी नेताओं की एक बैठक आयोजित करेंगी।

## बंसीलालपेट स्थित आवास में लगी आग

### किसी के हताहत होने की खबर नहीं

हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बंसीलालपेट के हमाली बस्ती में शुक्रवार को एक घर में आग लग गई। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिजली के स्विच बोर्ड से लगी आग निवासियों की अनुपस्थिति में फर्नीचर, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य सामानों तक फैल गई। पड़ोसियों ने घर से आग निकलती देखी और तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया, कुछ ही मिनटों में पुलिस मौके पर पहुंच गई और आग बुझा दी।


**खुली निविदा सूचना सं. बी-इ29-टीआरडी-टीएनडीआर-09-2025-26 दि.22/05/2025**

निम्नलिखित कार्यों के लिए नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा आईआरईपीएस में निविदाएं आमंत्रित की जाती है

निविदा सं. बी-इ29-टीआरडी-टीएनडीआर-09-2025-26 कार्य विवरणः विजयवाडा डिवीजन-बीजेडए डिवीजन में मौजूदा एससीएडीए सिस्टम के लिए साइबर सेक्युरिटी फीचर का प्रावधान। अनुमानित लागतःरु.5,59,09,61.00 कार्य पूरा करने की अवधिः 09 महिने, बोली सुरक्षा (पूधरा) रु.4,29,600.00, बंद करने की तिथिः16.06.2025 के 15.00 बजे, निविदा प्रपत्र मूल्यःरु. शून्य

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/विजयवाडा

PUB/0631

**शुध्दिपत्र सं. ई-03-बीजेडए-2025 दि.29/05/2025**

ई-निविदा सूचना सं. डीआरएम/वर्क्स/बीजेडए/12/2025 दि.27-05-2025 के तहत आमंत्रित निविदा सं. ई-15-सेंट्रल-बीजेडए-2025 के लिए, निम्न संशोधन या माडिफिकेशन किया गया है तथा तत्संबंधित विवरण नीचे दिया गया है।

| मौजूदा कार्य का नाम | कार्य विवरण को अब निम्न प्रकार पढा जाए |
| --- | --- |
| विजयवाडा डिवीजनः बीजेडए-जीडीआर सेक्शनः सीनि.डीइएन/दक्षिण/बीजेडए क्षेत्राधिकार के तहत एडीइएन/एनएलआर सब-ड़िवीजन में प्रस्तावित सुरक्षा संबंधित ट्रैक का रखरखाव कार्य एवं अन्य छिटपुट ट्रैक का कार्य। | विजयवाडा डिवीजन जीडीआर-बीजेडए सेक्शन डीइएन/सेंट्रल/बीजेडए क्षेत्राधिकार के एडीइएन/बापट्ला सब-ड़िवीजन के तहत एसएसइ/पी.वे/टीइएल, एसएसइ/पी.वे/ एनडीओ तथा एसएसइ/पी.वे/बीपीपी सेक्शन्स में प्रस्तावित सुरक्षा संबंधित ट्रैक का रखरखाव कार्य एवं अन्य छिटपुट कार्य। |

कृपया ध्यान दें कि, उपरोक्त निविदा सूचना के अन्य नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

विभागीय रेल प्रबंधक (कार्य), विजयवाडा

PUB/0632

A0772

निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी एवं निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया हमारे वेबसाइट्सः www.ireps.gov.in तथा http://www.scr.indianrailways.gov.in पर जाएं।


## भारतीय मानक ब्यूरो विजयवाड़ा शाखा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



विजयवाडा (आंध्र प्रदेश), 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार संबंध विजयवाड़ा शाखा द्वारा स्थानीय बंदर रोड स्थित एक होटल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुवा।

इस संदर्भ में, भारतीय मानक ब्यूरो-बीआईएस विजयवाडा के आधिकारिक सूत्रों नुसार, 29 मई 2025 को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा शहर के बंदर रोड स्थित एक होटल में "आईएस 18166:2025 अनप्लास्टिसाइज्ड पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी-यू) थ्रेडेड कॉलम पाइप्स फॉर बोरवेल्स/ट्यूबवेल्स-स्पेसिफिकेशन" पर मानक मंथन नामक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन (आईएसआई मार्क), प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन और... प्रणाली प्रमाणन और संबंधित मामलों के लिए मानक मंथन किया गया।

जिसमें बताया गया कि, बीआईएस का उद्देश्य उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य जोखिम को कम करते हुए सुरक्षित, विश्वसनीय गुणवत्ता वाले सामान उपलब्ध कराना है, निर्यात एवं आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देना, हॉलमार्किंग प्रमाणीकरण, प्रमाणन और परीक्षण के माध्यम से किस्मों की गुणवत्ता निर्धारित और इंगित करती है।

इस शुभावसर पर विजयवाड़ा बीआईएस शाखा कार्यालय निदेशक और प्रमुख श्रीमती प्रेम सजनी पी और विजयवाड़ा प्रमुख डॉ. चिंता शेखर ने श्रोताओं को तत्संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी और आईएस 18166: 20225 पर मानक मंथन कार्यक्रम के बारे में अवगत किया।

## आरटीसी कर्मचारियों ने ईमानदारी दिखाई, 19 लाख रुपये का सामान यात्रियों को सौंपा



हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। टीजीएसआरटीसी कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में ईमानदारी दिखाई। उन्होंने बसों में खोए 19 लाख रुपये के सामान से भरे बैग यात्रियों को सौंपकर मानवता दिखाई। इस महीने की 25 तारीख को सूर्यपेट-हैदराबाद रूट पर जाने वाली बस में एक महिला यात्री अपना बैग भूल गई। जैसे ही बस सूर्यपेट बस स्टेशन पर पहुंची, कंडक्टर के. अंजैया और ड्राइवर याकूब पाशा को बैग मिल गया। उसमें 6 लाख रुपये के सोने के गहने और एक मोबाइल फोन था। उन्होंने तुरंत बैग सूर्यपेट डिपो को सौंप दिया। आरटीसी अधिकारियों की मौजूदगी में बैग यात्री को सौंप दिया गया। एक अन्य घटना में, एक यात्री हैदराबाद एयरपोर्ट पुष्पक बस में 8 लाख रुपये के सोने के गहनों से भरा बैग भूल गया। इस महीने की 15 तारीख को बस एयरपोर्ट से लिंगापल्ली आ रही थी, तभी ड्राइवर मुबीन को एल्विन क्रॉस रोड पर बैग मिला। इसे मियापुर-2 डिपो के अधिकारियों को सौंप दिया गया। एक अन्य घटना में, एक यात्री मरोका एयरपोर्ट बस में शिल्परमम में बैग भूल गया। इसमें 3.50 लाख रुपये नकद, 2 सोने की चूड़ियां, एक लैपटॉप समेत कुल 5 लाख का सामान था। ड्राइवर रमेश ने इसकी पहचान की और अधिकारियों की मौजूदगी में इसे यात्री को सौंप दिया। यह घटना इस महीने की 25 तारीख को हुई थी। टीजीएसआरटीसी के एमडी सज्जनार ने सूर्यपेट और मियापुर-2 डिपो के कर्मचारियों के. अंजैया, ड्राइवर याकूब पाशा, मुबीन और रमेश को उनके मानवीय भाव के लिए बधाई दी। उन्होंने उन सभी को हैदराबाद बस भवन बुलाया और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि 5 लाख रुपये मूल्य के बैग सौंपने में आरटीसी कर्मचारियों की ईमानदारी सराहनीय है। तीन अलग-अलग घटनाओं में यात्रियों द्वारा गंवाए गए 19 लाख रुपये के नुकसान का उदाहरण देते हुए उन्होंने आरटीसी कर्मचारियों की उनके कुशल प्रदर्शन और सेवा भावना की प्रशंसा की। कार्यक्रम में आरटीसी के कार्यकारी निदेशक मुनि शेखर, वेंकन्ना, सीटीएम (वाणिज्यिक) श्रीधर, सीपीएम उषा देवी और अन्य ने भाग लिया।

## पित्ती ट्रस्ट-सेवा दल दमा रोगियों की सुविधा हेतु चार दिवसीय सेवा शिविर लगाएगा

हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल द्वारा नुमाईश मैदान में बत्तिनी गौड़ परिवार द्वारा दमा रोग बेक निवारण हेतु दिए जाने बाले मछली प्रसाद लेने के लिए देश के विभिन्न स्थानों से आने वाले लोगों के भोजन आदि की व्यवस्था एवं सुविधा हेतु बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल द्वारा एक विशाल चार दिवसीय शिविर स्थापित किया जाएगा जिसका शुभारंभ 6 जून को होगा।

अग्रवाल सेवा दल के प्रचार संयोजक अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हर वर्ष मछली प्रसाद वितरण के दौरान पिती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल के सहयोग से चार दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाता हैं। बत्तिनी गौड़ परिवार के सदस्यों के साथ ट्रस्ट के चेयरमैन शरद बी. पित्ती के साथ हुई बैठक में चर्चा के बाद पिछले कई वर्षो की तरह ही इस वर्ष भी विशाल चार दिवसीय शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। शरद बी. पित्ती के नेतुत्व में आयोजित इस विशाल चार दिवसीय शिविर का शुभारंभ 6 जून तथा समापन 9 जून को होगा। इस शिविर में आपातककालीन चिकित्सा, ऑक्सीजन सिलेंडर, जरूरत की दवाई तथा रोगियों आवश्यकता पड़ने पर आपातकाल एम्बुलेंस की सेवा उपलब्ध रहेगी। इस वर्ष 2 लाख से अधिक लोगों के मछली प्रसाद ग्रहण करने की संभावना हैं। देश के दूर-दराज से दवा लेने के लिए दो-तीन दिन पहले ही वितरण स्थल पर लोग पहुंच जाते हैं। दमा रोगियों तथा उनके परिजनों की सुविधा हेतु इस विशाल चार दिवसीय सेवा शिविर द्वारा 6 जून से 9 जून तक उपमा, पोहा, ईडली, बड़ा, छांछ, पूरी सब्जी, सांभर चांवल, बिस्कुट, चाय, पेय जल आदि का वितरण निरंतर जारी रहेगा। मछली प्रसाद के विवरण तथा परहेज आदि की सम्पूर्ण जानकारी देने के लिए कर पत्रों का वितरण भी किया जाएगा I परहेज के भोजन में प्रयोग में आने वाली खाद्य सामग्री की प्रदर्शनी भी शिविर में लगाई जाएगी।

शिविर में अग्रवाल सेवा दल के संयोजक रतन गुप्ता, अजीत गुप्ता, विनय सी. अगवाल, कैलाश केडिया, प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेन्द्र गोयल, दीपक गुप्ता, निखिल रानासरिया, उर्मिला अग्रवाल, पित्ती इंजीनियरिंग के कर्मचारी, समाज सेवी गोपाल सिंह, शंकर लाल यादव, घनश्याम यादव आदि अपनी सेवाए प्रदान करेंगे। सभी दमा रोगियों और उनके सहयोगियों से पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा उपरोक्त सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।

## बीडीएल नराकास 'राजभाषा शील्ड' और 'उत्तम पत्रिका पुरस्कार' से सम्मानित




हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। रक्षा मंत्रालय के उद्यम भारत डायनामिक्स लिमिटेड को वर्ष 2024-25 के लिए बड़े उपक्रमों (600 से अधिक कार्मिक) की श्रेणी में नगर स्तर पर राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा 'राजभाषा शील्ड' से सम्मानित किया गया। साथ ही, समिति की 'उत्तम पत्र-पत्रिका पुरस्कार' योजना के अंतर्गत ई-पत्रिका वर्ग में उद्यम की हिंदी ई-पत्रिका 'बीडीएल भारती' को 'उत्तम पत्रिका पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

29 मई को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद-सिकंदराबाद की 61वीं अर्द्धवार्षिक बैठक में ये दोनों पुरस्कार समिति के अध्यक्ष एवं सीएमडी, ईसीआईएल अनुराग कुमार ने होमनिधि शर्मा, उप-महाप्रबंधक (मानव संसाधन-राजभाषा) बीडीएल को प्रदान किये।

इस अवसर पर राजभाषा विभाग के उप-निदेशक (कार्यान्वयन), दक्षिण क्षेत्र अनिर्बान कुमार विश्वास, हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद के प्रभारी अधिकारी सहित नगरद्वय स्थित उपक्रमों के प्रधान तथा राजभाषा अधिकारी उपस्थित थे।

इस उपलब्धि के लिए सीएमडी, बीडीएल कमोडोर ए माधवाराव (से.नि.) ने उद्यम के राजभाषा विभाग सहित राजभाषा कार्यान्वयन में सहयोग देने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और पत्रिका के संपादक मंडल व पत्रिका में रचनात्मक योगदान देने वाले लेखकों को बधाई दी।


स्वतंत्र वार्ता
Email : svaarttha2006@gmail.com svaarttha@rediffmail.com svaarttha2006@yahoo.com
Epaper : epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement : swadds1@gmail.com

# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में गुकेश ने कारुआना के खिलाफ रोमांचक मैच जीता





स्टावेंगर, 30 मई (एजेंसियां)। मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारुआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल की लेकिन अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन के कौशल के आगे हार का सामना करना पड़ा।

**> कारुआना के खिलाफ मजबूत स्थिति में दिखे गुकेश**

विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कारुआना गुरुवार को अपना 19वां जन्मदिन मनाने वाले भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ चौथे दौर में मजबूत स्थिति में थे। वह हालांकि गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के सामने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले को भुनाने में नाकाम रहे। मुकाबले का परिणाम हासिल करने के लिए 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक का इस्तेमाल किया गया।

**> कार्लसन छह खिलाड़ियों में शीर्ष पर**

सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी दोनों अब छह खिलाड़ियों के बीच 4.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद कारुआना (सात अंक) और अमेरिका के ही हिकारू नाकामुरा (5.5 अंक) हैं। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें 'आर्मागेडन' में तीन मिनट का बड़ा फायदा मिला था। इसमें सफेद मोहरों को 10 मिनट और काले मोहरों को सात मिनट मिलते हैं।

**> गुकेश ने 1.5 अंक हासिल किए**

क्लासिकल मुकाबले में मुश्किल स्थिति से बाहर आने के महज 15 मिनट के अंदर भारतीय खिलाड़ी ने कारुआना को मात देते हुए 1.5 अंक हासिल किए। क्लासिकल प्रारूप में जीत से खिलाड़ियों को इस डबल-राउंड रॉबिन प्रारूप टूर्नामेंट में तीन अंक मिलते हैं, जबकि ड्रॉ से उन्हें एक-एक अंक मिलता है। खिलाड़ियों को हालांकि जीत हासिल करने के लिए 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक खेलना होता है, जिसके विजेता को आधा अंक मिलता है।

**> गुकेश ने पिछले मैच में नाकामुरा को हराया था**

पिछले मुकाबले में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नाकामुरा के खिलाफ क्लासिकल दौर में शानदार जीत के बाद गुकेश ने दबाव में एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन किया। गुकेश ने बाद में कहा कि वह अपने जन्मदिन पर खेलना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन इस मनोबल बढ़ाने वाली जीत को खुशी से स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं अपने अधिकांश जन्मदिन पर मुकाबला हार जाता हूं, इसलिए मुझे खुशी है कि क्लासिकल में ऐसा नहीं हुआ। जब मैं खेल रहा था तो मुझे अच्छा लग रहा था कि मैं पिछड़ रहा हूं, लेकिन मैंने खुद से कहा कि 'फिर से ऐसा नहीं होना चाहिए।'

**> कार्लसन ने एरिगैसी के खिलाफ रणनीतिक श्रेष्ठता दिखाई**

विश्व के नंबर एक कार्लसन ने काले मोहरों से खेलते हुए भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में अपनी रणनीतिक श्रेष्ठता दिखाई और पूरे तीन पूर्ण अंक अर्जित किए। पिछले दो चरण में दो बार 'आर्मागेडन गेम' हारने वाले नॉर्वे के सुपरस्टार ने घरेलू दर्शकों के सामने इस जीत के साथ दमदार वापसी की। पिछले दौर में कारुआना से हारने के बाद एरिगैसी के लिए यह दो दिनों में दूसरा झटका था।

**> महिला वर्ग में वैशाली को मिली जीत**

महिला वर्ग में एक रोमांच से भरे दिन में भारत की आर. वैशाली ने 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक को मात देकर महत्वपूर्ण आधा अंक अर्जित किया, जबकि विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हम्पी को हराया। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी हम्पी तालिका में मुजीचुक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। दोनों खिलाड़ियों के नाम सात-सात अंक है। वैशाली 3.5 अंकों के साथ छठे स्थान है।

# रिकॉर्ड के साथ गुलवीर ने जीता दूसरा स्वर्ण, पूजा ने ऊंची कूद में लहराया परचम; पारुल को रजत



नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। भारतीय एथलीट गुलवीर सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने पुरुष 5000 मीटर फाइनल में एक दशक पुराना टूर्नामेंट का रिकॉर्ड तोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत को पूजा ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक के साथ बड़ी सफलता दिलाई। इस 18 साल की खिलाड़ी ने अपने अंतिम से पहले प्रयास में 1.89 मीटर की छलांग के साथ उज्बेकिस्तान की सफीना सादुल्लाएवा (1.86 मीटर) को पछाड़ा। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने 13:24.77 सेकेंड का समय लिया और स्वर्ण जीता। उन्होंने थाईलैंड के कीरेन तुंटिवेट को पछाड़ा जिन्होंने 13:24.97 सेकेंड का समय लिया, जबकि जापान के नागिया मोरी 13:25.06 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस टूर्नामेंट में इस स्पर्धा का पिछला रिकॉर्ड कतर के मोहम्मद अल गार्नी के नाम था जिन्होंने 2015 सीजन में 13:34.47 सेकेंड का समय लिया था।

**गुलवीर ने दो वर्ग में हासिल किए स्वर्ण**

गुलवीर के लिए यह जीत दोहरी खुशी जैसी है क्योंकि उन्होंने इस टूर्नामेंट के शुरुआती दिन 10000 मीटर में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। गुलवीर ने 10000 मीटर में 28:38.63 सेकेंड का समय लिया था। गुलवीर इस प्रदर्शन के दम पर उन भारतीय एथलीटों की एलीट सूची में शामिल हो गया है जिन्होंने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुष 5000 मीटर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। उनसे पहले गोपाल सैनी (1981), बहादुर प्रसाद (1993) और जी. लक्ष्मण (2017) ऐसा कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश से आने वाले 26 वर्षीय गुलवीर ने 2023 सीजन में कांस्य पदक जीता था।

**स्वर्ण का बचाव नहीं कर सकीं पारुल**

महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में हालांकि, निराशा हाथ लगी और गत चैंपियन पारुल चौधरी अपने स्वर्ण पदक का बचाव नहीं कर सकीं। पारुल ने 9:12.46 सेकेंड का समय लिया और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पारुल को कजाखस्तान की नोरा जेरुतु तानुई ने हराया जिन्होंने 9:10.46 सेकेंड का समय लिया। कजाखस्तान की डेजी जेपकेमेई ने 9:27.51 सेकेंड के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

# वैभव सूर्यवंशी से मिले पीएम मोदी

## जय प्रकाश नारायण एयरपोर्ट पर हुई मुलाकात, काफी देर तक बातचीक की



स्पोर्ट्स डेस्क, 30 मई (एजेंसियां)। बिहार दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात की। दोनों की यह मुलाकात पटना के जय प्रकाश नारायण एयरपोर्ट पर हुई। वैभव के साथ के माता-पिता भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने खुद वैभव और उनके परिवार के साथ मुलाकात की फोटोज ट्विट की हैं।

**वैभव ने एक शतक लगाया**

वैभव का ही यह पहला आईपीएल सीजन था। वैभव सूर्यवंशी ने 7 मुकाबलों में 252 रन बनाए और उनका एवरेज 36 तो स्ट्राइक रेट 206.55 दर्ज किया गया। वैभव ने इस दौरान एक शतक और एक अर्धशतक लगाया।

**वैभव ने 5 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेले**

वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के लिए अबतक 5 फर्स्ट क्लास और 6 लिस्ट-ए मुकाबले खेले हैं। वैभव ने फर्स्ट क्लास मैचों में जहां 100 रन बनाएं हैं, तो वहीं लिस्ट में उनके नाम 132 रन दर्ज हैं।

**राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा था**

वैभव की उम्र महज 14 साल 23 दिन है। नवंबर 2024 में हुई खिलाड़ियों की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.10 करोड़ में खरीदा। वो फ्री-स्कोरिंग बल्लेबाज हैं, जो स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। उन्होंने 58 गेंदों में शतक लगाया, जो 2005 में इंग्लैंड के मोईन अली के बाद उस फॉर्मेट में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज शतक है। चेन्नई में अंडर 19 टेस्ट क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 62 गेंदों में 104 रन बनाए थे। वैभव सूर्यवंशी बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर के रहने वाले हैं। 27 मार्च 2011 को जन्मे वैभव ने 9 साल की उम्र में अपने पिता संजीव के गाइडेंस में क्रिकेट खेलना शुरू किया। अपने बेटे का क्रिकेट के प्रति लगाव देखकर संजीव ने वैभव की ट्रेनिंग के लिए जमीन बेच दी। उन्होंने जेनिथ क्रिकेट एकेडमी समस्तीपुर से ट्रेनिंग शुरू की। वैभव के कोच के मुताबिक, उनके पिता संजीव उन्हें मैच दिखाने के लिए हर दूसरे दिन 100 किमी दूर ले जाते थे। वैभव जब भी एक्स्ट्रा ट्रेनिंग करते थे उनके पिता संजीव उनके अलावा सभी 10 साथी खिलाड़ियों के लिए भी टिफिन पैक करके लाते थे, क्योंकि उसके साथी गेंदबाज उसे बॉलिंग करने के लिए एक्स्ट्रा टाइम देते थे।

# आईपीएल मैच के टिकट ब्लैक में बेचते 3 पकड़े

चंडीगढ़, 30 मई (एजेंसियां)। आईपीएल-2025 का एलिमिनेटर मुकाबला आज पंजाब के मुल्लांपुर स्टेडियम में खेला जाएगा। ये मैच मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच होगा। मुकाबला शाम 7:30 बजे शुरू होगा। इससे पहले देर रात को मोहाली पुलिस ने इस मैच के टिकट ब्लैक में बेचते 3 युवकों को काबू किया है। इनमें 2 युवक दिल्ली और 1 आरोपी हरियाणा के जींद का रहने वाला है। आरोपियों के पास से टिकटें बरामद हुई है, जिन्हें ऊंचे दामों में बेचा जा रहा था। इस संबंध में पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है, जिसमें टिकट की कालाबाजारी करने वालों की सूचना देने की अपील की गई है। साथ ही क्रिकेट फैंस से भी अपील की है कि ब्लैक में टिकट ना खरीदें। उधर, आज सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक रुक-रुक कर बारिश हुई। अभी मौसम साफ है।

# फ्रेंच ओपन 2025, जोकोविच तीसरे राउंड में पहुंचे

## वर्ल्ड नंबर-1 सिनर भी जीते; गौफ लगातार पांचवें साल तीसरे दौर में



स्पोर्ट्स डेस्क, 30 मई (एजेंसियां)। सर्बिया के नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने गुरुवार को फ्रेंच खिलाड़ी कोरेंटिन माउटे को 6-3, 6-2, 7-6 से हराकर मेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में प्रवेश किया। इस मैच में उन्हें बाएं पैर में कुछ समस्या हुई, जिसके लिए उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मजबूती से वापसी की और टाईब्रेक में दबदबा बनाए रखा।

**गैस्के ने करियर का आखिरी मुकाबला खेला**

इटली के टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर भी मेंस सिंगल्स के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। वर्ल्ड नंबर-1 सिनर ने दूसरे दौर में फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी रिचर्ड गैस्के को सीधे सेटों में 6-3, 6-0, 6-4 से हराया। यह मैच गैस्के के 23 साल लंबे करियर का अंतिम मुकाबला था, जिसमें उन्हें कोर्ट पर इमोशनल विदाई दी गई। इस जीत के साथ 23 साल सिनर ने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में लगातार 16वीं जीत दर्ज की है, जो 2008 में राफेल नडाल के 19 मैचों की जीत के बाद सबसे लंबी जीत श्रृंखला है। सिनर का अगला मुकाबला तीसरे दौर में चेक गणराज्य के खिलाड़ी जिरी लेहेका से होगा। जर्मन टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 2025 फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने डच खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग को चार सेटों में 3-6, 6-1, 6-2, 6-3 से हराया।

मैच की शुरुआत में डी जोंग ने ज्वेरेव को परेशान किया, लेकिन ज्वेरेव ने दूसरे सेट से लय पकड़ते हुए मैच पर नियंत्रण बना लिया। अब वे तीसरे दौर में इटली के मैटियो अर्नाल्डी और फ्लावियो कोबोली के बीच के विजेता से भिड़ेंगे ।

**गौफ ने वेलेंटोवा को सीधे सेटों में हराया**

विमेंस सिंगल्स में कोको गौफ ने तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। दूसरी सीड अमेरिकी खिलाड़ी ने चेक गणराज्य की युवा खिलाड़ी टेरेजा वेलेंटोवा को 6-2, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ गौफ ने लगातार पांचवें साल फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में जगह बनाई है, जो 2008 में मारिया शारापोवा द्वारा हासिल की गई उपलब्धि की बराबर है।

# न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का 77 वर्ष की आयु में निधन



क्राइस्टचर्च, 30 मई (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की है। ट्रिस्ट का न्यूजीलैंड को साल 2000 की चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम रोल रहा है। ये आईसीसी ट्रॉफी कीवी टीम ने ट्रिस्ट की कोचिंग में ही जीती थी। ट्रिस्ट कैंटरबरी के पूर्व तेज गेंदबाज थे, जिन्होंने 1968 से 1982 तक 14 साल के खेल करियर के दौरान 24 प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले। ट्रिस्ट ने 1999 से 2001 तक दो साल न्यूजीलैंड की पुरुष टीम को कोचिंग दी और 15 अक्टूबर 2000 को नैरोबी में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जिताई, जो टीम का एकमात्र वैश्विक व्हाइट बॉल खिताब है। फाइनल में न्यूजीलैंड ने क्रिस केर्न्स के नाबाद शतक की मदद से भारत को चार विकेट से हराया था।

# सात्विक-चिराग ने विश्व की नंबर एक जोड़ी को हराया, सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



सिंगापुर, 30 मई (एजेंसियां)। भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक मलयेशियाई जोड़ी गोह जि फेई और नूर इजुद्दीन को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विक-चिराग की जोड़ी इस सीजन अपने पहले खिताब की तलाश में उतरी है। सात्विक-चिराग की जोड़ी मार्च में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन में खेलने के बाद से पहली बार किसी टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।

**इस सीजन के तीसरे सेमीफाइनल में पहुंचे**

सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलयेशियाई जोड़ी को 21-17, 21-15 से हराया। यह इस भारतीय जोड़ी का इस सीजन तीसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले सात्विक-चिराग की जोड़ी मलयेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंचने में सफल रही थी। मालूम हो कि सात्विक-चिराग की जोड़ी का सफर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चिराग की चोट के कारण समाप्त हो गया था। उस वक्त इस जोड़ी को दूसरे दौर में हटना पड़ा था।

# विमेंस वर्ल्डकप की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा

स्पोर्ट्स डेस्क, 30 मई (एजेंसियां)। भारतीय विमेंस टीम सितंबर में 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई विमेंस टीम की मेजबानी करेगी। बीसीसीआई ने इसका ऐलान किया। तीनों वनडे मैच 14, 17 और 20 सितंबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जाएंगे। विमेंस सीरीज के अलावा, ऑस्ट्रेलिया-ए और साउथ अफ्रीका-ए मेंस टीमें भी मल्टी-फॉर्मेट प्रतियोगिताओं के लिए सितंबर-नवंबर में भारत का दौरा करेंगी। ऑस्ट्रेलिया-ए लखनऊ में दो अन-ऑफिशियल चार दिवसीय मैच खेलेगी, उसके बाद कानपुर में 3 वनडे मैच खेलेगी। वहीं साउथ अफ्रीका-ए का पूरा दौरा बेंगलुरु में ही होगा, जिसमें दो अन-ऑफिशियल टेस्ट बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में और 3 वनडे मैच एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाएंगे। आस्ट्रेलियाई महिला टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगी, जो आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 से पहले महत्वपूर्ण तैयारी के रूप में काम करेगी।

# फ्रेंच ओपन-अल्काराज तीसरे राउंड में पहुंचे

## रूड दूसरे दौर में हारकर बाहर, बोपन्ना की जोड़ी जीती



स्पोर्ट्स डेस्क, 30 मई (एजेंसियां)। डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन के मेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। बुधवार को खेले गए मुकाबले अल्काराज ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हंगरी के फैबियन मरोजसन को 6-1, 4-6, 6-1, 6-2 से हराया। वहीं, दो बार के रनर-अप कैस्पर रूड दूसरे दौर में नीनो बोर्जेस से 6-2, 4-6, 1-6, 0-6 से हारकर बाहर हो गए। रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी ने अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ जीत दर्ज करते हुए मेंस डबल्स के दूसरे दौर में जगह बनाई। बोपन्ना और चेक गणराज्य के उनके जोड़ीदार एडम पावलासेक ने रॉबर्ट कैश और जेजे ट्रेसी की अमेरिकी की जोड़ी को बुधवार देर रात 7-6, 5-7, 6-1 से हराया। बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला ने पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में सिर्फ 51 मिनट में चीन के युनचाओकेट बू और अर्जेन्टीना के कैमिलो उगो काराबेली को 6-2, 6-1 से हराया। चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने इंग्लैंड की एमा रादुकानू को 6-1, 6-2 से हराया। बेलारूस की आर्यन सबालेंका ने जिल टेचमान को 6-3, 6-1 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। लाल बजरी के बादशाह कहे जाने वाले राफेल नडाल ने रिकॉर्ड 14 बार फ्रेंच ओपन का खिताब जीता है। नडाल ने फ्रेंच ओपन में 18 बार हिस्सा लेते हुए 112 मैच जीते हैं और उन्हें सिर्फ चार बार हार का सामना करना पड़ा है जो किसी भी एक ग्रैंड स्लैम में मेंस और विमेंस कैटेगरी में वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

# अक्षय ने अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग में जीता गोल्ड

खज्जियार, 30 मई (एजेंसियां)। कजाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता में चंबा के अक्षय कुमार ने जूनियर वर्ग में पहला स्थान और ओवरऑल वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में 23 देशों के सैकड़ों पैराग्लाइडर पायलटों ने हिस्सा लिया।

अक्षय ने हवा में ऐसे रोमांचक करतब दिखाए कि दर्शक तालियां बजाते रह गए। अक्षय ने बताया कि वह लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। जैसे ही उन्हें कजाकिस्तान में भाग लेने का मौका मिला, उन्होंने पूरे समर्पण और ऊर्जा के साथ भाग लिया। उन्होंने खुशी जाहिर की कि उनके प्रदर्शन से देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन हुआ है। यह उपलब्धि न केवल चंबा, बल्कि पूरे हिमाचल और भारत के लिए गर्व की बात है।

# इंग्लैंड की वनडे में दूसरी सबसे बड़ी जीत

## पहले ओडीआई में वेस्टइंडीज को 238 रन से हराया; बेथेल ने 85 रन बनाए और 1 विकेट लिया




स्पोर्ट्स डेस्क, 30 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को पहले वनडे में 238 रनों से हरा दिया। इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड की वनडे इतिहास में रन के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। एजबेस्टन के बर्मिंघम में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। इंग्लैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 400 रन बनाए। जबाव में वेस्टइंडीज की टीम 162 रन पर सिमट गई। सीरीज का दूसरा वनडे मैच रविवार को कार्डिफ में खेला जाएगा।

**वेस्टइंडीज की ओर से 4 अर्धशतक लगे**

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 400 रन बनाए, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका घरेलू वनडे में बेस्ट स्कोर है।

इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बेथेल ने 82 रन की पारी खेलने के बाद एक विकेट चटकाया। चार इंग्लिश बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़े। ओपनर बेन डकेट (60), जो रूट (57), कप्तान हैरी ब्रूक (58) ने शानदार पारियां खेली। इंग्लैंड के सात बल्लेबाजों ने 30 प्लस स्कोर बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से जायडेन सील्स ने सबसे ज्यादा चार विकेट चटकाए। अल्जारी जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स को दो-दो विकेट मिले।

**वेस्टइंडीज के लिए कोई बड़ी पारी नहीं खेल सका**

लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 162 रन पर सिमट गई। 401 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। 17 रन पर उसके दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट गए। केसी कार्टी (22) और कप्तान शाई होप (25) ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं कर सके। आखिर में बल्लेबाजी करने उतरे जायडेन सील्स (29*) टीम के टॉप स्कोरर रहे। इंग्लैंड की तरफ से साकिब महमूद और जैमी ओवर्टन ने तीन-तीन विकेट झटके। आदिल रशिद ने दो लिए। ब्रायडन कार्स और जैकब बेथेल को एक-एक विकेट मिला।

# सरकार ने 2014 से 2023 तक के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों की घोषणा की



गद्दर तेलंगाना फिल्म पुरस्कार चयन जूरी समिति के अध्यक्ष मुरली मोहन की अध्यक्षता में वर्ष 2014 से 2023 के लिए पुरस्कार चयन सूची मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को प्रस्तुत किए जाने का एक दृश्य।

हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। वर्ष 2024 के लिए गद्दर तेलंगाना फिल्म पुरस्कारों की घोषणा करने वाली सरकार ने आज 2014 से 2023 तक की नौ साल की अवधि के विजेताओं की घोषणा की। इस अवसर पर बोलते हुए जूरी के अध्यक्ष मुरलीमोहन ने कहा कि राज्य के विभाजन के बाद से नंदी पुरस्कार बंद कर दिए गए थे। उन्होंने कहा कि सरकारों ने पिछले दस वर्षों में फिल्म पुरस्कारों की परवाह नहीं की। उन्होंने कहा कि सीएम रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना राज्य में गद्दर के नाम पर पुरस्कार देने का फैसला किया। मुरली मोहन ने राज्य सरकार से आंध्र प्रदेश में भी फिल्म पुरस्कारों की घोषणा करने को कहा। उन्होंने कहा कि दो सरकारों के लिए एक ही तेलुगु फिल्म को पुरस्कार देना अच्छा नहीं होगा।

उन्होंने सुझाव दिया कि दोनों सरकारें एक समझौते पर पहुंचें और हर दूसरे साल पुरस्कार दें। बाद में, उन्होंने 2014-2023 के लिए गद्दर फिल्म पुरस्कार की घोषणा की। 2014 में 'रन राजा रन' सर्वश्रेष्ठ पहली फिल्म थी, 'शोला' सर्वश्रेष्ठ दूसरी फिल्म थी, और 'अल्लुडु सीनु' सर्वश्रेष्ठ तीसरी सर्वश्रेष्ठ फिल्म थी। 2015 में रुद्रमादेवी ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता, कांचे ने दूसरा सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता और श्रीमंथुडु ने तीसरा सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता। शतमानम भवति ने 2016 में पहला सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता, पेलिचोपुलु ने दूसरा सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता और जनता गैरेज ने तीसरा सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता। बाहुबली ने 2017 में पहला सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता, फ़िदा ने दूसरा सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता और गाज़ी ने तीसरा सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता। 2018 में, महानति ने पहला सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता, रंगस्थलम ने दूसरा सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता और सी/ओ कांचेरापालम ने तीसरा सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता। अला वैकुटपुरमुलो ने 2020 की पहली सर्वश्रेष्ठ फिल्म, कलर फोटो फिल्म ने दूसरी सर्वश्रेष्ठ फिल्म और मिडिल क्लास मेलोडीज ने तीसरी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। आरआरआर फिल्म ने 2021 की पहली सर्वश्रेष्ठ फिल्म, अबंदा ने सर्वश्रेष्ठ दूसरी फिल्म और उप्पेना ने तीसरी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। सीतारामम ने 2022 की पहली सर्वश्रेष्ठ फिल्म, कार्तिकेय-2 ने दूसरी सर्वश्रेष्ठ फिल्म और मेजर ने तीसरी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता।

2023 में, बालगाम ने पहला सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार, हनुमान ने दूसरी सर्वश्रेष्ठ फिल्म और भगवंत केसरी ने तीसरी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। उन महान हस्तियों के नाम पर भी पुरस्कारों की घोषणा की गई, जिन्होंने फिल्म उद्योग को अमूल्य सेवाएं दी हैं। प्रजाकवि कालोजी ने विशेष जूरी पुरस्कार जीता और नंदमुरी बालकृष्ण ने एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। कांथा राव पुरस्कार अभिनेता विजय देवरकोंडा को, पैदी जयराज पुरस्कार मणिरत्नम को, नागी रेड्डी और चक्रपाणि फिल्म पुरस्कार अतलुरी पूर्णचंद्र राव को, बीएन रेड्डी फिल्म पुरस्कार सुकुमार को और रघुपति वेंकैया फिल्म पुरस्कार यंदामुरी वीरेंद्रनाथ को प्रदान किया जाएगा।

# भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की



हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की एक उच्चस्तरीय टीम वर्तमान में 29 मई से 1 जून, 2025 तक तेलंगाना के आधिकारिक दौरे पर है। शुक्रवार को तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सी. सुदर्शन रेड्डी से मुलाकात की और चुनाव संचालन से संबंधित मामलों पर चर्चा की। यह दौरा ईसीआई के 29 मई से 1 जून तक के निर्धारित दौरा कार्यक्रम का हिस्सा है। प्रधान सचिव श्री मोहम्मद उमर, सचिव नवीन कुमार और अनुभाग अधिकारी रविंदर कुमार के नेतृत्व में ईसीआई की टीम ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और कुशल चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक तैयारियों, मतदाता सूची, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और अन्य व्यवस्थाओं पर सीईओ के साथ चर्चा की। दौरे पर आए अधिकारियों को राज्य प्रशासन के नामित संपर्क अधिकारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर सहायता प्रदान की जा रही है, और तेलंगाना सरकार ने सभी प्रोटोकॉल शिष्टाचार और रसद सहायता प्रदान की है।

टीम के चार दिवसीय दौरे के दौरान जमीनी स्तर की तैयारियों का आकलन करने और जिला चुनाव अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए आगे की बैठकें और क्षेत्र दौरे निर्धारित हैं।

## जुराला और सनकेसुला में बाढ़ का खतरा बढ़ा

हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। ऊपरी राज्यों में मूसलाधार बारिश के कारण महबूबनगर जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है, तथा प्रियदर्शिनी जुराला परियोजना और सनकेसुला बैराज बढ़ते जल स्तर से जूझ रहे हैं। कर्नाटक और महाराष्ट्र में मूसलाधार बारिश के कारण कृष्णा और तुंगभद्रा नदियों के ऊपरी इलाकों से बाढ़ का प्रवाह बढ़ रहा है, जिससे राज्य में जुराला परियोजना में भारी मात्रा में पानी आ रहा है। परियोजना में वर्तमान में करीब एक लाख क्यूसेक पानी आ रहा है, जो बाढ़ की मात्रा है और इससे प्रतिदिन नौ टीएमसी पानी और बढ़ सकता है। जुराला के 12 गेट खोल दिए गए हैं, जिससे बाढ़ का पानी निकल गया है। 97,000 क्यूसेक पानी की आवक के मुकाबले बहिर्वाह 88,835 क्यूसेक है। जलाशय का जलस्तर 317.550 मीटर पर है, जो इसके पूर्ण जलाशय स्तर (एफआरएल) 318.516 मीटर से थोड़ा नीचे है। 9.657 टीएमसी की कुल भंडारण क्षमता के साथ, परियोजना में वर्तमान में 7.740 टीएमसी पानी है। बाढ़ प्रबंधन प्रयासों के बीच, जुराला जलविद्युत परियोजना की चार इकाइयां 156 मेगावाट बिजली पैदा कर रही हैं। आगे की ओर, जोगुलम्बा गदवाल जिले में, तुंगभद्रा पर सनकेसुला बैराज भी इस मौसम में पहली बाढ़ का प्रवाह है। बैराज को अपस्ट्रीम स्रोतों से 8,983 क्यूसेक पानी मिल रहा है, साथ ही 8,983 क्यूसेक का बराबर बहिर्वाह भी हो रहा है क्योंकि परियोजना अधिकारियों ने तुंगभद्रा नदी में बाढ़ का पानी छोड़ने के लिए दो गेट खोल दिए हैं।

## न्यायमूर्ति टी अमरनाथ गौड़ को मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिली

हैदराबाद/अगरतला, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। त्रिपुरा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति टी. अमरनाथ गौड़ को अगरतला, त्रिपुरा में आयोजित एक विशेष दीक्षांत समारोह में महाराजा बीर बिक्रम विश्वविद्यालय द्वारा मानद डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑफ लेटर्स) की उपाधि प्रदान की गई। न्यायपालिका में उनके उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में यह सम्मान प्रदान किया गया। न्यायमूर्ति अमरनाथ गौड़ को यह मानद उपाधि विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह के दौरान त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू ने मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा की उपस्थिति में प्रदान की। न्यायमूर्ति टी. अमरनाथ गौड़ हैदराबाद से हैं, त्रिपुरा उच्च न्यायालय में स्थानांतरित होने से पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्य कर चुके हैं। वे वर्तमान में त्रिपुरा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष हैं और उन्होंने छह महीने की अवधि के लिए त्रिपुरा उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया है।

न्यायमूर्ति गौड़ ने उस समय राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया जब उन्होंने प्रतिदिन औसतन 109 मामलों के हिसाब से 92,000 मामलों का निपटारा किया। उल्लेखनीय रूप से, इनमें से 99.9 प्रतिशत निर्णयों को चुनौती नहीं दी गई, जो वादियों और कानूनी पेशेवरों दोनों के बीच उच्च स्तर की स्वीकृति और संतुष्टि को दर्शाता है। इनमें से 362 निर्णयों की आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट की गई है।

उनकी उल्लेखनीय सेवा और न्यायिक उत्कृष्टता के सम्मान में, महाराजा बीर बिक्रम विश्वविद्यालय ने उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की।

# राजस्व संघ ने जीपीओ परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए सीएम, राजस्व मंत्री को धन्यवाद दिया

हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य डिप्टी कलेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वी. लची रेड्डी ने आज कहा कि ग्राम पालन अधिकारी (जीपीओ) की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा चुनाव से पहले किए गए वादे के अनुसार की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में भूमि संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए प्रत्येक गांव में एक अधिकारी की नियुक्ति की जा रही है।

उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर राजस्व प्रणाली को मजबूत करने से गांवों को भूमि संबंधी मुद्दों से मुक्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि जीपीओ की नियुक्ति से राजस्व प्रणाली भी मजबूत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह सब सीएम रेवंत रेड्डी और राज्य के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने कहा, जीपीओ की नियुक्ति की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके तहत हाल ही में जीपीओ की नियुक्ति के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा परिणाम शुक्रवार को जारी किया गया। हम परिणाम घोषित करने के लिए सीएम और राजस्व मंत्री को धन्यवाद देते हैं। लच्छी रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार भूमि समस्याओं का स्थायी समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य में भू-भारती अधिनियम लेकर आई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भू-भारती अधिनियम पर भूमि मालिकों, किसानों और लोगों को पूरी समझ प्रदान करने के लिए राजस्व सम्मेलन आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दो दौर पहले ही सफल हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 3 जून से आयोजित होने वाले तीसरे दौर के सम्मेलन तक जीपीओ के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने राजस्व सम्मेलनों को सफल बनाने का आह्वान किया। तेलंगाना तहसीलदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष और सचिव एस. रामुलु, रमेश, तेलंगाना राजस्व सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष और सचिव बनला राम रेड्डी, वी. भिक्षम, जीपीओ संघ के प्रदेश अध्यक्ष और सचिव गरिके उपेंद्र राव, लक्ष्मी नरसिम्हा ने राज्य के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी से मुलाकात की और परिणामों की घोषणा के लिए आभार व्यक्त किया।

# कमिश्नर संतोष नगर सर्कल में नाले के कार्य का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बरसात के मौसम में लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, तथा कार्य शीघ्रता से पूरा किया जाए। शुक्रवार को याकूतपुर विधायक जफर हुसैन और एमएलसी मिर्जा रियाज उल हसन इफेंडी के साथ चारमीनार जोन के संतोष नगर सर्कल में नाले के काम का निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर कमिश्नर ने मौलाना का चिल्ला एवं गंगानगर नाले का निरीक्षण किया। विधायक जफर हुसैन ने कमिश्नर को मौलाना का चिल्ला और गंगानगर नाले के कारण कई कॉलोनियों के लोगों को हो रही परेशानी से अवगत कराया। प्रोजेक्ट ईई बी.एल. श्रीनिवास ने आयुक्त को बताया कि गंगानगर नाला मरम्मत का कार्य जारी है और अब तक 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। आयुक्त ने परियोजना अधिकारी को शेष 30 प्रतिशत कार्य जल्द पूरा करने के आदेश दिए। जलमंडल पाइपलाइन गंगा नगर नाले के दोनों किनारों पर समानांतर चलती है, इसलिए जीएचएमसी रखरखाव इंजीनियरिंग विंग और जलमंडल अधिकारियों को संयुक्त रूप से इसे साफ करने का निर्देश दिया गया है।

जहांगीर नगर कॉलोनी से मौलाना का चिल्ला नाला तक जलनिकासी नहर के निर्माण की आवश्यकता निगमायुक्त को बताई गई तथा इंजीनियरिंग अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए।

कमिश्नर के साथ जलमंडली के एमडी अशोक रेड्डी, जोनल कमिश्नर वेंकन्ना, जोनल एसई महेश्वरा रेड्डी, प्रोजेक्ट ईई बी.एल. श्रीनिवास, डिप्टी कमिश्नर मंगतायारू, पथरगट्टी के कॉरपोरेटर सोहेल महमूद कादरी, दबीर पुरा के कॉरपोरेटर अलमदार हुसैन खान, रेन बाजार के कॉरपोरेटर वासा उद्दीन, संतोष नगर के कॉरपोरेटर मुजफ्फर हुसैन, तालाब चंचलम डॉ. समीना बेगम, मुगल पुरा के कॉरपोरेटर नसरीन सुल्ताना, कुरमागुडा के कॉरपोरेटर शफत अली और अन्य रहे।

## बीआरएस ने की ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण करने वाले सीएम रेवंत रेड्डी के बयान की निंदा

हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता रावुला श्रीधर रेड्डी ने कांग्रेस की जय हिंद यात्रा के दौरान भारतीय सेना पर की गई गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की आलोचना की और सशस्त्र बलों को राजनीतिक बयानबाजी में घसीटने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान को खुश करने के लिए भारतीय सेना की ताकत पर सवाल उठाने के लिए रेवंत रेड्डी की आलोचना की।

शुक्रवार को तेलंगाना भवन में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्रीधर रेड्डी ने कहा कि रेवंत रेड्डी का यह दावा कि अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री होते तो पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) का भारत में विलय हो जाता, एक मज़ाक है। उन्होंने याद दिलाया कि कश्मीर मुद्दे के लिए सबसे पहले कांग्रेस ही जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि नकली देशभक्ति का पर्दाफाश होना चाहिए। पूरे देश को सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना चाहिए। मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह के बयान देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक है। उन्होंने याद दिलाया कि दिल्ली के 30 दौरे करने के बावजूद राहुल गांधी मुख्यमंत्री को मिलने का समय भी नहीं दे रहे हैं।

# तेलंगाना कांग्रेस द्वारा जाति जनगणना की भावना पर हमला : डॉ. श्रवण

## उदयपुर घोषणापत्र के साथ विश्वासघात का आरोप

हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी और वरिष्ठ नेता डॉ. श्रवण दासोजू ने आज एक तीखा बयान जारी कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा अनुमोदित और के.सी. वेणुगोपाल द्वारा घोषित तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) की शीर्ष समितियों में हाल ही में की गई नियुक्तियों की निंदा की, जिसे उदयपुर घोषणापत्र के साथ एक विनाशकारी विश्वासघात और तथाकथित जाति जनगणना और सामाजिक न्याय आंदोलन की आत्मा और उद्देश्य पर सीधा हमला बताया। डॉ. दासोजू ने कहा, ओबीसी, एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और महिलाओं के लिए न्याय कहां है- जो इस देश की रीढ़ हैं? 'जितनी आबादी, उतना हक' की भावना कहां है, जिसे राहुल गांधी ने गर्व के साथ भारत की दूसरी सामाजिक क्रांति की आधारशिला बताया था? उन्होंने बताया कि नवगठित समितियां : अभिजात वर्ग-प्रधान, सामंती-प्रधान, तथा यथास्थिति



को बनाए रखने के लिए सावधानीपूर्वक संरचित हैं, हाशिए पर पड़े समुदायों के विरूद्ध व्यवस्थित रूप से भेदभावपूर्ण, जिन्हें एक बार फिर वास्तविक राजनीतिक सशक्तीकरण से वंचित किया गया है, लैंगिक न्याय के कांग्रेस पार्टी के बार-बार वादों के बावजूद महिलाओं का घोर बहिष्कार है। नैतिक उल्लंघन पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. दासोजू ने आगे कहा, इससे भी अधिक शर्मनाक बात यह है कि वरिष्ठ नेता जो पहले से ही राज्य वित्त आयोग और कृषि आयोग जैसे संवैधानिक पदों पर हैं, उन्हें पार्टी में शीर्ष पदों पर नियुक्त किया गया है। चाहे यह निर्णय लापरवाही या अज्ञानता से उपजा हो, यह पार्टी अनुशासन का उल्लंघन है और लोकतांत्रिक नैतिकता का मखौल है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर उदयपुर घोषणापत्र के विकेंद्रीकरण, विविधता और लोकतंत्रीकरण के दृष्टिकोण को पूरी तरह से त्यागने का आरोप लगाया, तथा नवीनतम कार्यों को केंद्रीकृत विश्वासघात, सम्मान से वंचित करना और बहुजन सपने का अपमान कहा। जाति जनगणना कभी भी सांख्यिकी के बारे में नहीं थी, यह सम्मान, प्रतिनिधित्व और ऐतिहासिक रूप से वंचित लोगों को सत्ता का पुनर्वितरण करने के बारे में थी। लेकिन यह उन करोड़ों ओबीसी, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को क्या संदेश देता है जिन्होंने श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में विश्वास जताया है? डॉ. दासोजू ने सार्वजनिक रैलियों में 'जितनी आबादी, उतना हक' जैसे नारे लगाने और फिर इन समुदायों को निर्णय लेने की मेज पर जगह न देने को सरासर पाखंड बताया। डॉ. श्रवण ने आरोप लगाया कि ये नियुक्तियां उन लोगों का जानबूझकर दमन है जिन्होंने अपने खून, पसीने और विश्वास से कांग्रेस पार्टी का निर्माण किया है। यह सामाजिक न्याय के साथ विश्वासघात है। अंत में, डॉ. श्रवण दासोजू ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और विशेष रूप से तेलंगाना कांग्रेस से एक जोरदार अपील की, जड़ जमाए हुए सत्ता संरचनाओं के आधिपत्य से ऊपर उठो। यदि आप वास्तव में सामाजिक न्याय में विश्वास करते हैं, तो इसे अपनी पार्टी के भीतर लागू करना शुरू करें। राजनीतिक सुविधा नहीं बल्कि विवेक और संवैधानिक नैतिकता आपका मार्गदर्शन करे।

## खम्मम पुलिस ने की नकली बीज रैकेट पर कार्रवाई, 9 लोग गिरफ्तार

खम्मम, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। नकली बीज रैकेट पर कार्रवाई करते हुए खम्मम कमिश्नरेट पुलिस ने तीन गिरोहों के ठिकानों पर छापे मारे जो कुटीर उद्योग की तरह नकली बीज बना रहे थे। शुक्रवार को एनकूर में मीडिया से बात करते हुए पुलिस आयुक्त सुनील दत्त ने बताया कि पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में 14 लाख रुपये मूल्य के 560 किलोग्राम नकली बीज जब्त किए हैं और नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच जारी रहेगी। सरकारी आदेश के अनुसार किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज मिले, इसके लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई मशहूर ब्रांड के नाम पर नकली बीज बेचकर किसानों को ठगने की कोशिश करेगा तो उसे सजा दी जाएगी।

किसानों को भी बीज खरीदते समय सतर्क रहना चाहिए और किसी अनजान व्यक्ति से कम कीमत पर बीज खरीदकर धोखेबाजों के झांसे में नहीं आना चाहिए। कुछ बिचौलिए गिरोह बनाकर किसानों को कम कीमत पर बीज देने का झांसा देकर ठग रहे हैं और उन पर निगरानी रखी जा रही है। अगर किसी को नकली बीज बिकते हुए दिखे तो वे तुरंत मंडल कृषि अधिकारी या स्थानीय पुलिस को सूचित करें। दत्त ने कहा कि टास्क फोर्स की टीमें लगातार निगरानी करेंगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाजार में नकली बीज न बिकें। छापेमारी के दौरान पता चला कि एनकूर और कल्लूर मंडलों में सक्रिय स्थानीय गिरोह आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के विभिन्न स्थानों से नकली बीज खरीद रहे थे।

# दलित बंधु निधि के दुरूपयोग के बारे में एफजीजी प्रमुख ने सीएम को लिखा पत्र

हैदराबाद, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। फोरम फॉर गुड गवर्नेंस के अध्यक्ष एम. पद्मनाभ रेड्डी ने दलित बंधु निधि के दुरूपयोग के बारे में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को पत्र लिखा और उनसे योजना का मूल्यांकन करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि दलित बंधु को तेलंगाना में अनुसूचित जाति के परिवारों को बैंक ऋण घटक के बिना आय उत्पन्न करने वाली संपत्ति की स्थापना के लिए चरणबद्ध तरीके से वित्तीय सहायता के स्तर को बढ़ाने के लिए पेश किया गया था। इस योजना को (118) विधानसभा क्षेत्रों में लागू करने की योजना बनाई गई थी। कृषि, परिवहन क्षेत्र, विनिर्माण और उद्योग, खुदरा और दुकानें, सेवाएं और आपूर्ति, उपरोक्त में से लाभार्थी को अपनी पसंद की गतिविधि चुनने का विकल्प दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लाभार्थी को 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है, इसमें से 9.9 लाख उसके बैंक खाते में जारी किए जाते हैं और 0.1 लाख आम रक्षा कोष में जमा किए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान दलित बंधु कार्यक्रम के लिए 17,700 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई और सभी दलित परिवारों को कवर करने के लिए अगले पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। शुरू से ही योजना में दिक्कतें आने लगीं। लाभार्थियों के चयन में विधायकों और उनके समर्थकों ने अपनी पार्टी के लोगों को शामिल किया और उनका चयन किया। कुछ मामलों में, पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा चयनित सूची में लाभार्थी का नाम शामिल करने के लिए 2 से 3 लाख रुपये एकत्र किए गए। गतिविधियों के चयन की बात करें तो निर्देश स्पष्ट थे कि लाभार्थियों को योजना को धरातल पर उतारने से पहले प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए और क्षेत्र का दौरा किया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। गंभीर अनियमितताओं और सार्वजनिक धन की बर्बादी को देखते हुए, हमने कार्यक्रम के मूल्यांकन के लिए प्रतिनिधित्व किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। योजना को ज्यादातर करदाताओं के पैसे की कीमत पर राजनीतिक लाभ के लिए पेश किया गया था। मुख्यमंत्री ने योजना की शुरूआत करते समय स्पष्ट रूप से कहा था कि वह चुनावी लाभ के लिए योजना शुरू कर रहे हैं। दलित बंधु को सबसे पहले तुर्कपल्ली मंडल के वसलामर्री गांव में संतृप्ति मोड पर पेश किया गया था। फोरम फॉर गुड गवर्नेंस ने वसलामरी गांव में दलित बंधु कार्यक्रम का मूल्यांकन किया। हमारे सर्वेक्षण में हमने पाया कि 52 दलित परिवारों के मुकाबले 75 यूनिट बंद थीं। कुछ परिवारों को एक से अधिक यूनिट दी गई और लाभार्थियों के खातों में 6.5 करोड़ जमा किए गए। कुछ यूनिट बंद नहीं थीं और पूरी तरह से बंद यूनिट भी अपेक्षित आय नहीं दे रही थीं। प्रशिक्षण और फील्ड विजिट के अभाव में लाभार्थी योजना का प्रबंधन करने में सक्षम नहीं थे।

योजना बंद होने के छह महीने बाद, लाभार्थी ने परिवहन वाहन और ट्रैक्टर औने-पौने दामों पर बेच दिए। फोरम फॉर गुड गवर्नेंस का मानना है कि तेलंगाना के कई गांवों में यही स्थिति है। अब तक दलित बंधु पर 3,884 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जिसका गहन मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। पद्मनाभ रेड्डी ने कहा कि चूंकि चुनावी लाभ के लिए करदाताओं का बहुत सारा पैसा बर्बाद किया गया, इसलिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए।

## 'हैदराबाद मुत्तादी' विरोध प्रदर्शन से पहले छात्र नेता बारी अशोक कुमार गिरफ्तार

सूर्यापेट, 30 मई (स्वतंत्र वार्ता)। 'हैदराबाद मुत्तादी' विरोध प्रदर्शन आयोजित करने वाले 'बेरोजगार युवाओं' पर कार्रवाई के तहत सूर्यपेट पुलिस ने आत्मकुर (एस) मंडल में एक छात्र संगठन के नेता बारी अशोक कुमार को गिरफ्तार किया। प्रदर्शन का उद्देश्य राज्य में बेरोजगार युवाओं के मुद्दों को उजागर करना और सरकार से कार्रवाई की मांग करना था। विरोध प्रदर्शन को छात्रों और युवा कार्यकर्ताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। बारी अशोक कुमार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और कानून व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा से बचने के लिए उन्हें पास के पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.